राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 15 अप्रैल 2026

वर्ष 07, अंक 192, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

सीतापुर के युवाओं ने माय भारत बजट क्वेस्ट लखनऊ में चमक बिखेरी....03

543 से बढ़ाकर 850 होगी लोकसभा की सीटें, 2029 से लागू होगा महिला आरक्षण; प्रस्ताव...12

## होर्मुज पर हो-हल्ले के बीच आ रहा एक और जहाज, 15 अब भी फंसे; वापसी के लिए क्या कर रही सरकार?

**होर्मुज स्ट्रेट को पार करके एक और जहाज भारत आ रहा है. 11 अप्रैल को उसने होर्मुज को पार किया था. इस्लामाबाद में वार्ता फेल होने के बाद होर्मुज क्रॉस करने वाला ये भारत का पहला जहाज है. भारत के 15 जहाज अब भी वहां पर फंसे हुए हैं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



होर्मुज स्ट्रेट पर हो-हल्ले के बीच एलपीजी की खेप लेकर एक और जहाज भारत आ रहा है. जग विक्रम नाम के इस जहाज ने 11 अप्रैल को होर्मुज पार किया था और आज यानी 14 अप्रैल को इसके कांडला पोर्ट पहुंचने की उम्मीद है. जग विक्रम में 20,400 मिट्रिक टन एलपीजी है. जग विक्रम मार्च की शुरुआत से अब तक होर्मुज से निकलने वाला नौवां भारतीय जहाज है. वहीं, अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर के बाद होर्मुज को पार करने वाला ये पहला भारतीय जहाज है शनिवार को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में हुई अमेरिका-ईरान वार्ता के असफल रहने के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है. वाशिंगटन ने ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने या बाहर निकलने वाले जहाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है. ईरान ने भी अमेरिका को जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है।

**होर्मुज पर आर-पार**

कुछ जानकारों का कहना कि अमेरिका के लिए केवल बल प्रयोग के जरिए जहाजों की सामान्य आवाजाही बहाल करना मुश्किल होगा और अभी यह स्पष्ट भी नहीं है कि नाकेबंदी कैसे काम करेगी या अमेरिकी बलों के लिए क्या खतरे हो सकते हैं।

यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि यह नाकेबंदी सभी देशों के उन पोतों के खिलाफ निष्पक्ष रूप से लागू की जाएगी, जो ईरान के बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं या वहां से बाहर जा रहे हैं. सेंटकॉम ने कहा कि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच यात्रा करने वाले जहाजों को होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी जाएगी।

ईरान का कहना है, अगर तुम लड़ोगे, तो हम लड़ेंगे. ईरान के शीर्ष अधिकारियों ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी. सैन्य सलाहकार और रिवोल्यूशनरी गार्ड के पूर्व कमांडर मोहसेन रेजाई ने लिखा कि होर्मुज नाकेबंदी का मुकाबला करने के लिए देश की सशस्त्र सेनाओं के पास कई साधन मौजूद हैं। बता दें कि होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक ऊर्जा का महत्वपूर्ण मार्ग है. यहां से विश्व के समुद्री तेल व्यापार का 25 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है. इस जलमार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा से तेल और गैस की सप्लाई पर असर पड़ता है।

**होर्मुज में फंसे हैं 15 जहाज**

केंद्र सरकार के मुताबिक होर्मुज में 15 जहाज फंसे हैं. उनके निकालने का प्रयास जारी है. एक अधिकारी ने बताया कि सरकार फारस की खाड़ी में बदलती स्थिति पर सक्रिय रूप से नजर रख रही है. उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि फिलहाल इस क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं. पिछले 24 घंटे में भारतीय झंडे वाले किसी भी जहाज से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है। उन्होंने बताया कि अब तक 2,177 से ज्यादा भारतीय नाविकों की सुरक्षित वतन वापसी हुई है, जिनमें से 93 नाविक पिछले 24 घंटे में खाड़ी क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से वापस लौटे हैं. केंद्र सरकार ने ये भी बताया कि होर्मुज में कम से कम 15 भारतीय ध्वज वाले जहाज़ फंसे हुए हैं और उन्हें वापस लाने के प्रयास जारी हैं।

उथल-पुथल के बीच भारतीय नौसेना ने इस क्षेत्र में कर्मशियल शिप के साथ करीबी तालमेल बनाए रखने की पहल की है. फिलहाल, नेवी के कम से कम छह जहाज फारस की खाड़ी के पास तैनात हैं, जो संचार, निगरानी और सुरक्षित मार्ग से जुड़ी सलाह देने में मदद कर रहे हैं. भारत 28 देशों के साथ रियल-टाइम मैरिटाइम इंटेलिजेंस का समन्वय भी कर रहा है, ताकि खाड़ी और उससे सटे जलक्षेत्रों से होकर गुजरने वाले जहाजों की सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जा सके।

**कौन-कौन से जहाज आए वापस?**

शिवालिक, नंदा देवी, पाइन गैस, जग वसंत, ग्रीन सानवी, जग लाडकी, ग्रीन आशा, BW टीवाईआर, BW ईएलएम।

## 'खुद के AI सिस्टम विकसित करने होंगे', आर्मी कमांडर्स सम्मेलन में ये क्यों बोले कैबिनेट सचिव?

**आर्मी कमांडर्स सम्मेलन में मंगलवार को देश के कैबिनेट सचिव डॉ. टी. वी. सोमनाथन ने शिरकत की. इस दौरान उन्होंने कहा कि सिर्फ सेना या सरकार अकेले किसी चुनौती का सामना नहीं कर सकती, बल्कि इसके लिए पूरे देश को एकजुट होकर काम करना होगा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






आर्मी कमांडर्स सम्मेलन में मंगलवार को देश के कैबिनेट सचिव डॉ. टी. वी. सोमनाथन ने शिरकत की. इस दौरान सोमनाथन ने भारतीय सेना के सीनियर अधिकारियों को संबोधित करते हुए देश की सुरक्षा और तैयारी से जुड़े अहम मुद्दों पर जोर दिया. कैबिनेट सचिव सोमनाथन ने कहा कि भारत को अपने स्वयं के एआई सिस्टम विकसित करने होंगे. ताकि तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. उन्होंने बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

कैबिनेट सचिव का कहना था कि चुनौती के समय पूरे देश को एकजुट होकर काम करना होगा. इसके साथ ही उन्होंने मजबूत और भरोसेमंद सप्लाई चेन की आवश्यकता पर भी बल दिया, जिससे किसी भी वैश्विक संकट या तनाव के दौरान देश के हित सुरक्षित रह सकें. कैबिनेट सचिव ने सिविल और मिलिट्री के बीच बेहतर तालमेल को भी जरूरी बताया और कहा कि देश की सुरक्षा और विकास के लिए Whole-of-Nation Approach यानी पूरे राष्ट्र के समन्वित प्रयास बेहद अहम हैं।

उन्होंने आत्मनिर्भर भारत (आत्मनिर्भर भारत) को सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय सोच बताया, जिसमें हर नागरिक, हर संस्था और हर क्षेत्र की भागीदारी जरूरी है. यह संबोधन आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस के तहत चल रही उन चर्चाओं का हिस्सा है, जिनका मकसद देश की सुरक्षा, तैयारी और कई संस्थाओं के बीच बेहतर तालमेल को मजबूत करना है।

**नागरिक और सैन्य संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता**

नई दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में कैबिनेट सचिव डॉ. टी. वी. सोमनाथन ने कहा कि वैश्विक स्तर पर लगातार बदलते हालात, संघर्षों और आर्थिक उतार-चढ़ाव के बीच यह जरूरी है कि भारत की सप्लाई चेन इतनी मजबूत हो कि किसी भी संकट की स्थिति में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता बनी रहे. गौरतलब है कि इससे देश की रक्षा तैयारियों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा. डॉ. सोमनाथन ने नागरिक और सैन्य संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता को भी रेखांकित करते हुए विस्तार से बताया।

**सेना या सरकार अकेले नहीं कर सकती चुनौती का सामना**

उन्होंने कहा कि सिर्फ सेना या सरकार अकेले किसी चुनौती का सामना नहीं कर सकती, बल्कि इसके लिए पूरे देश को एकजुट होकर काम करना होगा. उन्होंने संपूर्ण राष्ट्र के दृष्टिकोण को अपनाने की बात कही, जिसमें सरकार, उद्योग, शैक्षणिक संस्थान और आम नागरिक सभी अपनी भूमिका निभाएं. संबोधन के दौरान उन्होंने आत्मनिर्भरता को केवल एक सरकारी नीति नहीं, बल्कि एक सोच बताया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### छतनाग में गंगा स्नान करते दो किशोर डूबे, एक का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोहम आश्रम, छतनाग के नीचे गंगा नदी में मंगलवार को नहाते समय दर्दनाक हादसा हो गया। गंगा में स्नान करने गए दो लड़के अचानक गहराई में चले जाने से डूब गए, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों किशोर अपने साथियों के साथ गंगा में नहा रहे थे। इसी दौरान वे धीरे-धीरे गहरे पानी में चले गए और तेज बहाव के कारण खुद को संभाल नहीं सके। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक दोनों पानी में समा चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही झूंसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। काफी प्रयास के बाद एक किशोर का शव बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरे की तलाश देर शाम तक जारी रही। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, लापता किशोर के परिजन भी घटनास्थल पर मौजूद हैं और उसके मिलने की उम्मीद में लगातार बचाव कार्य पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस ने बरामद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही, लापता किशोर की तलाश के लिए गोताखोरों द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### ससजपा कैंप कार्यालय में मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**गोपीगंज।** सर्व समाज जनहित पार्टी के कैंप कार्यालय नारायणी कटरा गोपीगंज मे भारतीय संविधान के शिल्पकार,आधुनिक भारत के निर्माता,शोषित पीड़ित और नारीमुक्त,मानवता के मसीहा, विश्व ज्ञान के दीपक,भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वां जन्मदिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। अंबडेकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व की चर्चा की गई।राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह ने बाबा साहब के व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए उन्हें भारतीय संविधान का शिल्पकार, आधुनिक भारत का निर्माता, शोषित पीड़ित और नारीमुक्त, मानवता का मसीहा बताया। इस मौके पर सिंटू शुक्ला,धनेश पंडा, योगेश पाठक आनंद त्रिपाठी, सतीश चंद्र पांडेय, कैशर खान प्रमोद विश्वकर्मा, रामबाबू, रमेश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## जस्टिस शेखर यादव कल होंगे रिटायर, महाभियोग प्रस्ताव होगा खत्म

● **इलाहाबाद हाईकोर्ट में फुल कोर्ट रेफरेंस,बयानों से विवादों में रहे।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस शेखर कुमार यादव बुधवार (15 अप्रैल) को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं, जबकि उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पिछले एक साल से अधिक समय से लंबित है। उनके रिटायर होने पर अब महाभियोग का प्रस्ताव निरर्थक (बेकार) हो जाएगा। जस्टिस यादव ने 12 दिसंबर 2019 को हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी और 26 मार्च 2021 को उन्हें स्थायी न्यायाधीश बनाया गया।

**आपत्तिजनक शब्दों की खूब आलोचना हुई।**

8 दिसंबर 2024 को प्रयागराज में विश्व हिंदू परिषद के विधिक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में 'समान नागरिक संहिता की संवैधानिक आवश्यकता' विषय पर व्याख्यान देते हुए जस्टिस यादव ने कहा था कि देश बहुसंख्यक समाज की इच्छाओं के अनुसार चलेगा। इस दौरान उन्होंने एक आपत्तिजनक शब्द का भी प्रयोग किया, जिसकी व्यापक आलोचना हुई। इस भाषण पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यादव से स्पष्टीकरण मांगा था। यही नहीं उनसे कहा गया था कि आप खेद प्रकट कर दीजिए, परंतु उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया था और कहा था कि उन्होंने ऐसा कुछ भी गलत नहीं बोला है।


**13 दिसंबर को महाभियोग प्रस्ताव।**

इसके बाद 13 दिसंबर 2024 को उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव राज्यसभा के महासचिव को सौंपा गया, जिस पर 55 सांसदों के हस्ताक्षर थे, जो आवश्यक 50 सांसदों की संख्या से अधिक है। हालांकि यह महाभियोग प्रस्ताव अभी भी राज्यसभा में लंबित है, लेकिन इससे पहले ही जस्टिस यादव सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके रिटायरमेंट के अवसर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में फुल कोर्ट रेफरेंस आयोजित गया है। फुल कोर्ट रेफरेंस बुधवार को चीफ जस्टिस की कोर्ट में अपराह्न 3.45 पर रखा गया है। इसमें हाईकोर्ट के सभी जजों के अलावा बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सदस्य तथा हाईकोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारी शामिल होंगे। हाईकोर्ट की तरफ से सभी को शामिल होने का निमंत्रण भेजा गया है।

## राज्यसभा उपसभापति चुनाव पर घमासान, विपक्ष खड़ा कर सकता है अपना उम्मीदवार, किसके नाम पर चल रहा विचार?

● **राज्यसभा उपसभापति चुनाव पर घमासान, विपक्ष खड़ा कर सकता है अपना उम्मीदवार, किसके नाम पर चल रहा विचार?**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



राज्यसभा उपसभापति चुनाव को लेकर सियासी संग्राम छिड़ गया है. विपक्ष भी चुनाव लड़ने पर गंभीरता से विचार कर रहा है. बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के आवास पर होने वाली विपक्ष की बैठक में उम्मीदवार का नाम भी तय हो सकता है. सूत्रों से पता चला है कि राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा विपक्ष के उम्मीदवार हो सकते हैं. क्योंकि उम्मीदवारी की रेस में मनोज झा सबसे आगे चल रहे हैं।

बताया जा रहा है कि संख्या बल साथ नहीं होने के बावजूद भी विपक्ष राज्यसभा उम्मीदवार खड़ा करने के बारे में सोच रहा है. हालांकि अभी तक विपक्ष की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है. विपक्ष का कहना है कि लोकसभा में अरसे से डिप्टी स्पीकर का पद खाली है, वहां सरकार आपसी सहमति की बात नहीं करती. इसलिए हम अंकगणित के हिसाब से नहीं बल्कि विचारधारा के आधार पर लड़ाई लड़ने का मन बना रहे हैं. इससे पहले विपक्ष ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति का चुनाव भी अंकगणित खिलाफ होने के बावजूद लड़ा था. उस दौरान भी विपक्ष ने इसे विचारधारा का हवाला दिया था. ऐसे में विपक्ष की तरफ से एकमेडिशियन और राजद सांसद मनोज झा उम्मीदवारी की रेस में सबसे आगे हैं।

**कौन हैं राजद सांसद मनोज झा?**

वर्तमान में मनोज झा राज्यसभा के सदस्य होने के साथ-साथ रराष्ट्रीय जनता दल (RJD) के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी हैं. 15 मार्च, 2018 को, वे बिहार राज्य से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए थे. मनोज बिहार के सहरसा जिले के रहने वाले हैं. उन्होंने 1994 से 2002 तक जामिया मिल्लिया इस्लामिया के समाज कार्य विभाग में लेक्चरर के तौर पर काम किया. मनोज स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, दिल्ली में विजिटिंग फैकल्टी सदस्य के तौर पर भी काम करते हैं. वह दिल्ली विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग में प्रोफेसर रहे हैं और 2014 से 2017 के बीच इसके प्रमुख रहे हैं।

**हरिवंश हो सकते हैं एनडीए के उम्मीदवार**

राज्यसभा के उपसभापति पद के लिए चुनाव 17 अप्रैल को होना तय है. बताया जा रहा है कि सत्तारूढ़ एनडीए इस पद के लिए एक बार फिर हरिवंश पर दांव लगाने की तैयारी में है. यह पद 9 अप्रैल को हरिवंश का कार्यकाल खत्म होने के बाद खाली हो गया था. इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें दोबारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया और उन्होंने 10 अप्रैल को शपथ ली थी. सूत्रों से पता चला है कि एनडीए में शामिल सभी दलों ने हरिवंश के नाम पर मुहर भी लगा दी है।

**15 अप्रैल की बैठक में विपक्ष लेगा फैसला**

वहीं विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस के नेतृत्व में 15 अप्रैल को एक अहम बैठक होने जा रही है. जानकारी के मुताबिक, इस बैठक में महिला आरक्षण बिल के साथ-साथ उपसभापति चुनाव के मुद्दे पर भी चर्चा हो सकती है. इस बैठक के बाद विपक्ष तय करेगा कि वह अपना उम्मीदवार उतारेगा या सरकार के प्रस्ताव पर सहमति देगा।

## अंबेडकर जयंती पर सेवा भारती का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**झूंसी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर झूंसी स्थित कॉलोनी में सेवा भारती समिति द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फुलपुर विधायक दीपक पटेल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम प्रयागराज के नामित पार्षद अरुण कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। अतिथियों ने शिविर में पहुंचकर चिकित्सकों एवं सेवा कार्य में लगे कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को याद करते हुए समाज सेवा और समानता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। खासतौर पर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे उन्हें बेहतर उपचार मिल सके।

## अस्पतालों पर आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद मरीजों से रुपए लिए जाते है : नही दी जाती है खर्च बिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हरीश कुमार चौधरी




**सिद्धार्थनगर/** गरीबों के लिए वरदान मानी जाने वाली आयुष्मान भारत योजना में गड़बड़ी कर कुछ हॉस्पिटल दिन दूना रात चौगुन रफ्तार से बढ़ रहे है। सिद्धार्थनगर जिले में जिला मुख्यलय से लगायत तहसील व कस्बों में स्थित कुछ प्राइवेट अस्पतालों में जहां आयुष्मान कार्डधारकों को फ्री में इलाज और ऑपरेशन की व्यवस्था सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है, लेकिन कुछ अस्पताल प्रबंधन द्वारा आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद मरीजों रुपये की अवैध वसूली की जाती है। जबकि नगद रहित है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आयुष्मान कार्ड धारक मरीज से कतिपय अस्पतालों द्वारा न केवल नगद राशि ली जाती है, बल्कि उन्हें इस भुगतान का कोई आधिकारिक बिल भी नहीं दिया जाता है। सूत्रों की मानें तो जिले के कुछ अस्पताल आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों के नाम पर बिल बाउचर बढ़ा चढ़ा कर इलाज की राशि निकाल ली जाती है। यानी अस्पताल प्रबंधन द्वारा सरकार और गरीब मरीज, दोनों को एक साथ चूना लगाया जाता है। सरकार गरीब तपके लोग का आयुष्मान कार्ड इसीलिए बनवाया है ताकि मुसीबत में काम आए। लेकिन जनपद के कतिपय प्राइवेट अस्पताल आयुष्मान कार्ड धारकों के मरीजों का रुपये लेकर इलाज और ऑपरेशन करते है। आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों के साथ किये गए धोखाधड़ी के खुलासे के लिए जिला प्रशासन टीम गठित कर जिले में आयुष्मान कार्ड धारकों जिन लोगों ने कतिपय हॉस्पिटलों में इलाज और ऑपरेशन कराया है ऐसे अस्पताल संचलकों ने कागज तैयार कर (बिल बाउचर) लगा कर भुगतान लिया हो और टीम द्वारा उन लोगों से सम्पर्क कर जांच की जाय जिन मरीजों के आयुष्मान कार्ड पर धन की निकासी की गई हो और मरीजों से पूछा जाय की इलाज और ऑपरेशन के नाम पर सम्बंधित अस्पताल द्वारा पैसा लिया गया था की नही, यदि मामला सही पाए जाते हैं, तो उन अस्पताल का लाइसेंस रद्द होने के साथ-साथ प्रबंधन पर आपराधिक प्रकरण भी दर्ज करने की लोगों ने मांग की है।

## दिल्ली: ब्रिगेडियर और उनके बेटे से मारपीट मामले पर एलजी सख्त, पीड़ित परिवार की बढ़ाई सुरक्षा, सीपी से बोले- जिम्मेदार लोगों पर हो एक्शन

**दिल्ली** के दक्षिण पश्चिम दिल्ली के वसंत एन्क्लेव इलाके में कार में शराब पीने का मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है. शुरू में मामले में कोई एक्शन नहीं लेने वाली दिल्ली पुलिस अब एफआईआर दर्ज कर जांच में लगी है. इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने भी इस घटना को लेकर दुख जताया है. साथ ही पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिया कि मामले के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाए. साथ ही पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाए। वसंत एन्क्लेव घटना पर दिल्ली के एलजी संधू ने सोशल मीडिया x पर पोस्ट कर कहा, 'मैं वसंत एन्क्लेव में हुई घटना से बहुत चिंतित हूं, जिसमें भारतीय सेना के एक सेवारत ब्रिगेडियर, उनकी पत्नी और उनके 23 साल के बेटे (जो आईआईटी दिल्ली से ग्रेजुएट हैं) पर हमला किया गया.' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने खुद ब्रिगेडियर पी.एस. अरोड़ा से बात करके घटना के बारे में जानकारी ली और उनका हालचाल जाना।

**तेजी से जांच कराने और कार्रवाई के आदेश**

उपराज्यपाल संधू ने कहा, 'मैंने घटना को लेकर दिल्ली के पुलिस कमिश्नर से भी बात की और उन्हें निर्देश दिया कि वे इस मामले की पूरी और तेजी से जांच सुनिश्चित करें, ताकि इस घटना के लिए जो जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ तुरंत और उचित कार्रवाई की जा सके।' पीड़ित परिवार की सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा, 'मैंने दिल्ली पुलिस को यह भी निर्देश दिया है कि वे उस अधिकारी और उनके परिवार को पूरी सुरक्षा प्रदान करें. हम अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।'

**कार में शराब पीने को लेकर हुआ विवाद**

इससे पहले वसंत एन्क्लेव इलाके में कार में शराब पीने का विरोध करने पर सेवारत ब्रिगेडियर और उनके आईआईटी ग्रेजुएट बेटे पर कुछ लोगों ने कथित तौर पर हमला कर दिया. यही नहीं इस सैन्य अधिकारी की पत्नी को भी धमकाया गया. पुलिस के मुताबिक, यह घटना पिछले हफ्ते शनिवार का है. सैन्य अधिकारी ने अपने घर के पास खड़ी लग्जरी कार के अंदर 2 लोगों के शराब पीने पर आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। पुलिस का कहना है कि ब्रिगेडियर ने जब इस पर आपत्ति जताई, तो घटनास्थल पर एकत्र लोगों के एक ग्रुप ने उन पर और उनके बेटे पर हमला किया, साथ ही उनकी पत्नी को धमकी भी दी. सोशल मीडिया के जरिए मामले सामने आने के बाद पहले शिकायत नहीं लिखने वाली दिल्ली ने मामले का संज्ञान लेते हुए एफआईआई दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



**FIR दर्ज, पुलिस ने शुरू की मामले की जांच**

दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 126(2) (गलत तरीके से रोकना), 351(2) (आपराधिक धमकी), 79 (किसी महिला की गरिमा का अपमान करने या उसकी निजता का उल्लंघन करने के इरादे से कोई शब्द, इशारा, कार्य), 191(2) (दंगा) और 190 (गैरकानूनी सभा) के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने यह भी कहा, 'हमने एफआईआर दर्ज कर ली है. आरोपियों की तलाश की जा रही है. शुरुआती जांच के दौरान निरीक्षक या जांच अधिकारी की ओर से लापरवाही पाई गई है, जिसके चलते उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है.' इस बीच भारतीय सेना ने भी इस घटना का संज्ञान लिया है. सेना की ओर से कहा गया, 'भारतीय सेना ने मामले का गंभीर संज्ञान लिया है. सेना पुलिस के एक दल को अधिकारी की सहायता के लिए भेजा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ जिलाधिकारी के अध्यक्षता में मनाया गया



**बस्ती** – बस्ती जिले के जिलाधिकारी भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने की। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना, अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान तथा मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि डा0 अम्बेडकर जी का जीवन संघर्ष, समर्पण एवं सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का अद्वितीय उदाहरण है। उनके द्वारा निर्मित संविधान आज भी देश को एकता, समानता एवं न्याय के मार्ग पर अग्रसर कर रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारत के संविधान के प्रति निष्ठा, सामाजिक समरसता एवं समानता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कानपुर में बुंदेलखंड कांग्रेस सेवादल ने मनाई डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती



**कानपुर।** आज बाबा साहेब डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती पर बुंदेलखंड कांग्रेस सेवादल के अन्तर्गत कानपुर नगर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष सुशील सोनी एवं जिला सचिव डॉ आर. के. सिंह के संयोजन में प्रदेश अध्यक्ष श्री लक्ष्मी नारायण दीक्षित जी की उपस्थित में माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गयी जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दीक्षित ने बताया कि बाबा साहब का जीवन संघर्षो से परिपूर्ण उनका जीवन सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने दलितों, पिछड़े और शोषित वर्गो के अधिकारों, उत्थान और सम्मान के लिए आजीवन संघर्ष कर सामाजिक परिवर्तन की दिशा में मज़बूत कदम उठाए। जिलाध्यक्ष सुशील सोनी जी ने कहा भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री के रूप में उनका अतुलनीय योगदान सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उनके विचार और संविधान में निहित समानता का अधिकार हमें समावेशी और सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते रहेंगे7 कार्यक्रम में मुख्य रूप से- जिलाध्यक्ष सुशील सोनी,जिला सचिव डॉ.आर.के सिंह, शिक्षक रश्मि सोनी,सुरेश पाल,अशोक सोनी,राजेश शर्मा,अखिलेश वर्मा, डॉ.ए.एल निषाद, दिनेश पांडे,राजेंद्र सोनी,नीलम मिश्र, विमल वर्मा, महेंद्र सिंह यादव, गोविंद सचान,मानसिंह यादव आदि लोग उपस्थित रहे ।

### डा.भीमराव अंबेडकर ने समाज मे समानता और भाईचारा स्थापित किया : रामनरेश दुबे

**अम्बेडकर जयंती पर श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित**

**ललितपुर।** भारतरत्न एवं संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जनपद में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे ने कहा कि डा.अंबेडकर ने समाज के वंचित और पिछड़े वर्गो को अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के महत्व को बताते हुए एक मजबूत और समतामूलक समाज की नींव रखी। आयोजित कार्यक्रमों में सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान महासचिव शशिकांत दीक्षित ने कहा कि डा.अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और उनके आदर्शो को अपनाकर ही समाज में समानता, भाईचारा और न्याय स्थापित किया जा सकता है। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। बैठक मे नेहा तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक, प्रवक्ता एड. गौरव जैन, पवन विश्वकर्मा, सीताराम राय, सुनील अहिरवार, सूर्य राजा बुंदेला, असलम खान, दिनेश रजक, मकरंद किलेदार, महेंद्र, मोहन सिंह चंदेल, हीरालाल सेन, रामसिंह यादव, संतोष राय आदि उपस्थित थे।

# अंबेडकर जयंती पर वरिष्ठ भाजपा नेता ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

**●उक्त अवसर पर उपस्थित हजारों की संख्या में अनुयायियों और क्षेत्रवासियों ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शुकुल बाजार, अमेठी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शुकुल बाजार स्थित अंबेडकर चौराहा श्रद्धा, सम्मान और उत्साह का केंद्र बन गया। इस पावन अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम के दौरान गिरीश चंद्र शुक्ला ने बाबा साहब के जीवन और उनके संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का मजबूत आधार प्रदान किया।इस अवसर पर उपस्थित हजारों की संख्या में अनुयायियों और क्षेत्रवासियों ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। पूरे क्षेत्र में जयंती को लेकर उत्सव जैसा माहौल रहा। लोगों ने झांकी, प्रभात फेरी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलकर ही समाज में समरसता और समानता स्थापित की जा सकती है। इस दौरान युवाओं को उनके आदर्शों को अपनाने और शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने का संदेश भी दिया गया।

अंबेडकर जयंती के इस भव्य आयोजन ने न केवल बाबा साहब के प्रति लोगों की आस्था को दर्शाया, बल्कि उनके विचारों को आत्मसात करने की प्रेरणा भी दी।बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महती भूमिका निभाई एवं सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की मजबूत नींव रखी।डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी हमें एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रेरित करते हैं।

## शिक्षित बनो, संगठित बनो व संघर्ष करो के उपदेश को आत्मसात करने का दोहराया संकल्प

**देवरिया।** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल के नेतृत्व में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती श्रद्धा पूर्वक आयोजित की गई। पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जिलाध्यक्ष ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों एवं उनके जीवन संघर्ष के बारे में चर्चा की। उनके शिक्षित बनो, संगठित बनो व संघर्ष करो के उपदेश को आत्मसात करने की बात कही। उपस्थित कांग्रेस जनों ने वंचित व शोषित तबके के लोगों को जागरुक करने एवं सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अरविन्द शाही, अब्दुल जब्बार, रामशीष साहनी, जुलेखा खातून,भरत मणि त्रिपाठी, नौशाद खान एपी,मुकुंद भास्कर मणि, वरुण राय,संजीव कुमार मिश्रा,शहनाज जफर, मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, रजनीश प्रसाद,मिर्जा खुर्शीद अहमद, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय,शिव शंकर सिंह,विजय शंकर मिश्रा, सुभाष राय, जवाहरलाल बरनवाल, सत्यप्रकाश मणि जवाहरलाल चौहान,सुहेल अंसारी,पन्नालाल पाठक,राजकुमार यादव, रमेश कुशवाहा, धर्मवीर भारती, डॉ.सी.पी.चौहान, निर्मला वर्मा, योगेश मिश्रा, गोपाल दुबे, वासुदेव तिवारी, डॉ.संजय गुप्ता, दुर्गेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# नारी शक्ति की यही पुकार, अबकी बार भाजपा सरकार - आशा बाजपेई

**●बंगाल में बदलाव की बयार, महिला सम्मेलन में गूंजा भाजपा का संकल्प**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अमेठी/पश्चिम बंगाल।** भारतीय जनता पार्टी अमेठी की महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान जिला मंत्री आशा वाजपेई ने पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा की जीत का दावा करते हुए कहा कि इस बार प्रदेश में 'प्रचंड कमल' खिलेगा और पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी।मालदा विभाग के उत्तर मालदा जिले की हबीबपुर विधानसभा में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए आशा वाजपेई ने कहा कि अब बंगाल की जनता बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में जनता ने अत्याचार और उपेक्षा झेली है, जिसका अंत अब निश्चित है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में 'नया बंगाल, विकसित बंगाल' का सपना साकार होगा और राज्य को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा।इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि बंगाल की महिलाओं का विश्वास अब भाजपा के साथ है और युवा वर्ग भी परिवर्तन का वाहक बन चुका है। उन्होंने नारी शक्ति का आह्वान करते हुए नारा दिया– 'नारी शक्ति की यही पुकार, अबकी बार भाजपा सरकार। '

आशा वाजपेई ने सम्मेलन में नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित संकल्प पत्र की प्रमुख योजनाओं और नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य समाज के हर वर्ग का समग्र विकास करना है और यही संकल्प बंगाल के उज्ज्वल भविष्य की नींव बनेगा।पिछले कई दिनों से आशा वाजपेई क्षेत्र में घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रही हैं और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही हैं। उनके नेतृत्व में चल रहा यह प्रचार अभियान स्थानीय स्तर पर व्यापक समर्थन प्राप्त कर रहा है।महिला सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि बंगाल में बदलाव की लहर तेज हो रही है।

## समर्पण की पहचानः दीपक पाठक बनें शुकुल बाजार ब्लॉक मीडिया प्रभारी

**●लेखनी का असरःज्योति शक्ति कलश यात्रा में योगदान पर दीपक पाठक होंगे सम्मानित**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शुकुल बाजार,अमेठी।** गायत्री शक्तिपीठ अमेठी के संगठनात्मक विस्तार के तहत ब्लॉक स्तर पर मीडिया प्रभारियों की नियुक्ति में दीपक पाठक का नाम प्रमुखता से उभरकर सामने आया है। जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार तिवारी द्वारा जारी सूची में उन्हें शुकुल बाजार ब्लॉक का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।यह जिम्मेदारी उनके निरंतर समर्पण, अनुशासन और सक्रिय भागीदारी का परिणाम मानी जा रही है। दीपक पाठक लंबे समय से गायत्री परिवार से जुड़े रहकर सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाते आए हैं। उनकी कार्यशैली में निष्ठा, प्रतिबद्धता और समाजहित की स्पष्ट झलक देखने को मिलती है।उनकी नियुक्ति से संगठन को नई मजबूती मिलने के साथ-साथ क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है। इस उपलब्धि पर वरिष्ठ नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, अशोक शर्मा सहित हजारों लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।अमेठी की पावन धरा पर 15 से 19 अप्रैल तक आयोजित संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा के दौरान 16 अप्रैल को विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज जागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।इस क्रम में दीपक पाठक को ज्योति शक्ति कलश यात्रा में उनके उल्लेखनीय सहयोग और प्रभावशाली लेखनी के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने अपनी रचनात्मकता और सक्रियता से कार्यक्रम को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे उन्हें 'कलम के सिपाही' के रूप में विशेष पहचान मिली है।यह सम्मान न केवल उनके कार्यों की सराहना है, बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। दीपक पाठक ने इस उपलब्धि पर गायत्री परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आगे भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ समाज और संगठन के लिए कार्य करते रहेंगे।

# बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जनपद भर में हुआ माल्यार्पण व पुष्पांजलि कार्यक्रम

**●जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अध्यक्षता में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा उपस्थित लोगों को संविधान की शपथ भी दिलाई गई**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गौरीगंज,अमेठी ।** भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को जनपद अमेठी के सभी बूथों एवं विभिन्न स्थानों पर स्थापित उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक जयंती मनाई गई।अमेठी स्थित अंबेडकर तिराहा पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अध्यक्षता में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा उपस्थित लोगों को संविधान की शपथ भी दिलाई गई।प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी शंकर गिरी ने जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के करौली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय संविधान की प्रस्तावना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'हम भारत के लोग' की भावना देश को एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित करती है, जो सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता प्रदान करने का संकल्प लेती है।

उन्होंने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बाबा साहब से जुड़े पंचतीर्थ स्थलों का निर्माण कर उनकी विरासत को संरक्षित करते हुए उन्हें उचित सम्मान देने का कार्य किया है।इसी क्रम में चन्द्रमौलि सिंह एवं मंडल अध्यक्ष मनोज पासी ने जामो ब्लॉक के लालूपुर ढबिया गांव के महापुर में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों एवं विभिन्न स्थानों पर स्थापित प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई।

## अंबेडकर जयंती पर महावीर प्याऊ के सामने निशुल्क पेयजल सेवा

**ललितपुर।** भारतरत्न डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर स्थानीय महावीर प्याऊ के सामने निशुल्क पेयजल सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। आयोजकों ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है, इसी उद्देश्य से इस स्थान का चयन किया गया, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन रहता है। कार्यक्रम के दौरान ठंडे पानी के करीब 25 कैंपर की व्यवस्था की गई। दोपहर 2 बजे तक लगभग 5 हजार राहगीरों और जुलूस में शामिल लोगों ने पेयजल सेवा का लाभ उठाया। गर्मी से राहत पाकर लोगों ने इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर जगदीश कुमार कालरा ने कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार की सेवा ही बाबा साहब के विचारों को जीवंत बनाए रखने का माध्यम है। कार्यक्रम में सुरेंद्र जैन, इमृत कुशवाहा, अवधेश तिवारी, नरेश, प्रमोद जैन, अजय जैन सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## कूटरचित दस्तावेजों से बनवाया पासपोर्ट, मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** जनपद के श्रीदत्तगंज थाने में पासपोर्ट बनवाने में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता की सूचना के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोपी ने कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल कर पासपोर्ट हासिल किया है। जांच के दौरान दस्तावेजों में नाम, जन्मतिथि व अन्य विवरणों में हेरफेर पाया गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चीती निवासी मोहम्मद वसीम उर्फ मो. वसीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक व नोडल अधिकारी पासपोर्ट विशाल पांडेय के निर्देश पर थाना श्रीदत्तगंज के दरोगा अरूण कुमार पाटिल ने 13 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई।बताया कि शिकायत मिलने पर श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के ग्रामी चीती निवासी मोहम्मद वसीम उर्फ मो. वसीम के पासपोर्ट की लखनऊ कार्यालय से जांच कराई। क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र प्रताप सिंह ने मामले की जांच की। जांच में पाया गया कि आरोपी ने दो पासपोर्ट बनवाए हैं। आरोपी ने पहले वर्ष 2011 में मोहम्मद वसीम के नाम से पासपोर्ट बनवाया। इसमें आरोपी की जन्मतिथि 28 नवंबर 1988, पिता का नाम मोहम्मद लतीफ और मां का नाम नाविहुन था, जबकि पत्नी का नाम नहीं था। आरोपी ने वर्ष 2025 में मो. वसीम के नाम से दूसरा पासपोर्ट बनवाया, जिसमें जन्मतिथि 10 अप्रैल 1989, पिता का नाम मो. लतीफ, मां का नाम नाबिहुन निशा, पत्नी का नाम अफसाना और पता 24-चीती पोस्ट चमरुपुर दर्शाया। आरोपी ने कूटरचित दस्तावेजों के सहारे दो पासपोर्ट बनवाया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अलग-अलग पहचान और पते का उपयोग कर पासपोर्ट आवेदन किया था। संबंधित विभागों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ने नियमों को दरकिनार कर दस्तावेज तैयार कराए। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस व संबंधित एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और पूरे प्रकरण की गहन जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष अविरल शुक्ल ने बताया कि ग्राम चीती निवासी मोहम्मद वसीम उर्फ मो. वसीम के खिलाफ फर्जी तरीके से दो से अधिक पासपोर्ट बनवाने के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की गहन जांच की जा रही है।

## नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**ललितपुर।** आदर्श सेन समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में सेन समाज की आराध्य संत शिरोमणि सेनजी महाराज जी की 726 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा बड़ी भव्यता के साथ श्रीतुवन मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर कंपनी बाग, घंटाघर, सावरकर चौक साई मंदिर से होकर तुवन पर समापन किया गया। इस दौरान सेन भक्तजी महाराज, नारायणी माता, रानी लक्ष्मीबाई आदि स्वरूपो में मनमोहक बच्चों की छवि सभी का मन मोहा। शोभायात्रा के दौरान अनेक संगठनों ने शोभा यात्रा का भव्य पुष्प वर्षा का स्वागत किया। इस दौरान व्ही.-5 संगठन, नितिन डीजे, समाजवादी पार्टी आदि संगठनों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा की अगुवानी चंद्रशेखर ने की। इस दौरान अखाड़े के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान सेन समाज जिलाध्यक्ष शोभाराम, महामंत्री सौरभ सेन, कोषाध्यक्ष खुशीलाल सेन, माते रूपेंद्र सेन, एड.दीपक सेन, शंकर सेन, चक्रेश सेन, बलराम सेन, नीरज सेन, दयाराम सेन, संतोष सेन, काशीराम सेन, धर्मदास सेन, पर्वत सेन, प्रभु सेन, प्रेमनारायण सेन, पुनीत याग्निक, आकाश सेन, प्रकाश सेन, भगवत सेन, राममूर्ति सविता के अलावा भारी संख्या में स्वजातीय सेन बंधु मौजूद रहे।

## भव्य रैली के साथ मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती, ज्योति बुद्ध बिहार पचपेड़वा बना केंद्र

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलरामपुर** – भारतीय संविधान निर्माता परम पूज्य डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर पचपेड़वा स्थित ज्योति बुद्ध बिहार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुरानी बाजार पचपेड़वा से जूड़ीकुंइया तक एक विशाल रैली यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू रहे, जबकि आयोजन की जिम्मेदारी सोमई प्रसाद द्वारा निभाई गई। रैली में नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ अप्पू जायसवाल, मंडल महामंत्री राम विलास विश्वकर्मा, छोटकऊ प्रसाद, विजय पाल प्रजापति, दद्दन कुमार गौतम, सोहन लाल, मुकेश कुमार, स्यंवर निसाद सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।

रैली के दौरान बाबा साहेब के चित्र को सुसज्जित वाहन पर स्थापित कर पूरे मार्ग में भ्रमण कराया गया। 'जय भीम' और 'संविधान निर्माता अमर रहें' जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया और बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा समाज को दिए गए समानता, शिक्षा और अधिकारों के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके विचारों को अपनाकर ही एक मजबूत और समान समाज का निर्माण संभव है। इस आयोजन के दौरान सामाजिक एकता, भाईचारे और जागरूकता का अद्भुत संदेश देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा और लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया।

# बलरामपुर डबल मर्डरः सड़क हादसा मामले में हत्या का खुलासा:4 आरोपी गिरफ्तार, प्रेमिका ने पति साथ रची थी हत्या की साजिश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर-** बलरामपुर में सड़क दुर्घटना समझे जा रहे दो युवकों की मौत का मामला अब दोहरे हत्याकांड में बदल गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने हत्या के बाद शवों को सड़क किनारे फेंककर इसे हादसा दिखाने की कोशिश की थी।घटना 13 अप्रैल 2026 की सुबह महाराजगंज तराई थाना क्षेत्र में सामने आई। सड़क किनारे एक मोटरसाइकिल के पास दो युवक अचेत अवस्था में पड़े मिले थे। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**हादसे से हत्या तक पहुंची जांच**

रमवापुर निवासी प्रमोद की तहरीर पर मृतकों की पहचान मनोज और दीपचंद उर्फ छोटू के रूप में हुई। शुरुआत में मामला सड़क दुर्घटना का माना गया। लेकिन पुलिस ने जब कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्य खंगाले, तो मामला हत्या में बदल गया।

**प्रेम प्रसंग बना हत्या की वजह**

जांच में खुलासा हुआ कि दीपचंद का खुशबू वर्मा से विवाह पूर्व प्रेम संबंध था, जो शादी के बाद भी जारी रहा। बताया गया कि दीपचंद के पास खुशबू की कुछ पुरानी तस्वीरें थीं, जिनके जरिए वह दबाव बना रहा था। इसी कारण खुशबू के वैवाहिक जीवन में तनाव बढ़ गया।

**पति व रिश्तेदारों संग मिलकर रची साजिश**

तनाव से परेशान होकर खुशबू ने अपने पति और रिश्तेदारों के साथ मिलकर दीपचंद की हत्या की साजिश रची। योजना के तहत दीपचंद और उसके साथी मनोज को गांव के बाहर बुलाया गया, जहां विवाद के दौरान दोनों की गला दबाकर हत्या कर दी गयी ।

**हादसा दिखाने के लिए शव फेंके**

हत्या के बाद आरोपियों ने सबूत मिटाने के लिए शवों को मोटरसाइकिल पर रखकर लौकहवा के सेवरहवा नाले के पास फेंक दिया और बाइक भी वहीं छोड़ दी, ताकि घटना सड़क हादसा लगे। पुलिस ने इस मामले में अनिल कुमार, खुशबू वर्मा, अजय कुमार वर्मा और संतोष कुमार को गिरफ्तार किया है। घटनास्थल से मृतक के मोबाइल का टूटा हिस्सा, एक माला और मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

**पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया**

शुरुआत में मामला दुर्घटना का लग रहा था। लेकिन गहन जांच, घटनास्थल निरीक्षण, रूट चार्ट और मोबाइल लोकेशन के आधार पर सच्चाई सामने आ गई। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और जल्द ही उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

# संचारी रोग दस्तक अभियान की प्रगति की समीक्षा हेतु साप्ताहिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** बस्ती जिले में संचालित संचारी रोग दस्तक अभियान की प्रगति की समीक्षा हेतु साप्ताहिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य, पंचायती राज, नगर निकाय, शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा जलभराव वाले स्थानों की नियमित सफाई एवं निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा छिड़काव के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें और बुखार, खांसी, जुकाम आदि लक्षण पाए जाने पर तत्काल जांच एवं उपचार की व्यवस्था कराई जाए। मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया एवं जापानी इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाए जाएं तथा आमजन को साफ-सफाई के प्रति प्रेरित किया जाए। अंत में उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने एवं जनपद को संचारी रोगों से सुरक्षित रखने हेतु पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित पाये जाने पर ईओ नगर पालिका अंगद गुप्ता, डीपीआरओ घनश्याम सागर तथा डीएमओ राजेश चौबे द्वारा बैठक में बिना तैयारी के साथ आने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एक दिन का वेतन बाधित किया है। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजीव निगम, एसीएमओ डा0 ए0के0 चौधरी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ए0के0 गुप्ता, जिला समन्वयक राजाशेर सिंह सहित अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत, एमओआईसी, सीडीपीओ उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया



**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास भवन सभागार में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उनके जीवन, संघर्ष और देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि हमें डॉ. अम्बेडकर के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में समानता और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करें। कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी लोगों को भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा एवं उसके मूल्यों के पालन की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अजय सिंह, डीपीआरओ घनश्याम सागर सहित विकास भवन के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विकराल ज्वालामुखी बन सकता है मजदूर आंदोलन की चिंगारी

उत्तर प्रदेश सरकार ने न्यूनतम वेतन दरों में संशोधन को मंजूरी दे दी है। नोएडा में कर्मचारियों के उग्र प्रदर्शन के बाद योगी सरकार ने यह फैसला लिया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार ये नई अंतरिम दरें 1 अप्रैल से लागू कर दी गई हैं। नोएडा में 13 अप्रैल को हुए श्रमिकों के विरोध-प्रदर्शन के बाद आज पूरे दिल्ली-एनसीआर में हाई अलर्ट है।मजदूरों के गुस्से को देख कर सरकार आनफुट आ गयी है। केंद्र सरकार मामले की मानिटरिंग कर रही है वहीं यूपी हरियाणा राजस्थान की प्रदेश सरकारें अपने अपने स्तर पर मजदूरों के आंदोलन के शमन और मजदूरों को भड़काने वाले लोगों की पहचान करने में लगे हुए हैं। सरकार का मानना है कि यह समिति संवाद और आपसी सहमति के जरिए विवादों को सुलझाएगी, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके और औद्योगिक माहौल स्थिर बना रहे।

उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में वेतन बढ़ोत्तरी समेत सामाजिक सुरक्षा के कई बिंदुओं को लेकर मजदूरों के आंदोलनों व उग्र प्रदर्शनों ने केंद्र तक को सतर्क कर दिया है। दरअसल, हरियाणा से शुरू हुई आग उत्तर प्रदेश पहुंच चुकी है। हरियाणा से सटे राजस्थान के इक्के दुक्के स्थानों पर छिटपुट घटना होकर फिलहाल शांत है।

पता हो कि दिल्ली से सटे नोएडा औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरों का गुस्सा अब एक शहर तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे दिल्ली-एनसीआर में फैला हुआ एक बड़े आंदोलन का रूप ले चुका है. वेतन वृद्धि, महंगाई और श्रम सुविधाओं को लेकर शुरू हुआ यह विरोध अब कई जिलों में असर दिखा रहा है. नोएडा में चल रहे इस आंदोलन की शुरुआत 7 अप्रैल को गुरुग्राम के मानेसर इलाके से हुई थी, जहां मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन शुरू किया था.इसके बाद यह विरोध धीरे-धीरे नोएडा और फिर ग्रेटर नोएडा पहुंचा. अब इस आंदोलन का असर गाजियाबाद, बुलंदशहर और हापुड़ तक में भी दिखाई दे रहा है. आज बड़ी संख्या में बुलंदशहर और गाजियाबाद में श्रमिकों ने प्रदर्शन किया और सड़कों को जाम कर दिया. गाजियाबाद में स्थिति इतनी खराब हो गई कि नोएडा-गाजियाबाद बॉर्डर पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया.

जान लीजिए नोएडा में यह आंदोलन 9 अप्रैल को फेस-टू थाना क्षेत्र में मौजूद होजरी कंपलेक्स से शुरू हुआ. जहां गारमेंट और होजरी यूनिट्स में काम करने वाले मजदूर फैक्ट्रियों के बाहर इकट्ठा हुए. वो वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए. शुरुआत में यह प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण था. मजदूरों ने नारेबाजी और बातचीत के जरिए अपनी बात रखने की कोशिश कीअप्रैल से लेकर 11 अप्रैल तक आंदोलन बिना किसी हिंसा के चलता रहा. हालांकि, मजदूरों का कहना था कि उनकी मांगों पर कंपनियों और प्रशासन की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं दिया जा रहा, जिससे उनके बीच असंतोष लगातार बढ़ता गया.

मजदूरों के आंदोलन की स्थिति ने 12 अप्रैल को बड़ा मोड़ लिया. ग्रेटर नोएडा के इकोटेक थर्ड इलाके में प्रदर्शन के दौरान मिंडा कंपनी के पास हालात अचानक बिगड़ गए. इस दौरान पुलिस कार्रवाई में गोली चलने की घटना सामने आई, जिसमें एक महिला मजदूर को गोली लग गई.

यह घटना पूरे आंदोलन के लिए टर्निंग प्वाइंट साबित हुई. जैसे ही गोलीकांड की खबर फैली, मजदूरों में भारी आक्रोश फैल गया और आंदोलन ने उग्र रूप ले लिया.

अगले ही दिन 13 अप्रैल यानी सोमवार की सुबह नोएडा के फेस-2, सेक्टर-62 और एनएच-9 जैसे प्रमुख इलाकों में हजारों मजदूर सड़कों पर उतर आए. इससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया. प्रदर्शनकारियों ने सड़कें जाम कर दी. डिवाइडर पर चढ़कर नारेबाजी की. कई जगह वाहनों को रोक दिया. इस दौरान हालात तेजी से बिगड़े और कई जगह तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आई.

नोएडा के फेस-2 इलाके में कई वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया. इससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. पुलिस और मजदूर आमने-सामने आ गए. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े. भारी पुलिस बल की तैनाती के बाद किसी तरह हालात को काबू में लाया गया, लेकिन तनाव अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है.

इस आंदोलन का सीधा असर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक ढांचे पर पड़ा. फेस-2 के होजरी कंपलेक्स में करीब 500 कंपनियां संचालित होती हैं. वहीं, इकोटेक थर्ड के औद्योगिक क्षेत्र में भी करीब 400 से अधिक फैक्ट्रियां और निजी कंपनियां हैं. इनमें सैकड़ों की संख्या में मजदूर काम करते हैं. दोनों प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन प्रभावित हुआ और कई कंपनियों को अस्थायी रूप से काम बंद करना पड़ा.

यह आंदोलन किसी एक कंपनी के खिलाफ नहीं, बल्कि कई कंपनियों के मजदूरों का सामूहिक विरोध है. अब इसका असर पूरे एनसीआर में दिखने लगा है. गाजियाबाद, बुलंदशहर और हापुड़ जैसे जिलों में भी मजदूर सक्रिय हो गए हैं, जिससे आने वाले दिनों में आंदोलन और व्यापक होने की आशंका है.

मजदूरों की प्रमुख मांगों में न्यूनतम वेतन बढ़ाकर 26,000 रुपये प्रति माह करना, ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से करना, साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करना, समय पर वेतन भुगतान, सैलरी स्लिप देना और बोनस को सीधे बैंक खाते में समय पर भेजना शामिल है. उनका कहना है कि महंगाई के इस दौर में मौजूदा वेतन से गुजारा संभव नहीं है.

प्रदर्शन के दौरान नोएडा-गाजियाबाद बॉर्डर पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे ट्रैफिक पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा. यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और कई जगह एंबुलेंस फंसने की घटनाएं भी सामने आई.

आपको बता दें राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में न्यूनतम वेतन देश में सबसे अधिक है और लपटें यहां तक नहीं पहुंची हैं, लेकिन गर्माती राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं माना जा रहा है। ऐसे में भाजपा के लिए परेशानी बढ़ेगी क्योंकि ये चारो राज्य भाजपा शासित हैं। ऐसे में अगर जरूरत महसूस हुई तो औपचारिक अनौपचारिक रूप से केंद्रीय स्तर पर इन राज्यों की बैठकें कर स्थिति को संभालने की कोशिश होगी। उद्योगों को भी साथ लेकर चलने की जरूरत है और मजदूरों का ध्यान रखने की भी। मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए लेकिन उद्योगों की भी सुरक्षा होनी चाहिए।

पिछले कुछ दिनों से उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में जिस तरह आग फैली है उसमें राजनीतिक मंशा देखी जा रही है क्योंकि अगले साल की शुरूआत में ही वहां चुनाव है। राजस्थान में भी न्यूनतम वेतन अपेक्षाकृत कम है लेकिन वहां भिवाड़ी के अलावा किसी स्थान पर कोई घटना नहीं हुई और अब शांत है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में शांति और संतुलन बनाए रखना है।

इनको सौंपी गई समिति की कमान

गठित समिति की कमान औद्योगिक विकास आयुक्त को सौंपी गई है। इसके अलावा अपर मुख्य सचिव (एमएसएमई) और प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन को भी इसमें सदस्य बनाया गया है। खास बात यह है कि समिति में श्रमिक संगठनों के पांच प्रतिनिधियों और उद्योग संगठनों के तीन प्रतिनिधियों को शामिल कर सभी पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।सरकार की प्राथमिकता मजदूरों के असंतोष को दबाने कम करने और विपक्ष राजनीतिक लाभ के लिए उकसाने मे नाकाम करने की है इसके लिए सरकार मजदूरों के हित मे हर कदम उठाने को तैयार है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# व्यक्तिगत स्वतंत्रता और विवाह संस्था पर अहम फैसले

आमतौर पर दुनियाभर में न्यायपालिका को रूढ़ीवादी फैसलों को अहमियत देने वाला माना जाता रहा है। भारत में भी कुछ ऐसा ही रहा है। आजादी के कुछ दशकों बाद तक ऐसा रहा, पर इधर कुछ सालों से भारतीय न्यायपालिका ने ऐसे फैसले सुनाए हैं जिन्हें बेशक प्रगतिशील फैसले कहा जा सकता है। जाहिर है कि ऐसे फैसले सामाजिक बदलाव की दिशा में एक अहम कदम साबित होते हैं। इसी हफ्ते मेघालय हाईकोर्ट के एक फैसले में कहा गया कि रोमियो-जूलियट कैटेगिरी के मामलों में पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमों को रद्द किया जा सकता है। खासकर जब दो किशोरों के बीच सहमति से संबंध हो। इसी तरह हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साफ किया कि शादीशुदा शख्स भी किसी एडल्ट के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह सकता है, बशर्ते वो सहमति के साथ हो। इन दोनों फैसलों से साफ झलकता है कि कोर्ट प्यार और रिश्तों को जुर्म की कैटेगरी से बाहर रखने के पक्ष में है। इससे ये भी साफ होता है कि अदालत व्यक्तिगत गरिमा को प्रोटेक्शन देने के पक्ष में है। ऐसे फैसले समाज की पारंपरिक मानसिकता के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं।

उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दो मामलों में ऐसा फैसला दिया है जिसकी चर्चा हो रही है। हाईकोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप के मामले में सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जीवन के मूल अधिकारों का जिक्र किया। साथ ही जोड़े की सुरक्षा की बात कही। वहीं, लव मैरिज के मामले की सुनवाई के क्रम में कोर्ट ने कहा कि प्रेम विवाह को जोड़ा सम्मान का मुद्दा नहीं बना सकता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव-इन में रह रहे जोड़े की याचिका पर सुनवाई करते हुए व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जीवन के मूल अधिकार को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कहा है कि अंतर्धार्मिक कपल की सुरक्षा आवश्यक है।

सोनभद्र के अंतर्धार्मिक कपल की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। इसमें कहा गया कि उन्हें अपने परिजनों से खतरा है। पुलिस से संपर्क करने पर भी हमारी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के क्रम में हाईकोर्ट ने कहा कि सहमति से अगर वयस्क जोड़े सहमति से लिव-इन में रह रहे हैं तो उनकी सुरक्षा का दायित्व सरकार का है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के साथ-साथ वर्ष 2021 के विशेष अधिनियमों का जिक्र करते हुए कहा कि लिव-इन में रहना किसी भी प्रकार का अपराध नहीं है।

हाई कोर्ट के जस्टिस विवेक कुमार सिंह की एकल पीठ ने विभिन्न निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि लिव-इन रिलेशन किसी भी मौजूदा कानून के तहत न प्रतिबंधित है और न ही दंडनीय। याचिकाकर्ताओं ने कोई कानूनी अपराध नहीं किया है। ऐसे में उन्हें सुरक्षा देने करने से इनकार नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने साफ कहा कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का दर्जा सांविधानिक व्यवस्था में सबसे ऊपर है। दरअसल, भारतीय कानून ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के हिस्से के रूप में, परंपरागत भारतीय समाज में लिव-इन रिलेशनशिप को मान्यता देने की दिशा में सावधानीपूर्वक ही कदम बढ़ाया है।

इसके बावजूद भी यह विवाह को एक कानूनी रूप से स्वीकृत संस्था के रूप में सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहा है। जिसके अंतर्गत वयस्कों के अपने अधिकार और दायित्व भी हैं। निर्विवाद रूप से, जिन्हें आसानी से दरकिनार भी नहीं किया जा सकता है। इस परिणाम के मूल में एक न्यायिक विसंगति भी है। जहां न्यायालय लिव-इन रिलेशन को अपराध की श्रेणी से तो बाहर कर देता है, लेकिन उनके परिणामों को वैध ठहराने से हिचकिचाता है। दरअसल वयस्कों के रिश्तों में यह तनाव सिर्फ कानूनी ही नहीं बल्कि सामाजिक और नैतिक भी है। निर्विवाद रूप से आज भारतीय समाज एक बड़े संक्रमणकालीन दौर से गुजर रहा है।

जिसमें भारतीय परंपरागत जीवन मूल्यों तथा तेजी से बदलते रिश्तों के बीच का एक द्वंद्व भी शामिल है। यह एक हकीकत है कि आधुनिक जीवन में रिश्तों में स्वतंत्रता की बयार स्त्री की आर्थिक आत्मनिर्भरता से परवान चढ़ी है लेकिन भारत जैसे परंपरावादी समाज में सदियों से विवाह एक अनुबंध होने के साथ-साथ एक गहरी सामाजिक मान्यता भी है। यह भी एक सत्य है कि वयस्कों के रिश्तों को संरक्षण या मान्यता से वंचित करना, ऐसे रिश्तों को समाप्त नहीं करता है।

# देहरादून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक रोड शो और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन

**उत्तर भारत के विकास की रफ्तार को नई दिशा देने वाला निर्णायक क्षण**



देहरादून में आज का दिन विकास, उत्साह और ऐतिहासिक उपलब्धियों के नाम रहा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहर की सड़कों पर भव्य रोड शो करते हुए जनता से सीधा संवाद स्थापित किया और इसके बाद दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। यह अवसर केवल एक परियोजना के उद्घाटन तक सीमित नहीं था, बल्कि उत्तर भारत की कनेक्टिविटी, अर्थव्यवस्था और पर्यटन को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण पड़ाव बनकर सामने आया। सुबह से ही देहरादून में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां हजारों की संख्या में लोग सड़कों के किनारे खड़े होकर प्रधानमंत्री का स्वागत करते नजर आए। ढोल-नगाड़ों की गूंज, नारों की आवाज और लोगों का उत्साह इस आयोजन को विशेष बना रहा था।

प्रधानमंत्री का रोड शो करीब सोलह किलोमीटर लंबा रहा, जो शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा और अंततः जसवंत सिंह आर्मी ग्राउंड तक पहुंचा। इस दौरान उन्होंने वाहन से ही लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और कई स्थानों पर रुककर हाथ हिलाकर जनता का धन्यवाद भी किया। इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि उत्तराखंड के लोगों के बीच प्रधानमंत्री की लोकप्रियता और उनके प्रति विश्वास लगातार मजबूत बना हुआ है। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच पूरा कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, जिसका उद्घाटन इस अवसर पर किया गया, देश की महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनाओं में से एक है। लगभग बारह हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह एक्सप्रेसवे दो सौ तेरह किलोमीटर लंबा है और छह लेन का एक्सेस कंट्रोल्ड मार्ग है। यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच तेज, सुरक्षित और आधुनिक संपर्क का प्रतीक है। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से दिल्ली से देहरादून की यात्रा, जो पहले लगभग छह घंटे में पूरी होती थी, अब ढाई से तीन घंटे में पूरी की जा सकेगी। इससे समय की बचत के साथ-साथ यात्रा का अनुभव भी अधिक आरामदायक और सुरक्षित हो जाएगा।

इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका पर्यावरण के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण है। देहरादून और सहारनपुर के बीच बनाए गए लगभग बारह किलोमीटर लंबे एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर को एशिया का सबसे लंबा इस प्रकार का ढांचा माना जा रहा है। इस कॉरिडोर की डिजाइन इस तरह तैयार की गई है कि ऊपर से वाहन गुजरेंगे और नीचे से जंगली जानवर बिना किसी बाधा के अपने प्राकृतिक मार्ग पर चल सकेंगे। हाथियों और अन्य वन्यजीवों के लिए विशेष अंडरपास बनाए गए हैं, जिससे उनके जीवन चक्र और आवागमन पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। शोर और रोशनी को नियंत्रित करने के लिए भी विशेष तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिससे जंगल का प्राकृतिक वातावरण बना रहे।

एक्सप्रेसवे के निर्माण में आधुनिक इंजीनियरिंग का व्यापक उपयोग किया गया है। इसमें अंडरपास, ओवरब्रिज, सर्विस रोड और इंटरचेंज जैसी सुविधाएं शामिल हैं, जो न केवल मुख्य मार्ग को सुगम बनाती हैं, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी यातायात को आसान बनाती हैं। इसके साथ ही चौदह वे-साइड सुविधाएं विकसित की गई हैं, जहां यात्रियों को विश्राम, भोजन और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह पहल लंबी दूरी की यात्रा को अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस एक्सप्रेसवे का प्रभाव केवल यात्रा समय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह क्षेत्रीय विकास को भी नई गति देगा। दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी और माल ढुलाई की लागत कम होगी। बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर जैसे जिलों को इसका सीधा लाभ मिलेगा, जहां कृषि और उद्योग दोनों को नई संभावनाएं मिलेंगी। उत्तराखंड के लिए यह परियोजना पर्यटन के क्षेत्र में विशेष रूप से लाभकारी साबित होगी। ऋषिकेश, हरिद्वार, मसूरी और अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान होने से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि यह उत्तराखंड के विकास को नई दिशा देने वाला कदम है। उन्होंने इसे आधुनिक भारत के उस विजन का हिस्सा बताया, जहां मजबूत और विश्वस्तरीय सड़कें आर्थिक प्रगति का आधार बनती हैं। राज्य के नेताओं ने भी इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए प्रधानमंत्री के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि इससे राज्य के विकास को नई गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा केवल एक उद्घाटन कार्यक्रम नहीं, बल्कि विकास की उस सोच का प्रतीक है, जिसमें आधारभूत संरचना को राष्ट्र निर्माण का प्रमुख आधार माना जाता है। उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य के लिए बेहतर सड़क संपर्क जीवनरेखा के समान है, जो न केवल लोगों की दैनिक जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि आपदा प्रबंधन और सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कुल मिलाकर, देहरादून में आज का दिन विकास की नई कहानी लिखने वाला साबित हुआ। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे केवल दूरी कम करने का साधन नहीं है, बल्कि यह उत्तर भारत के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आने वाले समय में यह परियोजना निश्चित रूप से क्षेत्र के विकास की धुरी बनेगी और देश के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान।

**कांतिलाल मांडोत**

# श्रम की थकी हथेलियों से उठता प्रतिरोध: औद्योगिक भारत का नया अध्याय

**[ वेतन-समीकरण की टूटती रेखाओं से जन्मता सामाजिक कंपन ]**

**[ औद्योगिक तंत्र की दरारों से झाँकता प्रतिरोध: एक अनकही सामाजिक क्रांति ]**

औद्योगिक शहर की चमक-दमक के पीछे दबा असंतोष 13 अप्रैल 2026 को अचानक उभर आया, जब नोएडा के कारखाना क्षेत्रों से उठते धुएँ ने भीतर सुलग रही नाराज़गी को साफ तौर पर सामने ला दिया। फेज-2 और सेक्टर-62 की सड़कों पर उतरे मजदूरों का आक्रोश यह बता रहा था कि अब उनकी पीड़ा अब शिकायत भर नहीं, बल्कि प्रतिरोध का रूप ले चुकी है। पत्थरों की गूंज, जलती गाड़ियों की लपटें और पुलिस की सख्ती के बीच एक ही सवाल बार-बार उठता रहा—कब तक मजदूर अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष करता रहेगा? यह विस्फोट दरअसल किसी एक क्षण की उपज नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही आर्थिक उपेक्षा और नीतिगत अनदेखी का परिणाम है। आक्रोश की जड़ में वेतन असमानता की वही चिंगारी थी, जिसने हालात को भड़काने में अहम भूमिका निभाई। हरियाणा में 35 प्रतिशत वेतन वृद्धि के फैसले ने वहाँ के मजदूरों को राहत दी, लेकिन नोएडा के श्रमिकों के लिए यही तुलना एक गहरे असंतोष में बदल गई। समान कार्य करने वालों के बीच इतना बड़ा वेतन अंतर न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि यह उनकी गरिमा पर भी सीधा आघात करता है। जब एक राज्य में मजदूर सम्मान के साथ जीवन यापन कर सकता है और दूसरे में वही मजदूर बुनियादी जरूरतों के लिए जूझता है, तो यह केवल आर्थिक फर्क नहीं, बल्कि सामाजिक असंतुलन की स्पष्ट तस्वीर भी पेश करता है।

जीवनयापन की बढ़ती लागत ने मजदूरों की हालत को और अधिक संकटपूर्ण बना दिया है। महंगाई के लगातार बढ़ते असर ने रसोई से लेकर किराए तक हर खर्च को लगभग दोगुना कर दिया है। ऐसे में कई साधारण मजदूरों के लिए 12,000 से 15,000 रुपये मासिक वेतन में पूरे परिवार का गुजारा करना आज लगभग नामुमकिन हो गया है। जब रोजमर्रा की बुनियादी जरूरतें ही पूरी नहीं हो पातीं, तो भविष्य के बारे में सोचना भी कठिन हो जाता है। यही बढ़ता दबाव धीरे-धीरे असंतोष को जन्म देता है, जो आखिरकार सड़कों पर आक्रोश के रूप में सामने आता है।

श्रमिकों पर बढ़ता शोषण इस संकट को और भी तीखा बना देता है। ओवरटाइम का वाजिब भुगतान न मिलना, साप्ताहिक अवकाश से वंचित रहना, स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और ठेकेदारी व्यवस्था का दबाव—ये सब मिलकर मजदूरों को ऐसे दायरे में कैद कर देते हैं, जहां से बाहर निकलना बेहद कठिन हो जाता है। यही मेहनतकश हाथ देश की अर्थव्यवस्था को गति देते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि सबसे कम सुरक्षा और सम्मान भी इन्हीं के हिस्से आता है। जब श्रम का उचित मूल्य नहीं मिलता, तो असंतोष का फूट पड़ना स्वाभाविक ही है। मजदूरों की आवाज़ केवल वेतन वृद्धि तक सीमित नहीं रही, बल्कि उनके अधिकारों और सम्मान से जुड़ी रही। उन्होंने न्यूनतम वेतन 18,000-20,000 रुपये करने, 12 घंटे की शिफ्ट की जगह 8 घंटे का कार्य समय लागू करने, समय पर बोनस और महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार की मांग की। कई कारखानों में वेतन पर्ची न देना, मनमानी कटौती और असुरक्षित कार्य परिस्थितियाँ



सामने आती रहीं। कई मजदूरों ने महिलाओं के साथ उत्पीड़न और सुरक्षा की कमी की शिकायतें भी उठाईं, साथ ही अलग शिकायत समिति और सुरक्षित कार्य वातावरण की मांग की। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में छोटी बीमारियाँ भी गंभीर समस्या बन जाती हैं। यही लंबे समय से दबी हुई माँगें आखिरकार सड़क पर उबल पड़ीं। उग्र हिंसा इस असंतोष की चरम अभिव्यक्ति हो सकती है, लेकिन यह किसी भी समस्या का समाधान नहीं बन सकती। नोएडा में हुई आगजनी और तोड़फोड़ ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब संवाद के रास्ते बंद हो जाते हैं, तो हालात तेजी से नियंत्रण से बाहर हो जाते हैं। इस हिंसा ने न केवल सरकारी और निजी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को भी प्रभावित किया और उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ऐसे में जरूरी है कि विरोध की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा दी जाए और संवाद को प्राथमिकता दी जाए।

घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी प्रतिक्रिया अभी भी अपनी सीमाओं में बंधी हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित उपाय—जैसे साप्ताहिक अवकाश, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान और स्वास्थ्य सुविधाएं—सकारात्मक जरूर हैं, पर वे समस्या की जड़ को नहीं छूते। न्यूनतम वेतन में वृद्धि की अनदेखी यह दर्शाती है कि सरकार अब भी मूल कारणों तक पहुंचने में पीछे है। जब तक मजदूरों की आय और उनके बढ़ते खर्चों के बीच संतुलन स्थापित नहीं होगा, तब तक ये प्रयास केवल अस्थायी राहत तक ही सीमित रहेंगे, स्थायी समाधान नहीं बन पाएंगे। तेजी से बदलते हालात यह संकेत दे रहे हैं कि समस्या अब स्थानीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर फैल चुकी है। देशभर के कई औद्योगिक क्षेत्रों (विशेषकर गुरुग्राम-मानेसर, सूरत, अलवर आदि) में मजदूर असंतोष बढ़ रहा है। यह स्थिति दर्शाती है कि देशभर में श्रम नीतियों की कमियां अब खुलकर सामने आ रही हैं। राज्यों के बीच वेतन असमानता और कमजोर कानून व्यवस्था ने इस संकट को और गहरा बना दिया है। यदि समय रहते इस पर प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो यह असंतोष आगे चलकर गंभीर सामाजिक और आर्थिक संकट में बदल सकता है। वक्त की मांग है कि अब समाधान की दिशा में ठोस और दूरगामी कदम उठाए जाएं। राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम वेतन में एकरूपता, महंगाई से जुड़ी स्वचालित वेतन वृद्धि व्यवस्था, ठेकेदारी प्रथा में सुधार और श्रमिकों के लिए सशक्त सुरक्षा तंत्र का निर्माण अत्यंत आवश्यक हो गया है। साथ ही, सरकार, उद्योग और मजदूरों के बीच प्रभावी संवाद की व्यवस्था विकसित करना भी अनिवार्य है। नोएडा की घटना एक चेतावनी के रूप में सामने आई है—यदि इसे नजरअंदाज किया गया, तो यह चिंगारी बड़े औद्योगिक संकट में बदल सकती है। मजदूरों की आवाज को समझना और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करना ही सच्चे और संतुलित विकास का आधार है।


**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

# होर्मुज की नाकेबंदी से टूटती अनगिनत उम्मीदें

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के नक्शे पर महज एक संकरी रेखा है, लेकिन इस रेखा के दोनों किनारों पर आज जो ताकतें आमने-सामने खड़ी हैं, उनकी टकराहट की गूँज पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था की नींव तक पहुँच रही है। होर्मुज नाकेबंदी का यह संकट केवल दो देशों के बीच के सैन्य टकराव की कहानी नहीं है। यह उस पूरी व्यवस्था के दरकने की कहानी है जिस पर पिछले कई दशकों से वैश्विक व्यापार की रफ्तार, ऊर्जा आपूर्ति की निरंतरता और करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी टिकी हुई है। इस संकट की पृष्ठभूमि फरवरी 2026 के अंत में बनी जब अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने ईरान पर सैन्य हमले किए। ईरान ने इसके जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश की और वहाँ से गुजरने वाले जहाजों पर नियंत्रण की कोशिशें तेज कर दीं। यह वही जलमार्ग है जिससे सामान्य परिस्थितियों में विश्व के समुद्री तेल व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत गुजरता है। इसके बाद पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शांति वार्ताओं का एक लंबा दौर चला। सप्ताहों तक कूटनीतिक मेज पर बातचीत होती रही लेकिन जब ये वार्ताएँ बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई तो 13 अप्रैल 2026 को भारतीय समयानुसार शाम लगभग 7 बजकर 30 मिनट पर अमेरिका ने ईरान के सभी प्रमुख बंदरगाहों पर समुद्री नाकेबंदी लागू कर दी। इस एक घोषणा ने पूरी दुनिया की आर्थिक नब्ज को झकझोर कर रख दिया।

नाकेबंदी को सीमित रखने की कोशिश की गई। अमेरिकी सैन्य कमान ने स्पष्ट किया कि यह केवल उन जहाजों पर लागू होगी जो ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करते हैं या वहाँ से बाहर निकलते हैं। खाड़ी के अन्य देशों के बीच आवागमन को बाधित नहीं किया जाएगा। उद्देश्य यह था कि ईरान की तेल निर्यात क्षमता को कुचला जाए लेकिन वैश्विक व्यापार पूरी तरह ठप न हो। किंतु यह सीमित रणनीति भी बाजारों को स्थिर नहीं रख सकी। जैसे ही नाकेबंदी की घोषणा हुई, कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार चली गई और कुछ ही घंटों में यह 101 से 104 डॉलर प्रति बैरल के बीच पहुँच गई। यह केवल तत्काल बाजार प्रतिक्रिया नहीं थी बल्कि इसमें आने वाले महीनों की गहरी अनिश्चितता का डर भी शामिल था। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि यह संकट लंबा खींचा तो तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं।

ईरान की जवाबी चालों ने समुद्री व्यापार को जड़ से हिला दिया। सैकड़ों जहाज खाड़ी के बाहर लंगर डाले प्रतीक्षा करते रहे। लाखों बैरल तेल समुद्र में ही अटका रहा। अनुमान है कि प्रतिदिन लगभग 20,00,000 बैरल ईरानी तेल की आपूर्ति इस नाकेबंदी से प्रभावित हो सकती है। यह आँकड़ा वैश्विक बाजार के लिए किसी



गहरे घाव से कम नहीं है। जब इतनी बड़ी मात्रा में तेल आपूर्ति अचानक बाधित होती है तो उसकी प्रतिध्वनि केवल पेट्रोल पंपों पर नहीं बल्कि हर उस चीज की कीमत पर सुनाई देती है जिसे बनाने, उगाने या पहुँचाने में ऊर्जा की जरूरत होती है।

समुद्री बीमा दरों में तेज उछाल ने स्थिति को और जटिल बना दिया। जब जहाज संघर्ष क्षेत्र के पास से गुजरते हैं तो बीमा कंपनियाँ जोखिम के अनुपात में प्रीमियम बढ़ा देती हैं। इससे परिवहन की लागत बढ़ जाती है। जो जहाज वैकल्पिक मार्ग अपनाते हैं उन्हें अफ्रीका के केप ऑफ गुड होप का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है जिससे यात्रा का समय और ईंधन खर्च दोनों बढ़ जाते हैं। यह बढ़ी हुई लागत अंततः उन देशों तक पहुँचती है जो इस तेल के खरीदार हैं और वहाँ के उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा बोझ बनती है। इस तरह होर्मुज में खींची गई एक रेखा दिल्ली, बीजिंग, टोक्यो और यूरोप की रसोइयों तक अपना असर दिखाती है।

एशिया इस संकट का सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा कच्चे तेल का आयातक देश है और उसकी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से पूरा होता है। ऊर्जा महंगी होने पर उसकी विनिर्माण लागत बढ़ेगी, उत्पाद महंगे होंगे और वैश्विक बाजार में उसकी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त कमजोर पड़ेगी। इसका असर उन देशों पर भी पड़ेगा जो चीनी वस्तुओं पर निर्भर हैं। भारत की स्थिति और भी अधिक नाजुक है। भारत अपनी कुल ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। तेल महंगा होने का अर्थ है कि परिवहन लागत बढ़ेगी, बिजली उत्पादन महंगा होगा, उद्योगों की लागत बढ़ेगी और अंततः हर वस्तु की कीमत ऊपर जाएगी। हाल की रिपोर्टों में यह सामने आया है कि तेल कीमतों में आई इस उछाल के कारण भारतीय मुद्रा पर भी दबाव बढ़ा है जो आयात को और महंगा बना देता है।

इस संकट का एक ऐसा पहलू भी है जिस पर आम तौर पर कम ध्यान जाता है और वह है खाद्य सुरक्षा पर पड़ने वाला असर। आधुनिक कृषि ऊर्जा पर बहुत अधिक निर्भर है। खाद बनाने में प्राकृतिक गैस का बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। जब ऊर्जा महंगी होती है तो खाद महंगी होती है, खेती की लागत बढ़ती है और अनाज के दाम चढ़ते हैं। 2026 के इस संघर्ष ने पहले ही तेल और गैस के साथ-साथ खाद आपूर्ति को भी प्रभावित किया है। संयुक्त राष्ट्र से जुड़े आकलनों में गंभीर चेतावनी दी गई है कि यदि यह संकट लंबे समय तक बना रहा तो करोड़ों लोग गरीबी में धकेले जा सकते हैं और वैश्विक खाद्य संकट उभर सकता है। यह चेतावनी उन देशों के लिए विशेष रूप से भयावह है जो पहले से ही खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे हैं।

यूरोप की स्थिति भी चिंताजनक है। महाद्वीप पहले से ही ऊर्जा संकट की मार झेल रहा है और इस नई घटना ने उसकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्थाएँ जो अभी धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही थीं, उन्हें एक और झटका लगा है। इस पूरे संकट के सामरिक आयाम भी कम जटिल नहीं हैं। ईरान ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि किसी सैन्य जहाज ने उसके प्रभाव क्षेत्र के समीप हस्तक्षेप किया तो उसे संघर्षविराम का उल्लंघन माना जाएगा और जवाबी कार्रवाई होगी। इसका मतलब यह है कि कोई भी छोटी सी घटना बड़े युद्ध की शुरुआत बन सकती है। इस क्षेत्र में 1980 के दशक में भी ईरान-इराक युद्ध के दौरान इसी जलमार्ग को लेकर भयंकर तनाव देखा गया था। लेकिन आज की परिस्थिति उस दौर से कहीं अधिक जटिल है क्योंकि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था कहीं अधिक आपस में बुनी हुई है। एक जगह की आग दूसरी जगह पहुँचने में अब ज्यादा वक्त नहीं लगता।

अमेरिका की इस नाकेबंदी के पीछे केवल सैन्य उद्देश्य नहीं है। इसका मकसद ईरान को आर्थिक रूप से इतना दबाना है कि वह वार्ता की मेज पर वापस आने को मजबूर हो जाए। लेकिन इतिहास यह भी बताता है कि आर्थिक नाकेबंदी हमेशा वैसा असर नहीं करती जैसी उम्मीद होती है। कभी-कभी दबाव में आकर देश और अधिक कठोर रुख अपना लेते हैं। यदि ईरान ने भी ऐसा ही किया तो यह संकट और गहरा हो सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य का यह संकट हमें एक बड़ी सच्चाई से रूबरू कराता है। आधुनिक दुनिया में ऊर्जा मार्गों का नियंत्रण केवल आर्थिक मामला नहीं है, यह सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत है। जो देश या शक्ति इन मार्गों पर काबिज होती है वह वैश्विक राजनीति की बिसात पर सबसे मजबूत मोहरा बन जाती है। अप्रैल 2026 की यह नाकेबंदी केवल एक कूटनीतिक चाल नहीं है। यह उस बड़े संघर्ष की एक कड़ी है जो ऊर्जा, भू-राजनीति और वैश्विक व्यवस्था के भविष्य को लेकर दशकों से चला आ रहा है। होर्मुज की यह आग आज चाहे जितनी सीमित लगे, इसकी तपिश दिल्ली से बीजिंग तक, लंदन से नैरोबी तक, हर जगह महसूस की जा रही है और यदि यह जल्द नहीं बुझी तो इसके धुएँ में न जाने कितनी अर्थव्यवस्थाएँ दम तोड़ देंगी।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर निकला भव्य जुलूस, नीले रंग में रंगा शहर



**देवरिया।** देशभर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। इसी क्रम में देवरिया के सुभाष चौक पर हजारों लोगों ने एकजुट होकर बाबा साहेब को याद किया और भव्य जुलूस निकाला। हाथों में नीले झंडे, बाबा साहेब के गीतों पर झूमते युवा और 'बाबा साहेब अमर रहें' के गगनभेदी नारों के बीच पूरा क्षेत्र नीले रंग में रंगा नजर आया। जुलूस में शामिल लोगों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए, केक काटकर जयंती मनाई और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस आयोजन में युवा, बुजुर्ग और महिलाएं–हर वर्ग के लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। पूरे क्षेत्र में उत्साह और अनुशासन का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### विभिन्न दलों ने हर्ष व उल्लास से मनायी अंबेडकर जयंती



**रूद्रपुर, देवरिया।** अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर मंगलवार को नगर सहित देहात क्षेत्र में भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। रैली निकाली गई व जनसभाओं का आयोजन किया गया। उपनगर में टेड़ा स्थान वार्ड स्थित अंबेडकर प्रतिमा की साफ सफाई भाजपा बसपा व सपा सहित विभिन्न संगठनों ने की। वहीं कुछ लोगों ने केक काटकर हर्ष व उल्लास से जयन्ती मनाया। नगर के विभिन्न चौराहों से होती हुई रैली भी निकाली गई। जिसका समापन अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष किया गया। इस अवसर पर कोतवाल कल्याण सिंह सागर सहित विभिन्न लोगों को अंबेडकर की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक जयप्रकाश निषाद सपा की पूर्व प्रत्याशी प्रदीप यादव, मन्मथ त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता दिलीप जायसवाल शशांक शेखर गुप्ता महेश वर्मा सुभाष चंद्र मद्धेशिया उपेंद्र मास्टर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में जिंदगी की जंग हार गए प्रधानाचार्य

**रामलक्षन देवरिया।** किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अवधपुर वनसप्ती बाजार के प्रधानाचार्य व बेलकुंडा के पूर्व प्रधान राजदेव निषाद का मंगलवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया था, जिसके बाद उन्हें लखनऊ के केजीएमयू में भर्ती कराया गया था।इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। जैसे ही निधन की खबर परिजनों और क्षेत्रवासियों को मिली, घर में कोहराम मच गया। वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र में उनके योगदान को लोग याद कर भावुक हो उठे।

### भारत-नेपाल सीमा पर नशीले पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई, दो नेपाली गिरफ्तार

**कोतवाली ठूठीबारी के संयुक्त चेकिंग के दौरान दो नेपाली तस्कर गिरफ्तार।**

**500 ग्राम अवैध गांजा और एक यामहा मोटरसाइकिल (ALBA 106)बरामद**

**NDPS एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत**

**महराजगंज ।** पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशानुसार भारत नेपाल सीमा पर अवैध तस्करी पर रोकथाम हेतु दिए गये निर्देश के क्रम मे थाना ठूठीबारी पुलिस और स्स्क्की संयुक्त टीम द्वारा भारत-नेपाल बॉर्डरपर सघन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल संख्या लू 6 प 413 पर सवार दो संदिग्धों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध थाना ठूठीबारी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्या0 भेजा गया । आरोपियों की पहचान नीरज कुर्मी पुत्र प्रेम सागर कुर्मी निवासी पाल्ही थाना नवल परासी , राष्ट्र नेपाल और अजीत कुमार कुर्मी पुत्र रविन्द्र कुर्मी निवासी पाल्ही, थाना नवल परासी, राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई।

## भव्य रूप से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती गरिमापूर्ण एवं भव्य ढंग से मनाई गई। जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, राजकीय अनुसूचित छात्रावासों, वृद्धाश्रम, मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग एवं विभागीय कार्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, मेहरौना में आयोजित कार्यक्रम में रामपुर कारखाना विधायक सुरेन्द्र चौरसिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। इसके बाद आयोजित विचार गोष्ठी में विधायक ने बाबा साहब के कार्यों एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उनके पदचिह्नों पर चलने के लिए प्रेरित किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने भी छात्रों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने तथा छात्र जीवन में उसकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी।

राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, नाथनगर एवं रघवापुर में सभासद अरुण कुमार गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यहां आयोजित विचार गोष्ठी में डॉ. अंबेडकर के बहुआयामी व्यक्तित्व, समानता एवं सामाजिक न्याय के सिद्धांतों, उनके जीवन, शिक्षाओं तथा संविधान निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वृद्धाश्रम मेहड़ा पूर्वी में समाजसेवी मनोज मैथिल एवं रेनू सिंहा की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के संवासियों के साथ गोष्ठी कर सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया में विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग में भी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भव्यतापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में भुजौली कालोनी के सभासद रमेश मल्ल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान छात्रों द्वारा भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान निबंध लेखन, व्याख्यान, वाद-विवाद एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि सुरेन्द्र चौरसिया तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

## अंबेडकर जयंती पर पुलिस लाइन्स में हुआ कार्यक्रम

**अधिकारियों ने अर्पित किए श्रद्धा-सुमन**

**ललितपुर।** भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ डा.अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। पुलिस अधीक्षक ने डा. अंबेडकर के आदर्शों एवं उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि डा.अंबेडकर ने समाज में समानता, न्याय और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया, जो आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उनके आदर्शों को अपनाने तथा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनपद के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## झंगहा में ट्यूबेल की पानी की टंकी में युवक का शव मिलने से सनसनी, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर-** जिले के झंगहा थाना क्षेत्र के बलूहटा गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के समीप स्थित सरकारी ट्यूबेल की पानी की टंकी में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक की पहचान निकेश निषाद (उम्र 26 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में भीड़ जुट गई और परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि सुबह ग्रामीणों की नजर ट्यूबेल की टंकी पर पड़ी, जहां पानी के भीतर शव दिखाई दिया। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची झंगहा पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने इस घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि निकेश की किसी से रंजिश हो सकती है और उसी के चलते उसकी हत्या कर शव को टंकी में फेंका गया है। परिवार के लोगों ने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। ग्रामीणों के बीच भय और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह हत्या है, तो अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए, ताकि क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बना रहे। इस मामले में झंगहा थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि युवक की मौत कैसे हुई। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और युवक की गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि घटना के पीछे कोई आपराधिक साजिश तो नहीं है।

## वेतन बढ़ोतरी को लेकर CBG प्लांट में बवालः कर्मचारियों का उग्र प्रदर्शन, कल से कार्य बहिष्कार की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ग़ोला गोरखपुर –** उत्तर प्रदेश के जनपद गोरखपुर दक्षिणांचल में स्थित गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम हरपुर में संचालित सीबीजी (कंप्रेस्ड बायोगैस) प्लांट एक बार फिर विवादों में घिर गया है। Indian Oil Corporation Limited द्वारा संचालित इस एथनॉल/सीबीजी प्लांट में वेतन वृद्धि को लेकर कर्मचारियों का गुस्सा मंगलवार को खुलकर सामने आया। अवकाश के दिन भी दर्जनों मजदूर और सुपरवाइजर प्लांट के मुख्य गेट पर जुटे और जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का आरोप है कि प्लांट का संचालन फिलहाल Solapur Bio Energy Systems द्वारा किया जा रहा है, जिसने नियुक्ति के समय तीन माह के भीतर वेतन बढ़ाने का आश्वासन दिया था। लेकिन कई महीने बीत जाने के बावजूद वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। इससे नाराज कर्मचारियों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि पहले प्लांट का संचालन करने वाली कंपनी 8 घंटे की शिफ्ट के लिए पीएफ कटौती के बाद लगभग 16,200 रुपये वेतन देती थी, जबकि वर्तमान में उन्हें मात्र 12,200 रुपये ही मिल रहे हैं। इतना ही नहीं, कर्मचारियों ने यह भी गंभीर आरोप लगाया कि बाहर से लाए गए कर्मियों को स्थानीय मजदूरों की तुलना में अधिक वेतन और सुविधाएं दी जा रही हैं, जिससे भेदभाव की भावना गहराती जा रही है।

कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को जल्द नहीं माना गया तो बुधवार से पूर्ण कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया जाएगा। उनका कहना है कि यह केवल वेतन का मुद्दा नहीं, बल्कि सम्मान और समानता की लड़ाई भी है। हालांकि मंगलवार को प्लांट में अवकाश होने के कारण उत्पादन और गैस फिलिंग कार्य पहले से ही बंद रहा, जिससे किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान नहीं हुआ। लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि यदि हड़ताल जारी रही तो आने वाले दिनों में उत्पादन पूरी तरह ठप हो सकता है, जिससे कंपनी को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। वहीं, प्लांट इंचार्ज बसंत तिवारी ने कंपनी का पक्ष रखते हुए बताया कि प्रबंधन की ओर से 8 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रस्ताव दिया गया है, जिसे अप्रैल से लागू कर मई में भुगतान किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बाहरी कर्मचारी प्रशिक्षित हैं, जबकि स्थानीय कर्मचारियों की कुछ मांगें व्यावहारिक दायरे से बाहर हैं।

## मंदिर में खुदाई कर रही महिला तांत्रिक को पुलिस ने रोका



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के उत्तरी चौक रेंज स्थित गंगवलिया गांव के प्राचीन बसगोड़ा समय माता मंदिर में मंगलवार की दोपहर एक महिला तांत्रिक द्वारा मंदिर के पिंड की खुदाई किया जा रहा था। वहां मौजूद भैंस चरवाहों द्वारा विरोध करने पर महिला ने तर्क दिया कि पिंड गलत स्थान पर बना है और वह उसे सही जगह स्थापित करना चाहती है, जबकि ग्रामीणों ने महिला पर खजाने की नीयत से खुदाई करने का आरोप लगाते हुए डायल 112 को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह मौके पर पहुंचे और महिला को समझा-बुझाकर खुदाई रुकवाते हुए उसे घर वापस भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि महिला को समझा-बुझाकर घर वापस भेज दिया गया है।

## कंबाइन मशीन की चपेट में आए राजमिस्त्री की मौत, परिवार में मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवा (गोरखपुर)-** सहजनवा थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक दर्दनाक हादसे में कंबाइन मशीन की चपेट में आने से एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। घटना डोहरिया कला के पास उस समय हुई जब वह मजदूरी कर घर लौट रहा था। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार मिनवा गांव निवासी विनोद (40) पुत्र विशंभर राजमिस्त्री का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। सोमवार रात करीब 8 बजे वह काम खत्म कर घर लौट रहा था। जैसे ही वह डोहरिया के पास पहुंचा, सहजनवा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कंबाइन मशीन ने उसे रौंद दिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी रेनू, तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गया है। सभी बच्चे अविवाहित हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर बताई जा रही है। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर कंबाइन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मशीन को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मोबाइल टावर पर चढ़ने वाले सिरफिरे को पुलिस ने भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत महदेइया में एक सिरफिरे युवक द्वारा मोबाइल टावर पर चढ़कर किए गए घंटों हाईवोल्टेज ड्रामे का अंत आखिरकार जेल की सलाखों के पीछे हुआ। महदेइया निवासी शनिदेवल उर्फ विशाल भारती पुत्र राजू भारती का सोनौली कोतवाली क्षेत्र की एक किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसे वह बीते फरवरी माह में भगा ले गया था और चोरी-छिपे अपने घर में रखे हुए था। इसकी भनक लगते ही किशोरी के परिजन उसे वापस ले आए और उसकी शादी कहीं और तय कर दी। प्रेमिका के विवाह की जानकारी मिलते ही विशाल तनाव में आ गया और सोमवार दोपहर को अपनी मांग मनवाने के लिए मोबाइल टावर पर चढ़ गया। करीब 7 घंटे तक चले इस ड्रामे के दौरान पुलिस और प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, जिसके बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारकर थाने लाया गया। पुलिस ने सिरफिरे आशिक के विरुद्ध धारा 170, 216, 135 और 151 बीएनएस के तहत शांति भंग की कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया जहां से उपजिलाधिकारी के आदेश के बाद उसे जेल भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया जहां से उपजिलाधिकारी के निर्देश पर उसे जेल भेज दिया गया है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर सफाई कर्मियों का सम्मान, सामाजिक समानता का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर बड़हरा स्थित गगन राजवाड़ा में महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के अंतिम पायदान पर कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित कर सामाजिक सम्मान और समानता का संदेश दिया गया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रजनी पांडेय के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और स्थानीय लोगों की सहभागिता रही। इस अवसर पर रजनी पांडेय ने कहा कि सफाई कर्मी समाज की रीढ़ हैं, जिनके बिना स्वच्छ जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और बाबा साहब के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और न्याय पहुंचाना ही सच्ची सेवा है। कार्यक्रम का संचालन अरुण मिश्रा ने किया, जबकि अध्यक्षता सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह ने की। इस दौरान पुष्पा देवी, निरंजन शुक्ला, संजय चौरसिया, दिवाकर चंद यादव, मनोज राजभर, सूरज वाल्मीकि, कमलचंद कनौजिया, राहुल तिवारी, हरेंद्र यादव, अरविंद पांडे और मुद्रिका प्रसाद सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सम्मानित महिला सफाई कर्मियों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। आयोजन ने समाज में सम्मान, समानता और सहभागिता का सशक्त संदेश दिया।

## बाइक चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी मोहताब अली उर्फ मेहताब निवासी सिवान (बिहार) को देवरिया-सलेमपुर मार्ग स्थित जियो पेट्रोल पंप के पास से पकड़ा गया। उसके कब्जे से हीरो होंडा स्प्लेंडर (क्र61 2037) बरामद हुई। गौरतलब है कि 11 अप्रैल को गाजीपुर निवासी शैलेश यादव ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि सोंदा क्षेत्र में आराम के दौरान अज्ञात व्यक्ति बाइक और मोबाइल लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## पडरौना नगर में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** पडरौना नगर में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर के सुभाष चौक, कठकुइयां मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष विनय जायसवाल सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की शपथ ली। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया और उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा, समानता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित समाज का निर्माण ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने स्वतंत्रता के समय थे। जयंती के एक दिन पूर्व ही नपाध्यक्ष के निर्देश पर पालिका कर्मियों द्वारा प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई कर धुलाई की गई तथा दीप प्रज्ज्वलन कर वातावरण को श्रद्धामय बनाया गया। साथ ही प्रतिमा स्थल को सजाया भी गया। जयंती के दिन सुबह से ही लोगों का आना-जाना लगा रहा और सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया गया। इस आयोजन ने न केवल बाबा साहब के प्रति सम्मान को प्रकट किया, बल्कि उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का भी कार्य किया। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, ईओ संतराम सरोज, अशोक गुप्ता, विक्रम प्रसाद, मनीष प्रसाद, भारत चौधरी, राजेश जायसवाल, आकाश वर्मा, घनश्याम यादव, अनिल कुमार, सचिन शाह, राजेश कुशवाहा, गौरव चौबे, मनोज जायसवाल, संतोष चौहान सहित सभी कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोला में तीन लाख में बेटी को बेचने का आरोपः रिश्तेदारों पर केस दर्ज कराने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार (गोरखपुर)–** गोला उपनगर क्षेत्र से एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक मां ने अपनी ही रिश्तेदार पर उसकी बेटी को तीन लाख रुपये में बेचने का आरोप लगाया है। सोमवार शाम पीड़िता की मां थाना पहुंची और लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप**

पीड़ित मां के मुताबिक उसकी बेटी की पहले शादी हो चुकी थी और उसे दो बच्चे भी हैं। पति द्वारा छोड़ दिए जाने के बाद वह अपने मायके में रह रही थी। आरोप है कि दो माह पूर्व बड़हलगंज थाना क्षेत्र के मदरहा गांव की एक रिश्तेदार लड़की कुछ युवकों के साथ मिलकर उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई। मां का कहना है कि आरोपियों ने साजिश के तहत उसकी बेटी को घर से दूर ले जाकर एक मंदिर में राजस्थान निवासी एक व्यक्ति से जबरन शादी करा दी।

**राजस्थान में मारपीट और प्रताड़ना**

पीड़िता के अनुसार शादी के बाद वह व्यक्ति उसे अपने साथ राजस्थान ले गया, जहां उसके साथ लगातार मारपीट और दुर्व्यवहार किया जाता था। विरोध करने पर आरोपी व्यक्ति कथित तौर पर कहता था कि उसने उसे तीन लाख रुपये में खरीदा है और वह उसके साथ कुछ भी कर सकता है। बताया जा रहा है कि किसी तरह मौका पाकर पीड़िता वहां से भाग निकली और 12 अप्रैल को अपने घर वापस पहुंची। मां का आरोप है कि जब घटना की जानकारी संबंधित रिश्तेदारों को हुई तो मदरहा गांव के कुछ लोग उनके घर पहुंचे और बेटी के साथ मारपीट करने लगे। इस घटना से परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़िता ने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें उसने अपनी रिश्तेदार पर लड़कियों को बहला-फुसलाकर बेचने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

**पुलिस जांच में जुटी**

थाना प्रभारी राकेश रौशन सिंह ने बताया कि मामला अत्यंत गंभीर है और तहरीर के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विडिओ कॉल पर लाइव मौतः प्रेम प्रसंग बना 21 वर्षीय युवक की जिंदगी का आखिरी पल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनी –** गोरखपुर जनपद के खजनी थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत उनवल के कस्बा संग्रामपुर वार्ड संख्या 4 से एक बेहद मर्मिक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहां प्रेम प्रसंग के चलते एक 21 वर्षीय युवक ने ऐसा खौफनाक कदम उठा लिया, जिसने पूरे परिवार को स्तब्ध कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक शतीस कुमार निषाद (21 वर्ष), पुत्र रामहुजूर निषाद, का एक युवती के साथ प्रेम संबंध चल रहा था। बताया जा रहा है कि 13 और 14 अप्रैल की मध्य रात्रि में युवक ने वीडियो कॉल के दौरान ही फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वीडियो कॉल किसके साथ हो रही थी। पुलिस इस पहलू की गहराई से जांच कर रही है।

**रात के सन्नाटे में टूटा परिवार का सहारा**

घटना की भनक परिजनों को तब लगी जब 14 अप्रैल की भोर करीब 3 बजे उन्हें युवक की गतिविधियों पर शक हुआ। घर के झरोखे से झांककर देखा तो युवक का शव कमरे में कुंडी से लटकता मिला। यह दृश्य देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर किन परिस्थितियों में युवक को यह कठोर कदम उठाना पड़ा।

**परिवार में सबसे छोटा था शतीस**

मृतक तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। उसकी असमय मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। गांव में मातम पसरा हुआ है और हर कोई इस घटना को लेकर स्तब्ध है।

**प्रेम प्रसंग या कोई और दबाव? जांच जारी**

फिलहाल पुलिस प्रेम प्रसंग को इस घटना की प्रमुख वजह मानकर जांच कर रही है, लेकिन अन्य पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है। मोबाइल कॉल डिटेल और वीडियो कॉल की सच्चाई सामने आने के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो सकेगा।

## धूमधाम से मनाया गया बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती

### ● सेवतरी में राजू भारती व दर्शन प्रसाद के नेतृत्व में निकली आकर्षक झांकियां, डीजे और भांगड़ा पर थिरके युवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**रतनपुर/महराजगंज।** भारतीय संविधान के दूरदर्शी शिल्पकार और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती रविवार को नौतनवां ब्लॉक क्षेत्र में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम रतनपुर स्थित विशम्भर नाथ जनता इण्टर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया गया, जहां बाबा साहेब के अनुयायियों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभात कुमार वर्मा व विशिष्ट अतिथि अगस्त मुनि चौधरी रहे, जबकि पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन विष्णु प्रसाद द्वारा किया गया। क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी में उत्साह का खास नजारा दिखा, जहां राजू भारती व दर्शन प्रसाद के नेतृत्व में भव्य जुलूस निकाला गया। इस दौरान भारी संख्या में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डीजे और भांगड़ा की धुन पर जमकर थिरकते लोगों ने जय भीम के उद्घोष के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को गौरवमयी बनाया। इसके साथ ही क्षेत्र के करीब 50 गांवों, जिनमें मुख्य रूप से राजबारी, खैरहवा दूबे, कोहरगड्डी, सेखुआनी, पेंडारी, निपनिया, मनिकापुर और बिषखोप शामिल हैं, से हजारों की संख्या में लोग गाजे-बाजे, रथ, ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइकों के साथ जुलूस की शक्ल में रतनपुर मिश्रौलिया स्थित विशम्भरनाथ जनता इंटर कॉलेज के प्रांगण पहुंचे। आयोजित गोष्ठी में वक्ता सुग्रीम साहनी, राजेन्द्र प्रसाद, हीरेन्द्र गौतम, अमित गौतम, राजाराम, बैजू यादव और विक्रम यादव ने बाबा साहेब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के मूल मंत्र को आत्मसात करने का आह्वान किया। समारोह में मुख्य रूप से सेवतरी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जीतबहादुर यादव, संतराज प्रसाद, धर्मराज दीपक, हरिकेश यादव, अर्जुन पाण्डेय, राजेन्द्र पासवान, जोखू प्रसाद, प्रेमनारायण, चन्द्रभान यादव, बाबूलाल यादव, सुरेश साहनी, हरिश्चंद्र भारती, यशोदानंद भारती, सन्नी पासवान और सन्नी मद्धेशिया सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से परसामलिक व नौतनवां थाना और सेवतरी व भगवानपुर चौकी की पुलिस टीम चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही, जिससे सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### जलालपुर गांव मे भाजपा के पदाधिकारियों ने मनाई अम्बेडकर जयंती



**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** विधानसभा गोला के मैलानी मण्डल के ग्राम पंचायत जलालपुर व ग्राम पंचायत निजामपुर में अम्बेडकर संविधान निर्माता भारत रत्न, बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जन्म जयंती पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया व बाबा साहब के पंच तीर्थ स्थल के बारे में चर्चा की व विचारों पर प्रकाश डाला गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री मती मैलानी चेयरमैन श्री मती कीर्ति महेश्वरी की विशेष उपस्थिति रही, कार्यक्रम संयोजक,/महामंत्री मिथलेश मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष संजीव वर्मा, प्रमोद उर्फ शेरू वर्मा प्रदेश सचिव राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन, महामंत्री रमन सोनी, मण्डल उपाध्यक्ष सुमित अवस्थी, नामित सभासद शिव गोविंद कुशवाहा, खूब चंद बूथ अध्यक्ष, विशंभर दयाल उपाध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष अमित शर्मा, बूथ अध्यक्ष करन शर्मा, बूथ अध्यक्ष त्रिभुवन वर्मा जी, एवं सम्मानित पदाधिकारीयों तथा सैकड़ों कार्यकर्ता बंधुओं के साथ दीपोत्सव कर उन्हें शत शत नमन किया।

### टेडवा में अम्बेडकर जयंती बड़े धूमधाम किया



**मितौली खीरी** बेहजम ब्लाक की ग्राम पंचायत टेडवा में भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब समाज सुधारक की 135 वीं जयंती के अवसर पर बेहजम ब्लॉक प्रमुख बीना राज व जिला पंचायत सदस्य पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत भाजपा के वरिष्ठ नेता राम शंकर राज ने टेड़वा, व नीबा शिवपुरी में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। बेहजम ब्लॉक लोक सभागार में प्रमुख बीना राज, राम शंकर राज के साथ खंड विकास अधिकारी शरद सिंह ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया। इस माल्यार्पण कार्यक्रम में बेहजम मंडल महामंत्री राकेश वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष गीता कश्यप, एडीओ आईएसबी वीरेंद्र भट्ट, एडीओ पंचायत शिवा शीष श्रीवास्तव, एडीओ सी राम पारस प्रजापति, एन आर पी विजय सक्सेना मनरेगा राज कुमार सिंह, आवास बाबू महेश कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी सुमन यादव, दिलीप भार्गव, संदीप चौधरी, वंदना मिश्रा, सहित सभी विभागों के कर्मचारीयों ने बाबा साहेब को माल्यार्पण कर याद किया।

### हैलट अस्पताल में गार्ड की दबंगई, तीमारदार को थप्पड़ मारकर मोबाइल छीना; वीडियो वायरल

कानपुर। कानपुर के हैलट अस्पताल में सुरक्षा गार्डों की दबंगई का मामला सामने आया है। सोमवार देर रात बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में गार्डों ने एक मरीज के तीमारदार को थप्पड़ मार दिया और उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, कल्याणपुर निवासी अभय द्विवेदी अपनी बीमार मां को देखने अस्पताल पहुंचे थे। इसी दौरान गार्डों से बाइक खड़ी करने को लेकर उनकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि एक गार्ड ने अभय को थप्पड़ जड़ दिया, जिसके बाद अन्य गार्डों ने भी लात-घूंसे से मारपीट की और उनका मोबाइल फोन छीन लिया।

घटना के दौरान मौके पर मौजूद अधिवक्ता विनीत मिश्रा और देवेंद्र सिंह ने विरोध किया, लेकिन आरोप है कि गार्डों ने उनसे भी बदसलूकी की। अभय ने तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने पर भी अस्पताल का गेट नहीं खोला गया। बाद में संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। अधिवक्ता विनीत मिश्रा ने आरोप लगाया कि अस्पताल में गार्डों की मनमानी इतनी बढ़ गई है कि मरीजों के परिजनों के साथ भी मारपीट की जा रही है। उन्होंने दोषी गार्डों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है। वहीं, पूरे मामले पर हैलट अस्पताल और जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है। अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन किसी ने भी स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी। घटना के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और गार्डों के व्यवहार पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

## महा-खुलासा: लखीमपुर 'डूडा' में भ्रष्टाचार का संगठित माफिया तंत्र, सीएम के 'जीरो टॉलरेंस' को ठेंगा दिखा रहे सरकारी नुमाइंदे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर-खीरी (ब्यूरो):** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहाँ भ्रष्टाचार पर 'बुलडोजर' चलाने का दावा करती है, वहीं लखीमपुर-खीरी का डूडा कार्यालय इस दावे की धज्जियां उड़ाने का मुख्य केंद्र बन गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 यहाँ योजना नहीं, बल्कि 'लूट की सेल' बन चुकी है, जहाँ पात्रों की उम्मीदों का कत्ल कर दलालों की तिजोरियां भरी जा रही हैं।

**सरकारी तंत्र का 'आउटसोर्सिंग' घोटाला: दलालों के घर गिरवी है विभाग!**

जनपद में चर्चा है कि डूडा का आधिकारिक कामकाज अब कार्यालय के बजाय महेश श्रीवास्तव और मनोज शुक्ला जैसे निजी एजेंटों के 'अवैध अड्डों' से चल रहा है। सीएलटीसी मधुकर तिवारी की संदिग्ध सरपरस्ती में सरकारी फाइलों और डेटा को बाहरी व्यक्तियों के हवाले कर दिया गया है। सूत्रों का दावा है कि इस पूरे खेल की स्क्रिप्ट लिखने में अरनेम के पूर्व डीसी विनय श्रीवास्तव और रंजीत वर्मा की भूमिका भी बेहद संदिग्ध रही है, जिन्होंने अपने रसूख का इस्तेमाल कर इस सिंडिकेट को फलने-फूलने का मौका दिया। आखिर किस हैसियत से ये बाहरी गुर्गे और पूर्व पदाधिकारी सरकारी रिकॉर्ड को प्रभावित कर रहे हैं?

**जियो-टैगिंग: वसूली का 'डिजिटल हंटर'**

इस सिंडिकेट ने सरकारी तकनीक को ही डकैती का औजार बना लिया है। जियो-टैगिंग के जरिए पात्र गरीबों को 'अपात्र' करने की धमकी देकर खुलेआम चौथ वसूली की जा रही है। वहीं, भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा देखिए–बिना भूमि (No Land Space) वाले चहेतों को नियम विरुद्ध किश्तें जारी कर सरकारी कोष को करोड़ों का चूना लगाया गया है। हिदायत नगर के चर्चित मामले इस संगठित लूट की केवल एक 'ट्रेलर' हैं, पूरी फिल्म तो विजिलेंस जांच में सामने आएगी।

**सफेदपोशों का कवच और मौन 'पीओ'**

वर्तमान परियोजना अधिकारी संगीता सिंह के कार्यकाल में डूडा 'भ्रष्टाचार का चारागाह' बन गया है। अनुराग वर्मा, कौशलेंद्र मौर्य और इंद्रेश वर्मा जैसे चेहरों का विभाग में बढ़ता दखल यह साबित करता है कि यहाँ नियम नहीं, बल्कि 'सिंडिकेट' का सिक्का चलता है। इसमें विनय श्रीवास्तव और रंजीत वर्मा जैसे पुराने खिलाड़ियों के अनुभवों का इस्तेमाल कर जांच की दिशा को मोड़ने की कोशिश की जाती है। शिकायतों के अंबार के बाद भी कार्रवाई के नाम पर केवल 'कागजी खानापूर्ति' होना इस मिलीभगत का सबसे बड़ा सबूत है।

» अब 'न्याय' नहीं, 'एक्शन' चाहिए: जिलाधिकारी की साख दांव पर!

» जनता अब कोरे आश्वासनों से थक चुकी है। भ्रष्टाचार की इस 'गंगोत्री' को साफ करने के लिए जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से आर-पार की कार्रवाई की अपेक्षा है:

» कॉल डिटेल्स की जांच: सिंडिकेट के सदस्यों समेत पूर्व डीसी विनय श्रीवास्तव और रंजीत वर्मा के कॉल डिटेल्स (CDR) की फॉरेंसिक जांच हो ताकि इनके नेटवर्क का पर्दाफाश हो सके।

» संपत्ति की जांच: इन दलालों और संलिप्त विभागीय अधिकारियों ने पिछले वर्षों में जो 'काली कमाई' जमा की है, उसकी आय से अधिक संपत्ति (DA) के तहत जांच हो।

» मुकदमा और रिकवरी: भ्रष्टाचार के इस खेल में शामिल हर चेहरे पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हो और सरकारी धन की शत-प्रतिशत रिकवरी की जाए।

» संपादकीय टिप्पणी: गरीबों के सिर से छत छीनने वाले ये 'आस्तीन के सांप' किसी भी रियायत के हकदार नहीं हैं। यदि अब भी शासन-प्रशासन नहीं जागा, तो लखीमपुर की जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी।

## तिलहर में इंजीनियर युवक लापता, पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी



**तिलहर।** एक ग्राम विकास अधिकारी ने अपने इंजीनियर पुत्र के रहस्यमय ढंग से लापता होने की जानकारी देते हुए कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। तिलहर थाना अंतर्गत ग्राम तलवीपुर दिउरिया निवासी राकेश वर्मा तिलहर ब्लाक में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर तैनात है।और वर्तमान में वह नगर के बुलाकीदास इंटर कॉलेज के निकट निवास करते हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र इंजीनियर अभिनव वर्मा सोमवार की सुबह घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा।परिजनों ने अपने स्तर से संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि युवक की बरामदगी के लिए पुलिस की दो टीमों को लगाया गया है जो संभावित स्थानों पर तलाश कर रही है।

## नवादा क्षेत्र में आग से फसल तबाह, कई किसानों को भारी नुकसान; प्रशासन ने लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर, संवाददाता।** कटरा थाना क्षेत्र के नवादा दारोवस्त पलिया पोसील गांव में दोपहर के समय अचानक आग लगने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बुरी तरह जल गई। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और आसपास के कई खेत इसकी चपेट में आ गए, जिससे किसानों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि संभलने का मौका ही नहीं मिला। इस घटना में लगभग एक दर्जन किसानों की कई एकड़ फसल जलकर नष्ट हो गई। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक करीब 7 एकड़ गेहूं पूरी तरह राख हो गया, जबकि आसपास की अन्य फसलें भी आंशिक रूप से प्रभावित हुई हैं।

सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से काफी प्रयासों के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे आग और अधिक क्षेत्र में फैलने से रोकी जा सकी। घटना की जानकारी मिलने पर



राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और प्रभावित खेतों का निरीक्षण किया। तहसील प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित किसानों को शासन की ओर से सहायता दिलाई जाएगी। प्रशासन ने किसानों को सतर्क रहने और खेतों में आग से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह भी दी है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से नुकसान कम किया जा सके।

## अंबेडकर जयंती पर तिलहर में विविध कार्यक्रम, स्वच्छता और विचारों का दिया गया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर, संवाददाता।** नगर में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर नगर के अलग-अलग स्थानों पर लोगों ने एकत्रित होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रमों की शुरुआत बिरियागंज स्थित अंबेडकर पार्क में स्वच्छता अभियान के साथ हुई, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर पार्क परिसर की साफ-सफाई की और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसके उपरांत आयोजित सभा में सांसद अरुण सागर, ब्लॉक प्रमुख कविता यादव, सुशील बाबू गुप्ता उर्फ बबलू, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भाजपा नेता देवेंद्र गुप्ता, अरुण यादव उर्फ चैनू, झब्बू सिंह यादव, कमलेश गुप्ता उर्फ पप्पू ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।





सांसद अरुण कुमार सागर ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और अधिकारों की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संविधान के माध्यम से बाबा साहब ने समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया, जिसे हमें सदैव स्मरण रखना चाहिए। तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम सदानंद सरोज व तहसीलदार दीपेंद्र कुमार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। थाना परिसर में सीओ ज्योति यादव एवं प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने पुलिस बल के साथ श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी ओमेंद्र राठौर के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए और जयंती के उपलक्ष्य में केक काटकर खुशी साझा की। वहीं चीनी मिल परिसर में प्रबंधन एवं कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश ने कर्मचारियों के साथ बाबा साहब को नमन किया। इसके अतिरिक्त नगर के अन्य कार्यालयों, संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद किया गया।

## भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती भाजपा द्वारा धूमधाम से मनाई गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कैंप कार्यालय, एटा रोड टूण्डला पर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और उनके जीवन संघर्ष, विचारों एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनका योगदान देश के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहेब के सपनों को साकार



करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में टूण्डला चेयरमैन चौधरी भंवर सिंह, जिला मंत्री दिनेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर शर्मा, जिला मंत्री पवन चक, हनी जादौन (सभासद), दीपक थैंनुआ, गिरवर निषाद, अनंत प्रताप सिंह (गुल्लू), विनोद चौहान, द्वारका प्रसाद सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया और उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता, न्याय और भाईचारे को मजबूत करने की बात कही।

## साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट गैंग का पर्दाफाश

**8 अभियुक्त गिरफ्तार, संगठित साइबर ठगी गैंग का खुलासा**

कानपुर। थाना बर्रा, कमिश्नरेट कानपुर नगर पुलिस द्वारा दिनांक 13.04.2026 को प्रभावी कार्रवाई करते हुए साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट एवं प्रतिबंधित ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया गया। कुल 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैंकिंग दस्तावेज व सिम कार्ड बरामद किए गए। पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त प्रतिबंधित गेमिंग ऐप/वेबसाइट के माध्यम से लोगों को लालच देकर ठगी करते थे तथा फर्जी खातों के जरिए धनराशि को ट्रांसफर कर ठिकाने लगाते थे। जांच में अभियुक्तों के खातों में विगत 3 माह में भारी ट्रांजेक्शन पाया गया है तथा लगभग ?50 लाख की धनराशि फ्रीज कराने की कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना बर्रा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं।

## कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती

**जिलाधिकारी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि, कार्मिकों को उनके आदर्शों पर चलने का दिया संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फ़िरोज़ाबाद-** कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती गौरवपूर्ण तरीके से मनाई गई, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा की गई, इस अवसर पर जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की, जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब के जीवन दर्शन और राष्ट्र निर्माण की भावना ने देश के नवनिर्माण में अतुलनीय योगदान किया है, उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केवल भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं बल्कि एक महान समाज सुधारक और दूरदर्शी व्यक्तित्व थे, उन्होंने अपना पूरा जीवन ऊंच-नीच, छुआ-छूत और भेदभाव जैसी



सामाजिक बुराइयों को मिटाने के लिए समर्पित कर दिया, आज हम जिस लोकतांत्रिक भारत में सांस ले रहे हैं, उसकी नींव बाबा साहब के समतामूलक विचारों पर टिकी है, जिलाधिकारी ने उपस्थित कार्मिकों को बाबा साहब के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए कहा कि बाबा साहब का मंत्र 'शिक्षित बनो-संगठित रहो और संघर्ष करो' आज भी उतना प्रासंगिक है, उन्होंने जोर दिया है कि सरकारी सेवा में कार्यरत हर व्यक्ति का उत्तरदायित्व है कि वह संविधान की मूल भावना के अनुरूप अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाए, इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी और कर्मचारियों ने बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलकर देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्य रखने का संकल्प लिया, इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर के समस्त पटल सहायक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 17 से 26 अप्रैल तक गंगा बैराज से फूलबाग तक जलापूर्ति बंद, 25 मुहल्ले होंगे प्रभावित

**कानपुर।** कानपुर में गंगा बैराज से फूलबाग की ओर जाने वाली मुख्य पेयजल लाइन के इंटर कनेक्शन कार्य के चलते 17 अप्रैल से 26 अप्रैल तक 10 दिनों के लिए जलापूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान शहर के करीब 25 मुहल्लों में पानी की सप्लाई पूरी तरह प्रभावित रहेगी। जल निगम द्वारा चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन के पास नई पाइपलाइन का इंटर कनेक्शन किया जाना है। अधिकारियों के अनुसार, पुरानी पाइपलाइन घटिया गुणवत्ता की होने के कारण फेल हो चुकी है, जिससे पर्याप्त प्रेशर के साथ जलापूर्ति नहीं हो पा रही थी। 40 करोड़ लीटर क्षमता के मुकाबले केवल करीब 6 करोड़ लीटर पानी ही लोगों तक पहुंच पा रहा था, वह भी बार-बार लीकेज के कारण बाधित हो रहा था। नगर निगम ने 15वें वित्त आयोग के तहत करीब 15 किलोमीटर लंबी खराब पाइपलाइन को बदलने के लिए बजट स्वीकृत किया है, जिसके तहत नई लाइन डाली जा रही है। इस कार्य के चलते ग्वालटोली, परमट, सूटरगंज, चुन्नीगंज, सिविल लाइंस, फूलबाग, कुरसवां, पटकापुर, कमला टावर समेत करीब 25 मुहल्लों में पानी की सप्लाई बंद रहेगी। जल निगम के अधिशासी अभियंता प्रवीण यादव ने बताया कि कार्य को जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि लोगों को कम से कम असुविधा हो। इस दौरान पेयजल संकट से निपटने के लिए जलकल विभाग ने टैंकर की व्यवस्था की है।

## भव्य रूप से मनाई गई बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

वारिस अली अंसारी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उमड़ी भीड़,

गोला गोकर्णनाथ खीरी, भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र में नेता समाजवादी पार्टी व समाजसेवी एवम जिला पंचायत सदस्य, वारिस अली अंसारी के आवास पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया।

जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।




उन्होंने सभी से उनके आदर्शों पर चलने और समाज में समानता एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर एम. ज़ेड. कमर ने कहा, 'बाबा साहब के विचार हमें न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करते हैं, बल्कि समाज में समानता और न्याय स्थापित करने की प्रेरणा भी देते हैं।

वहीं मौलाना डॉक्टर जियाउल हक ने कहा, 'बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का जीवन शिक्षा, संघर्ष और इंसाफ का प्रतीक है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता को मजबूत करना चाहिए। इस अवसर पर फूलसिंह यादव नेता समाजवादी व एल डी बी बैंक के पूर्व अध्यक्ष ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, 'बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

उन्होंने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए जो संघर्ष किया, वह हमेशा याद रखा जाएगा। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर एक बेहतर समाज का निर्माण करना, इस अवसर पर रईसुद्दीन अंसारी पूर्व प्रधान, नन्दकिशोर भार्गव, अनीस अली उर्फ गुड्डू, सर्वेश कुमार गौतम, डॉ अनीस अंसारी, नवीन भार्गव, आमिर हसन इदरीसी, डॉ गुफरान अंसारी, लाल मोहम्मद अन्सारी, रज्जन कश्यप, और बहुत सी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## गोला चैती मेले के ऐतिहासिक मंच पर पत्रकार सम्मान समारोह व भोजपुरी गीतो का आयोजन

**15 अप्रैल 2026 को चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर कुलहिंद मुशायरा सायं सात बजे से।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती 2026 के सत्रहवें दिन सांस्कृतिक मंच पर भोजपुरी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक लखीमपुर सदर योगेश वर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सीजीएन कॉलेज गोला विजय बाजपेयी ,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष वाईडीसी राजपाल सिंह,संजीव त्रिपाठी, सुनील गुप्ता, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सीजीएन कॉलेज गोला लालाराम वर्मा, सुभाष वर्मा, अशोक कनौजिया, प्रवीण वर्मा, कमलेश वर्मा, ज्ञान चन्द्र वर्मा, अरविन्द यादव, शिव कुमार वर्मा, अम्बरीश वर्मा, विवेक वर्मा, अरनीखाना गन्ना समिति अध्यक्ष अशोक अवस्थी एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने भोजपुरी संगीत कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर किया।इसके बाद अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर पुष्प मालाओं से स्वागत करते




हुए सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया, सांसकृतिक कार्यक्रमों के शुभारंभ से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पत्रकारों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

भोजपुरी संगीत कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक लखीमपुर सदर योगेश वर्मा ने कहा'कार्यक्रम में उपस्थित जनसैलाब पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की लोकप्रियता का प्रतीक है, इन्होने मेले को बहुत सुंदर सजाया है, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह ने कहा,' गोला का ऐतिहासिक चैती मेला रिंकू शुक्ला के कार्यकाल में भव्य आयोजनों से लोगों को आकर्षित कर रहा है,

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'आज छात्र




जीवन के मित्रों के आगमन से मेला चैती का मंच धन्य हो गया।

मै हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूँ, यू ट्यूबर स्टार खुशी वर्मा ने पवन सिंह के गीतों, बनारस घुमइबा राजा जी, चूल्हा अगले जरी,पतरे कमरिया, हवा सांय-सांय, पर धमाकेदार डांस किया।

बक्सर बिहार से शिवानी सिंह ने भोजपुरी* कार्यक्रम में सुनाया- तावा लेखा गरम रावा करी ना मिजाज के काम नोकरानी वाला बात महाराज के हई फेक द ना लोढ़ा, गुसा कम कर थोड़ा चुड़ी फुट जाई-तहरा राजा जी के दिलवा टुट जाई। संचालन राजेश दीक्षित ने किया। आर्गन पर पंकज, ढोल कर गांधी, बैंजो पर रंजीत, पैड पर सोनू, तबला पर रत्नेश मिश्रा बिहार ने साथ दिया।

## हैदराबाद पुलिस ने शांति भंग करने वाले पांच लोगों को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** पुलिस अधीक्षक खीरी डा0 ख्याती गर्ग के निर्देशन में अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी (प0) के संन्निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्ग दर्शन में थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा शान्ति भंग करने वाले 05 नफर अभियुक्तगण 1. मुरारी लाल पुत्र झब्बू लाल उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम बुधेली नानकार थाना हैदराबाद जिला खीरी 2. चन्दनलाल पुत्र झब्बू लाल उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम बुधेली नानकार थाना हैदराबाद जिला खीरी 3.अर्जुन पुत्र प्रदीप उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम वैदाखेडा थाना हैदराबाद जिला खीरी 4.विवेक कुमार पुत्र रामपाल उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम खरगापुर थाना हैदराबाद जिला खीरी 5.शिवांशु पुत्र रामपाल उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम खरगापुर थाना हैदराबाद जिला खीरी को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में वास्ते विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय गोला के समक्ष भेजा गया है ।नाम पता गिरफ्तार अभि0

1. मुरारी लाल पुत्र झब्बू लाल उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम बुधेली नानकार थाना हैदराबाद जिला खीरी

2. चन्दनलाल पुत्र झब्बू लाल उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम बुधेली नानकार थाना हैदराबाद जिला खीरी

3.अर्जुन पुत्र प्रदीप उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम वैदाखेडा थाना हैदराबाद जिला खीरी

4.विवेक कुमार पुत्र रामपाल उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम खरगापुर थाना हैदराबाद जिला खीरी 5.शिवांशु पुत्र रामपाल उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम खरगापुर



थाना हैदराबाद जिला खीरी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

1.उ0नि0 हेमन्त कटियार थाना हैदराबाद जनपद खीरी

2.का0 रवि कुमार थाना हैदराबाद जनपद खीरी

3. का0 प्रेमशंकर थाना हैदराबाद जनपद खीरी

## संक्षिप्त खबरें

### लालानगर टोल प्लाजा पर खड़ी बस में ट्रेलर की टक्कर, महिला सहित 7 घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के लालानगर टोल प्लाजा के पास सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तीर्थ यात्रियों से भरी एक खड़ी बस में पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस पर सवार छह महिला तीर्थ यात्री तथा ट्रेलर का खलासी अभिषेक (25 वर्ष) घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों में अनकम्?मा (60 वर्ष) पत्नी श्रीराम, कलम्?मा (55 वर्ष) पत्नी रामजी, लक्ष्मी देवी (56 वर्ष) पत्नी ईश्वरदेव, शिवम्?मा (30 वर्ष) पत्नी सुब्रह्मण्यम, ओवलम्?मा (52 वर्ष), इश्?वरिया (50 वर्ष) तथा मादम्?मा (58 वर्ष) पत्नी नरसिंमा शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश के यलेरु ब्रहमना, अनंतपुर निवासी करीब 45 तीर्थ यात्रियों से भरी बस काशी से प्रयागराज जा रही थी। रास्ते में लालानगर टोल प्लाजा के पास यात्री भोजन बनाने के लिए रुके थे। इसी दौरान वाराणसी की ओर से आ रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर बस में जा भिड़ा। बताया जाता है कि ट्रेलर झारखंड से फतेहपुर की ओर जा रहा था। घायल खलासी अभिषेक ने बताया कि चालक नीलेश उसके बगल में बैठे थे और वाहन खलासी चला रहा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### डॉ अंबेडकर का जीवन समानता और न्याय का प्रतीकः डॉ. विनोद बिंद



**औराई** विकासखंड के डेरवा भवानीपुर गांव में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छता अभियान और दीपोत्सव कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। ग्राम सभा डेरवा में स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर किया गया कार्यक्रम के दौरान सांसद ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई की और दीप प्रज्ज्वलित कर बाबा साहेब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। सांसद डॉ. विनोद बिंद ने जोर दिया कि बाबासाहेब के आदर्शों पर चलकर ही समाज से भेदभाव, छुआछूत और अन्य कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया इस अवसर पर कमलेश सिंह, अनिल त्रिपाठी, सुनील बिंद, केपी मिश्रा, रामदास सरोज, संजय बिंद, शिवम तिवारी , रतन गौतम, होरीलाल गौतम, राजाराम सिंह, आशुतोष पांडे, सुरेश प्रधान, हीरालाल गौतम आदि लोग उपस्थित रहे

### मनबढ़ युवक से त्रस्त दिव्यांग महिला ने लगाई सुरक्षा की गुहार, कोतवाली में दी तहरीर




गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के गोपपुर गांव में एक दिव्यांग महिला ने गांव के ही एक मनबढ़ युवक के आतंक से परेशान होकर पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़िता कंचन बिंद, जो कि झुन्नालाल बिंद की पत्नी हैं, ने जनसुनवाई के दौरान कोतवाली पहुंचकर प्रार्थना पत्र सौंपा और अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता ने बताया कि उसके पति कालीन कंपनी में मजदूरी करते हैं और काम के सिलसिले में अक्सर घर से बाहर रहते हैं। इसी का फायदा उठाकर गांव का युवक रंजीत प्रजापति उसके घर में घुसकर गलत नियत से जबरदस्ती करने की कोशिश करता है। महिला का आरोप है कि आरोपी कई बार इस तरह की हरकत कर चुका है, जिसकी शिकायत पहले भी की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से उसका मनोबल बढ़ता जा रहा है। महिला ने यह भी बताया कि मंगलवार को आरोपी उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगा और उसके बेटे को मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना से भयभीत महिला ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक ने मंडी चौकी प्रभारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# विंध्य भारत गैस एजेंसी पर सुबह छेः बजे से गैस सिलेंडर के लिए लोगों का लगा ताता

● **ऑनलाइन भुगतान पर नहीं मिल पा रहा है गैस सिलेंडर गैस सिलेंडर लेने के लिए देना होगा कैश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हलिया, मीरजापुर।** हलिया क्षेत्र के विंध्य भारत गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर लेने के लिए लगा है लोगों का ताता मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि 20 किलोमीटर से यात्रा करने के बाद एजेंसी पहुंचने पर भी नहीं मिलता गैस सिलेंडर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गैस सिलेंडर के कनेक्शन धारीयो ने बताया कि पहले तो विंध्य भारत गैस एजेंसी पर जो ऑनलाइन पेमेंट स्वीकार नहीं करता है। दूसरा गैस सिलेंडर का रेट 974 है और उसके स्थान पर खुलेआम 980 रुपए वसूल रहे है। तीसरा ज्यादातर उपभोक्ताओं के पास फुटकर नहीं होता है तो उनसे पूरा-पूरा 974 के स्थान पर 1000 वसूला जाता है चौथा उपभोक्ता किसी तरीके से कैसे-कैसे करके अगर पर्ची कटवा ले रहे हैं

तो एजेंसी में कोई ऐसा जिम्मेदार नहीं है कि उपभोक्ता को सूचित कर सके की गैस आ गई है आकर ले जाइए पांचवा उपभोक्ता पर्ची और पेमेंट करने के बाद पागलों की तरह चिलचिलाती धूप में एजेंसी का चक्कर लगाते है। और करीब 20 किलोमीटर से यात्रा करने के बाद एजेंसी पहुंचे तो पता चलेगा आज गैस की गाड़ी नहीं आई है।छठवां उपभोक्ता से पैसा ले लेने के बाद एजेंसी की जिम्मेदारी समाप्त हो गई अब चाहे उपभोक्ता को गैस सिलेंडर मिले या ना मिले आखिर उपभोक्ता को सूचित करना कि गैस आ गई है। यह किसकी जिम्मेदारी है एक दिन में करीब करीब 200 से 300 पर्ची कट रही हैं पर पर्ची 6 वसूला जा रहा है क्या यह भ्रष्टाचार किसी को नहीं दिख रहा है आखिर कार अतिरिक्त पैसा वसूला जा रहा है यह कौन करवा रहे हैं इसमें किस-किस का हिस्सा लगा हुआ है इसका जांच कराने के लिए ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं।

## हौसला बुलंद चोरों ने थाने के सामने से उठाई बाईक

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब वे थाने के सामने से ही वारदात को अंजाम देने से भी नहीं चूक रहे। ताजा मामला राजमार्ग स्थित थाने के सामने का है, जहां सोमवार रात करीब साढ़े 8 बजे अज्ञात चोर ने एक बाइक चोरी कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फईम पुत्र स्वर्गीय नईम निवासी थाना के बगल सोमवार की रात गोमती के पास बैठकर अपने साथियों के साथ कैरम खेल रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात युवक वहां आसपास घूमता नजर आया और मौका मिलते ही खड़ी यूपी 66 आर 4029 नंबर की काले रंग की सुपर स्प्लेंडर बाइक का लॉक तोड़कर फरार हो गया। कुछ देर बाद जब फईम घर जाने के लिए उठा तो बाइक गायब देख उसके होश उड़ गए।

उसने आसपास के लोगों और परिचितों से काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मंगलवार को पीड़ित ने थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर बाइक बरामद करने का आश्वासन दिया है। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग पुलिस गश्त की सक्रियता पर सवाल उठा रहे हैं।

## प्राइवेट हॉस्पिटलों में मरीज को एडमिट करने के बाद नहीं दिया जाता है कोई वैध कागजात कौन है इसका जिम्मेदार




● **अस्पताल में कोई योग्य डिग्री धारी चिकित्सक पैरामेडिकल स्टाफ नहीं है संचालक द्वारा मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जाता है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** लालंगज क्षेत्र के बेलन बरौधा से लेकर रतेह चौराहा व ड्रमंडगंज मे चल रही अवैध हॉस्पिटलों मे आए दिन घटती रहती है घटनाएं मरीजों के साथ होता रहता है दुर्व्यवहार घटना होने के बाद पीड़ित प्रार्थना पत्र लेकर दर दर भटकने पर रहते हैं मजबूर अधिकारियों के द्वारा किया जाता है।

लीपा पोती पीड़ित ने बताया कि हॉस्पिटलों के झोलाछाप डॉक्टरों से बड़े पैमाने पर अधिकारियों का रहता है। साठ गाठ सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में किसी योग्य डॉक्टर से बिना सलाह लिए ही मरीजों को ब्लड चढ़ाया जाता है बिना योग्य डॉक्टर के जानकारी का अस्पताल में ऑपरेशन सर्जरी भी कराया जाता है कई एक बार इस तरीके की क्षेत्र के अस्पताल में घटनाएं घट चुकी हैं लेकिन सक्षम अधिकारियों के द्वारा जांच के नाम पर सिर्फ लीपा पोती का काम किया जाता है। ऐसे में ग्रामीण का कहना है कि ऐसे भ्रष्ट झोलाछा डॉक्टर के ऊपर सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें जिससे ग्रामीण सुरक्षित रह सके और उनके जिंदगी के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न किया जाए।

## छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर दी जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मुड़ेल गांव में सोमवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों टीनशेड की पाइप में दुपट्टे से फांसी लगाकर 15 वर्षीया छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई।मुड़ेल गांव निवासी राजकुमार वर्मा की 15 वर्षीया पुत्री सुधा अपने घर के टीनशेड के नीचे लगे लोहे की पाइप में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय छात्रा की मां सुनीता देवी खेत पर गेहूं का बोझ ढोने गई थी।देर शाम खेत से घर वापस लौटी तो बेटी को टीनशेड के नीचे फंदे से लटका देख दहाड़े मारकर रोने लगी। मां की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किशोरी को आनन फानन में फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंचे एसआइई शिवाकांत पांडेय ने घटना की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छात्रा के पिता राजकुमार रोजगार की तलाश में मुंबई गए हैं। वहीं छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चा व्याप्त है।मृत छात्रा दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ी थी।

क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय चंद्रगढ़ में इसी वर्ष आठवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।इस संबंध में एसआई शिवाकांत पांडेय ने बताया कि घर में किसी बात से नाराज होकर किशोरी ने फंदे से लटकर जान दे दी है।मृतका के चाचा अक्षय कुमार की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है घटना की जांच की जा रही है।

## संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती हर्षोल्लाके साथ मनाई गई



सुरियावा 14 अप्रैल 2026 मंगलवार को संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ क्षेत्र एवं नगर के विभिन्न हिस्सों में मनाई गई इस मौके पर जगह-जगह रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन भी आयोजको को द्वारा किया गया था तथा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स एवं विशेष विभाग के जवान पानी पैनी दृष्टि बने हुए थे ग्रामीण क्षेत्र के प्रधान राममिलनकुसौडा भटेवरा प्रधान मलेपुर पूरे मनोहर सुरियावा नगर के वार्ड नंबर 1 अंबेडकर नगर में डीजे रथ के साथ झांकियां निकल गई।

## साइबर फ्राड की घटना से सम्बन्धित थाना को0शहर साइबर सेल टीम द्वारा पीड़िता के खाते में कराया गया वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मीरजापुर।** मंगलवार को आवेदिका रीना सिंह पुत्री अशोक सिंह निवासिनी मोहल्ला मीरसाहब की गली कदमतर थाना को0 शहर जनपद मीरजापुर द्वारा जूपी ऐप के माध्यम से कुल 3,29,950.00/- के फ्राड होने के सम्बन्ध में NCRP पोर्टल पर शिकायत संख्या 23106250089091 दर्ज करायी गयी। इस सम्बन्ध में थाना को0शहर साइबर सेल टीम द्वारा जांच प्रारम्भ की गयी।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना को0शहर साइबर सेल टीम द्वारा जांच के दौरान धनराशि 1,00,000/- को आवेदिका के खाते में वापस कराया गया। आवेदिका के खाते में पैसा वापस आने पर थाना स्थानीय पर उपस्थित होकर पुलिस उच्चाधिकारी व को0शहर साइबर सेल टीम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। आवेदिका को साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर से होने वाली ठगी के सम्बन्ध में जागरूक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बतायी गयी।

## सर्पदंश से महिला की बिगड़ी हालत, मंडलीय चिकित्सालय रेफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ड्रमंडगंज।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के बंजारी कलां गांव में सोमवार की रात आठ बजे के करीब घर के भीतर सब्जी काटने जा रही महिला के हाथ में सर्प ने डस लिया। मंगलवार सुबह महिला की हालत गंभीर होने पर परिजन उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए। जहां महिला की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। बंजारी कलां गांव निवासी रामनरेश की 35 वर्षीया पत्नी मीरा सोमवार की रात आठ बजे के करीब खाना बनाने के लिए टोकरी में रखी सब्जी काटने जा रही थी उसी दौरान टोकरी के पास छिपे जहरीले सांप ने दाहिने हाथ में डस लिया। महिला ने घटना की जानकारी परिजनों को दी टार्च जलाकर परिजनों ने घर के भीतर देखा तो करैत प्रजाति का सर्प घर में छिपा था।स्वजन महिला को झाड़-फूंक और दवा पिलाने के लिए छतरिहा गांव ले गए लेकिन महिला की हालत में कोई सुधार नही हुआ। मंगलवार सुबह महिला की गंभीर हालत देखकर स्वजन उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए जहां डा? आलोक सिंह यादव व डा? रीना सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। स्वजन उपचार हेतु एल एस एंबुलेंस से मंडलीय चिकित्सालय ले गए।इस संबंध में डा आलोक सिंह यादव ने बताया कि सर्पदंश से पीड़ित महिला को एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन लगाया गया लेकिन हालत में कोई सुधार नही होने पर महिला को बेहतर उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में सिवान में लगी आग बस्ती तक पहुंची

**दो किसानों का खेत में पड़ा भूसा जलकर राख**



**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के नदौली गांव में मंगलवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में सीवान में गेंहू के कटे खेत में आग लग गई। गेहूं के खेत में डंठलों में लगी आग तेज हवाओं के चलते बस्ती तक पहुंच गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन बस्ती की ओर तेजी से बढ़ रही आग को देखते हुए ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह से आग पर काबू पाया।आग की चपेट में आने से नदौली गांव निवासी श्रीधर मिश्र व राजेंद्र मिश्र का गेंहू की मड़ाई के बाद खेत में पड़ा भूसा आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## नाबालिग को भगाने व धमकी के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरजापुर।** मंगलवार को थाना को0कटरा में एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादी की नाबालिग पुत्री को भगाने व धमकी के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0कटरा पर मु0अ0सं0-101/2026 धारा 137(2),351(3) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त महिला सम्बन्धित अपराध की घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी को0कटरा को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त में पतारसी-सुरागरसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को उप निरीक्षक चन्द्रभान सिंह मय पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त सोनू कन्नौजिया पुत्र मल्लू कन्नौजिया निवासी हनुमना पड़रा थाना को0देहात जनपद मीरजापुर को अंतर्गत धारा 137(2),87,351(3) बीएनएस में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

# जन्मदिन बना जीवनदान का पर्वः कैंसर मरीजों के लिए 8 रक्तवीरों ने किया एसडीपी दान

● **विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णानंद के जन्मदिन पर वाराणसी स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल में आयोजित किया गया था कैंप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** वाराणसी, विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णानंद हैहयवंशी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में वाराणसी स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल में एक प्रेरणादायक एसडीपी (प्लेटलेट्स) दान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 8 रक्तवीरों ने एसडीपी दान कर कैंसर मरीजों के जीवन में उम्मीद की नई किरण जगाई। इस विशेष अवसर पर स्वयं अध्यक्ष कृष्णानंद हैहयवंशी, उपाध्यक्ष शिव कुमार शुक्ल, सचिव अभिषेक साहू, मीडिया प्रभारी विनय ऊमर, मोहित सिंह एवं आदित्य चौरसिया ने एसडीपी दान किया। वहीं काशी रक्तदान नेत्रदान कुटुम्ब के नमित पारिख ने अपना 150वां एवं जीवन रक्षक फाउंडेशन, गाजीपुर के अध्यक्ष शीर्षदीप शर्मा ने भी इस पुनीत कार्य में भाग लेते हुए दान किया।

कार्यक्रम में काशी रक्तदान नेत्रदान कुटुम्ब के अध्यक्ष नीरज पारिख, आशीष केसरी एवं विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्य सिद्धार्थ कुमार भी उपस्थित रहे। सिद्धार्थ कुमार भी एसडीपी दान हेतु पहुंचे थे, किन्तु चिकित्सीय परीक्षण में पात्र न पाए जाने के कारण दान नहीं कर सके। आयोजन के दौरान कृष्णानंद हैहयवंशी ने केक काटकर जन्मदिन मनाया तथा सभी उपस्थित रक्तयोद्धाओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यदि लोग अपने जन्मदिन, वर्षगांठ या अन्य विशेष अवसरों पर रक्तदान एवं प्लेटलेट्स दान करें, तो देश में रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों को बड़ी राहत मिल सकती है। इस तरह रक्तयोद्धाओ के इच्छाशक्ति एवं पवित्र प्रयास से यह आयोजन जन्मदिन के साथ ही मानवता, सेवा और जीवन बचाने के संकल्प का उत्सव बन गया।

## भारत रत्न डॉ.भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर ग्रीन गुरु जी ने किया पौध रोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** 14 अप्रैल 2026 को 3941 वें दिन लगातार पौध रोपण के क्रम में खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन, ट्रस्ट द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक, सचिव, अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी, मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा गंगा सेवक सम्मान से सम्मानित, प्रधानाचार्य, शान्ति निकेतन इण्टर, कॉलेज, पचोखरा, मीरजापुर,नमामि गंगे, जिला गंगा संरक्षण समिति एवं जिला पर्यावरणीय समिति सदस्य, मीरजापुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,जीवन धारा नमामि गंगे फाउंडेशन, बुलंदशहर, सदस्य, जिला ओलम्पिक संघ, मीरजापुर, ब्रांड अम्बेस्डर तथा ध्वजारोहक स्वच्छता,नगरपालिका परिषद, मीरजापुर,जनपदीय समिति सदस्य,एक पेड़ मां के नाम 2.0' बृक्षा रोपण अभियान मीरजापुर द्वारा 01जुलाई 2015 से लगातार प्रति दिन किये जा रहे पौध रोपण के 3941 वें दिन के क्रम में भारत रत्न डॉ.भीम राव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर जे. पी. पुरम कॉलोनी, मीरज़ापुर के अपने आवासीय परिसर के गमले में फाइकस पांडा के पौधे का रोपण विनीता सिंह के सहयोग से किया। इस अवसर पर ग्रीन गुरु जी ने बतलाया कि लगातार प्रति दिन जगह-जगह पौध रोपण का उद्देश्य हरा - भरा रहे धरा, पर्यावरण शुद्ध रहे लोगो मे पौध रोपण व संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है।

## बाबा साहब कि मनाई गई जयंती

**मिर्जापुर संवाद।** क्षेत्र के कोन ब्लाक के सारीपट्टी गांव में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल कोन द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर कि 135वीं जयंती धूम धाम से मनाई गई, यहां बुथ संख्या 16 ,17,54,55,57,58 पर बूथ अध्यक्ष प्रमोद सिंह नेतृत्व में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल उपाध्यक्ष अंकुर दूबे रहे,उन्होंने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किए। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन पर विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान बूथ अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ तेज बहादुर सिंह, मृगेंद्र दुबे, लोली, नितेश दुबे व अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा ने प्रत्येक बूथ पर बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी मीरजापुर के प्रत्येक बूथ पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के शुभअवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया और मिष्ठान भी वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जी ने जिला कार्यालय, कोन मंडल के कमासीन, बारी गांव, चेकसारी एवं बल्लीपुरवां में आयोजित कार्यक्रम में पहुँच कर बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पार्चन एवं माल्यार्पण किया। भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यक्रम उपरांत जिलाध्यक्ष जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत के संविधान निर्माता और समाज सुधारक डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर (बाबा साहेब) की जीवनी केवल एक व्यक्ति का संघर्ष नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के मानवाधिकारों की जीत की गाथा है। बाबा साहेब का जीवन हमें सिखाता है कि शिक्षा वह हथियार है जिससे दुनिया बदली जा सकती है। उन्होंने न केवल दलितों, बल्कि समाज के हर वंचित वर्ग और महिलाओं के लिए न्याय का मार्ग प्रशस्त किया।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष उदयभान तिवारी, आई0टी0 संयोजक अमित कुमार सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा वीरेन्द्र कुमार मौर्य वीरू, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा राजन वर्मा, रामगोपाल वर्मा, रतन कुमार सिंह, विजय शक्ति दूबे, महेन्द्र पाल, शक्ति केन्द्र संयोजक कौशलेश तिवारी, कमलचन्द मौर्य, संतोष कुमार, धर्मेन्द्र कुमार के साथ आदि लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पं0 भावेश शर्मा ने दिया।

# संक्षिप्त खबरें

## थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा 01 गुमशुदा बरामद, परिजनों को किया गया सुपुर्द





**ब्यूरो प्रयागराज-** हंडिया पुलिस टीम द्वारा दिनांक-14.04.2026 को संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत कस्बा हण्डिया के पास 01 व्यक्ति भटकते हुए देख थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा शालीनता से नाम-पता पूछने पर व्यक्ति द्वारा अपना नाम-पता बताया गया, जिस पर थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस कन्ट्रोल रूम के माध्यम से उपरोक्त व्यक्ति के परिजनों से सम्पर्क कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर परिजनों को सुपुर्द किया गया । गुमशुदा व्यक्ति से मिलकर परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे तथा उनके द्वारा कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस के सार्थक प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

## धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के सोमेश्वर नाथ मंडल में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अरैल नैनी क्षेत्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही।कार्यक्रम का नेतृत्व सेक्टर प्रभारी पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी एवं सेक्टर प्रभारी सुभाष चंद्र कुशवाहा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 81 के पार्षद मयंक यादव उपस्थित रहे। उन्होंने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस मौके पर मयंक यादव ने कहा कि यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि हम बाबा साहेब के जन्मदिवस के पावन अवसर पर एकत्रित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान का सम्मान करती रही है और आगे भी करती रहेगी।कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सुभाष कुशवाहा ने किया। वहीं, मंडल महामंत्री सोमेश्वर नाथ मंडल के कृष्णा शुक्ला उर्फ राजू शुक्ला के नेतृत्व में पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार पतिविंदर सिंह, काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख अरविंद महारा, ऋषि महार, प्रदीप तिवारी, प्रदीप कुशवाहा तथा राम लखन विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन राम लखन विश्वकर्मा द्वारा किया।

## नैनी आईटीआई के सामने ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत,चालक फरार



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र में आईटीआई ट्रेनिंग कॉलेज के सामने मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार युवक जा रहा था तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद लोगों ने ट्रक को रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक मौके से फरार होने में सफल रहा।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त शुरू की। बाद में मृतक की पहचान सुरेश कुमार (38 वर्ष) पुत्र रामचंद्र, निवासी लक्ष्मीपुर करछना के रूप में हुई।पुलिस के मुताबिक, मृतक सुरेश कुमार पेशे से राजगीर था और नैनी क्षेत्र में ही काम कर रहा था। वह किसी काम से बाइक से जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया।पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के परिजनों ने नैनी कोतवाली पहुंचकर ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# TCS नासिक के अंदर हिंदू महिलाओं के साथ क्या हुआ?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज-** TCS नासिक सैक्स स्कैंडलकर्मचारियों सामने इस दफ्तर में सालों तक ऑफिस के अंदर महिलाओं का शारीरिक शोषण होता रहा, उन्हें मानसिक रूप से कमजोर किया जा रहा था और कुछ महिलाओं ने तो धार्मिक तौर पर परेशान करने के आरोप भी लगाए। हैंरानी की बात यह है की शुरुआत में इन मामलों पर HR ने कोई एक्शन नही लिया और ना ही कंपनी के किसी हेड ने कोई कार्यवाही की बल्कि महिलाओं को MNC में ऐसा होता है कहकर चुप करवाया गया। लेकिन एक महिला की पुलिस शिकायत ने TCS नासिक सैक्स स्कैंडल को उजाकर कर दिया। TCS नासिक सैक्स स्कैंडल दबाने की काफी कोशिश की गई लेकिन जैसे ही एक महिला ने हिम्मत दिखाकर शिकायत करने की कोशिश की पुलिस ने भी उसका साथ देते हुए जाल बिछाया, सबूत जुटाए, अंदर की परते खंगाली और एक ऐसी रणनीति बनाई की एक-एक कर आरोपी सलाखों के पीछे पहुंच गए। TCS नासिक सैक्स स्कैंडल केवल एक केस नहीं बल्कि सच का खुलासा है जो लंबे समय से पर्दे के पीछे छुपा हुआ था। महिला की शिकायत से शुरुआत में लगा कोई एक व्यक्ति इस पूरे केस में शामिल होगा, लेकिन जब जांच हुई तो कहानी ऐसी खुली कि टाटा ग्रुप की TCS कंपनी के कई कर्मचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, और पता चला HR निदा खान की भूमिका भी इस पूरे मामले में संदिग्ध हो सकती है। नवभारत टाइम्स ने एक रिपोर्ट में पुरुष कर्मचारी के हवाले से दावा किया कि मर्जी के खिलाफ मुझे धार्मिक गतिविधियों में हिस्सा लेने को मजबूर किया गया, कई शिकायतकर्ताओं ने कहा सीनियर अधिकारियों और एचआर के सामने भी ये मुद्दा उठाया गया, लेकिन कोई एक्शन नहीं हुआ. क्योंकि एचआर हेड निदा खान भी इसमें शामिल है. 10 अप्रैल को निदा खान का बयान भी इस मामले में दर्ज किया गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने इस मामले को बेहद गंभीर बताया है, जबकि प्रियंका चतुर्वेदी लगातार इस मसले पर सवाल उठा रही हैं, उधर टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखर का कहना है कि अपने कर्मचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की हमारी नीति हैं, इस घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया जा रहा है. आरोपी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है और कंपनी पुलिस की ओर से चल रही जांच में पूरा सहयोग दे रही है। सभी आरोपी को नौकरी से निलंबित कर दिया गया है, मई 2023 से मार्च 2026 तक ये करतूत पुलिस से कैसे छिपी रही, इसका जवाब भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत में देते हैं. आरोप है कि कुछ कर्मचारियों ने कथित तौर पर WhatsApp ग्रुप बनाए थे, जिनमें कमज़ोर सहकर्मियों को टारगेट करने के बारे में चर्चा होती थी। 6 टीसीएस नासिक घोटाले का मामला 2026 मार्च में तब सामने आया जब एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उसने आरोप लगाया कि 2022 से 2026 के बीच TCS नासिक के ऑफिस में उसके साथ लगातार यौन शोषण होता रहा। छेड़छाड़ और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली घटनाएं भी हुई। उसने अपनी शिकायत में कहा कि TCS नासिक के एक सीनियर ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। जैसे ही पुलिस ने जांच शुरू की और भी महिलाएं सामने आने लगी। करीब 8 से 9 महिलाओं ने शिकायत दर्ज करवाई। 9 FIR दर्ज की गई और चार सालों से चलने वाले इस कैंडल को उजागर किया गया। TCS नासिक सैक्स स्कैंडल में बयान के बाद पुलिस की जांच में सामने आया है कि इस ऑफिस में जॉब करने वाली महिलाओं को पहले छेड़छाड़, अश्लील टिप्पणी का सामना करना पड़ता था।कुछ महिलाओं को मानसिक उत्पीड़न से भी गुजरना पड़ता था। कुछ महिलाओं को झांसा देकर ,झूठा वादा कर शारीरिक संबंध के लिए मजबूर किया गया। इस ऑफिस में कई हिंदू महिलाओं को जबरदस्ती नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया जाता था। रिपोर्ट्स में पाया गया है कि कुछ मामलों में बीफ खाने के लिए भी दबाव डाला गया हिंदू महिलाओं की धार्मिक भावनाओं को मजाक बनाया जाता था।खासकर एक पैटर्न में कर्मचारियों को टारगेट किया जाता था, उन्हें प्रभावित कर धर्म बदलने की भी कोशिश की गई थी। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही की इस कंपनी के HR ने महिलाओं की शिकायत के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की। यहां तक की HR पर भी आरोप लगाए गए हैं। शिकायतों को नजरअंदाज करना और महिलाओं को मामला दबाने के लिए मजबूर करना जैसे आरोप HR पर भी लगे हैं। इस पूरी जांच के दायरे में पुलिस ने 6 से 7 आरोपी गिरफ्तार किए हैं। यह सारे आरोपी टीम लीडर और सीनियर पोजीशन पर थे। एक HR अधिकारी को भी इसमें पकड़ लिया गया है।

# 'मजदूर देश की रीढ़, सरकार ने उन्हें बोझ समझ लिया है', राहुल गांधी ने महंगाई और लेबर कोड पर उठाए सवाल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली से सटे नोएडा में विभिन्न कारखानों में काम करने वाले श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि मजदूर देश की रीढ़ हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने उन्हें बोझ समझ लिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मजदूरों का समर्थन किया और यह दावा भी किया कि सरकार ने पिछले साल चार श्रम संहिताओं को जल्दबाजी में लागू किया जिससे रोजाना काम के घंटे बढ़कर 12 हो गए, लेकिन श्रमिकों के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं हुई। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'कल नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वो इस देश के श्रमिकों की आख़िरी चीख़ थी, जिसकी हर आवाज़ को अनसुना किया गया, जो मांगते-मांगते थक गया।' उन्होंने कहा, ''नोएडा में काम करने वाले एक मज़दूर की 12,000 रुपये महीने की तनख्वाह, 4,000-7,000 रुपये किराया। जब तक 300 रुपये की सालाना बढ़ोतरी मिलती है, मकान मालिक 500 रुपये किराया बढ़ा देता है। 'उनका कहना है कि तनख्वाह बढ़ने तक बेलगाम महंगाई ''ज़िंदगी का गला घोंट देती है, कर्ज़ की गहराई में डुबा देती है और यही 'विकसित भारत' का सच है।'' उन्होंने कहा, 'यह सिर्फ़ नोएडा की बात नहीं है। और यह सिर्फ़ भारत की भी बात नहीं है। दुनियाभर में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं, पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से आपूर्ति शृंखला टूट गई है। मगर, अमेरिका के टैरिफ़ वॉर, वैश्विक महंगाई, टूटती आपूर्ति शृंखला का बोझ मोदी जी के 'मित्र' उद्योगपतियों पर नहीं पड़ा। इसकी सबसे बड़ी मार पड़ी है उस मज़दूर पर जो दिहाड़ी कमाता है, तभी रोज़ खाता है।' राहुल गांधी के अनुसार, एक और ज़रूरी मुद्दा है कि मोदी सरकार ने 4 श्रम संहिताओं को जल्दबाज़ी में और बिना संवाद के नवंबर, 2025 से लागू कर दिया, जिसके तहत काम का समय 12 घंटे तक बढ़ा दिया।उन्होंने कहा, 'जो मज़दूर हर रोज़ 12-12 घंटे खड़े होकर काम करता है फिर भी बच्चों की स्कूल फ़ीस क़र्ज़ लेकर भरता है। क्या उसकी मांग ग़ैरवाजिब है? और जो उसका हक़ हर रोज़ मार रहा है - वो 'विकास' कर रहा है?'

# सट्टे से खुला करोड़ों का साइबर फ्रॉड, दुबई कनेक्शन वाले 'ब्रांच 24' गैंग के 8 सदस्य गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** कानपुर में ऑनलाइन सट्टेबाजी के नाम पर चल रहे एक हाईटेक साइबर फ्रॉड का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। बर्रा पुलिस ने ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है, जो ढ्ढक्क सट्टे के जरिए लोगों को जाल में फंसाकर करोड़ों रुपये की ठगी कर रहा था। इस गिरोह के तार सीधे दुबई से जुड़े मिले है। पुलिस ने इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपी शहर के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं और इन्हें बर्रा के पीले पुल के पास से दबोचा गया। पूछताछ में जो खुलासे हुए, उसने पुलिस को भी चौंका दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी प्रतिबंधित बेटिंग ऐप जैसे लोटस 365, रेडी बुक और अन्य प्लेटफॉर्म के क्लोन बनाकर लोगों को सट्टा खिलाते थे। शुरुआत में यूजर्स को छोटी रकम जिताकर उनका भरोसा जीता जाता था, लेकिन जैसे ही वे बड़ी रकम लगाते, उन्हें हरा दिया जाता था। इस तरह लोग धीरे-धीरे ठगी के जाल में फंसते चले जाते थे। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि सट्टा जीतने वालों को जो पैसा दिया जाता था, वह असल में साइबर ठगी से लूटा गया होता था। आरोपी व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए बैंक खातों की डिटेल प्राप्त करते और उसी हिसाब से रकम ट्रांसफर करते थे। इसके बदले उन्हें हर महीने 25 से 50 हजार रुपये तक मिलते थे। पुलिस के मुताबिक, इस गैंग का नाम 'ब्रांच 24' है और इसके कई अन्य नेटवर्क भी सक्रिय हैं। आरोपियों के बैंक खातों की जांच में पिछले तीन महीनों के भीतर एक अरब रुपये से ज्यादा का ट्रांजेक्शन सामने आया है, जो इस नेटवर्क के बड़े पैमाने पर फैलाव की ओर इशारा करता है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 26 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 54 एटीएम कार्ड, 30 सिम कार्ड, चेकबुक और पासबुक बरामद की हैं। साथ ही करीब 50 लाख रुपये की संदिग्ध रकम को फ्रीज कराने की प्रक्रिया जारी है।

# बंगाल में हटाए गए मतदाताओं को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अभी मतदान का अधिकार नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए लोगों को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि लंबित अपीलों वाले मतदाताओं को फिलहाल मतदान का अधिकार नहीं दिया जा सकता। सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने उन याचिकाकर्ताओं की मांग खारिज करते हुए उन्हें अपीलीय न्यायाधिकरणों के पास जाने का निर्देश दिया, जिनके नाम एसआईआर अभियान में हटाए गए थे और जिनकी अपीलें अभी अपीलीय न्यायाधिकरणों में लंबित हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि अंतरिम राहत देना असंभव है, क्योंकि इससे चुनावी प्रक्रिया प्रभावित होगी। पीठ ने कहा कि जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं और जिनकी अपील अपीलीय न्यायाधिकरणों में सुनवाई के लिए पेंडिंग हैं, उन्हें वोट देने की इजाज़त तभी दी जाएगी, जब उनके नाम फाइनल फैसले के बाद वोटर लिस्ट में शामिल किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी 13 लोगों के एक समूह द्वारा दायर याचिका पर आई, जिसमें मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ हस्तक्षेप की मांग की गई थी। पीठ ने याचिका को 'समय से पहले' बताते हुए खारिज कर दिया और याचिकाकर्ताओं को अपीलीय न्यायाधिकरणों में ही राहत मांगने की सलाह दी। पीठ ने अपने आदेश में कहा चूंकि याचिकाकर्ता (कुरैशा यास्मीन और अन्य) पहले ही अपीलीय न्यायाधिकरणों से संपर्क कर चुके हैं, इसलिए याचिका में व्यक्त आशंकाएं समय से पहले हैं। अगर याचिका स्वीकार कर ली जाती है, तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि उसने याचिका के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं की है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि निर्वाचन आयोग ने उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना मनमाने ढंग से नाम हटाए हैं, और इसके खिलाफ दायर अपील पर समय पर सुनवाई नहीं की जा रही। चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील डीएस नायडू ने बताया कि लगभग 30 से 34 लाख अपीलें अभी लंबित हैं। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि अगर बहस करने की अनुमति ही नहीं दी जाती तो अपीलों का क्या फायदा? क्या इनका फैसला तय समयसीमा में होगा या इन्हें लगातार टाला जाएगा? सुनवाई के दौरान टीएमसी के वरिष्ठ नेता कल्याण बनर्जी ने पीठ को बताया कि कम से कम 16 लाख अपीलें दायर की गई हैं। उन्होंने आग्रह किया कि इन लोगों को आगामी दो चरणों के विधानसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति दी जाए। इस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि यह बिल्कुल असंभव है। अगर हम ऐसा करते हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के मतदान अधिकार निलंबित करने पड़ेंगे। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों ने 9 अप्रैल तक फैसला पूरा कर लिया है- भले ही उन्होंने 1-2 दिन ज़्यादा लगा दिए हों, मैंने उन्हें (आगे के दावों पर फैसला करने के लिए) इजाज़त दे दी है। 153 चुनाव क्षेत्र हैं- 7-8 चुनाव क्षेत्रों का कुछ हिस्सा अलग था- जो नाम छूट गए थे, उन्हें 23 अप्रैल के चुनावों की लिस्ट में जोड़ दिया जाएगा। चिंता न करें, अगर उनके नाम हैं, तो वे वोटिंग करेंगे। इस पर, कल्याण बनर्जी ने कहा कि शामिल करने के लिए (अपीलेट ट्रिब्यूनल में) 16 लाख अपीलें फाइल की गई हैं और पूछा कि उन सभी दावों पर फैसला करना कैसे मुमकिन होगा। इस पर सीजेआई ने कहा कि अगर यही हालात है, जैसा पिटीशनर्स बता रहे हैं, तो कोर्ट को क्या करना चाहिए? सीजेआई ने कहा, 'जिन्हें इजाज़त दी गई है, क्या हमें उन शामिल किए गए नामों पर भी रोक लगा देनी चाहिए।' सीजेआई ने जोर देकर कहा कि अगर पिटीशनर्स एसआईआर प्रक्रिया पर आपत्ति जताते रहेंगे, तो चुनाव कैसे होंगे।

# शिक्षा, संगठन और संघर्ष ही परिवर्तन का मार्गः संतोष आर्मी

## ● संविधान की ताकत से ही मिलेगा हर वर्ग को अधिकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी विचारधारा की प्रेरणा से ओत-प्रोत, संतोष आर्मी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी (सैनिक प्रकोष्ठ) के तत्वाधान में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती अत्यंत श्रद्धा, गरिमा एवं उत्साह के साथ विभिन्न स्थानों पर मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों एवं जागरूकता रैलियों में सैनिक प्रकोष्ठ की पूरी टीम, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता तथा क्षेत्र की जागरूक जनता ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। पूरा वातावरण सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे के संकल्प से गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी (सैनिक प्रकोष्ठ) के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष आर्मी ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और आत्मसम्मान की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि बाबा साहब के बताए मार्ग– 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो '–को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र की सेवा में सदैव अग्रणी रहें। उन्होंने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यही वह आधारशिला है, जो हर नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और अवसर प्रदान करती है। समाजवादी विचारधारा इसी संविधान की मूल भावना– समानता, सामाजिक न्याय और सहभागिता–को सशक्त बनाने का कार्य करती है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संकल्प दोहराया गया कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय, सम्मान और अधिकार पहुंचाने के लिए समाजवादी पार्टी



निरंतर संघर्षरत रहेगी। उक्त कार्यक्रम प्रतापपुर विधानसभा के विभिन्न ग्रामसभाओं–प्रतापपुर, मियां का पूरा, कपसा, रैनी, ख़खाइच, लोरीडीह, बजती, ईश्वरपुर, आरा कला, सराय आरजानी, मैलाहन, सराय अमरेंज, खानपुर डरी, आरा, फतेपुर माफी बाजार एवं बालीपुर–में आयोजित किए गए, जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। अंत में सभी ने बाबा साहब के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# नोएडा में कर्मचारियों के बवाल के बाद योगी सरकार का बड़ा आदेश, मजदूरों की सैलरी में 3000 की बढ़ोतरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** नोएडा के इंडस्ट्रियल इलाकों में फैक्ट्री कर्मचारियों ने न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर कई दिनों से आंदोलन कर रहे थे। 9 अप्रैल से शुरू हुए इस प्रदर्शन ने सोमवार 13 अप्रैल को हिंसक रूप ले लिया। करीब 42 हजार कर्मचारी सड़कों पर उतर आए। सबसे पहले फेज-3 इलाके में हालात बिगड़े। कर्मचारियों ने पथराव किया, सड़कें जाम कर दीं और कई जगहों पर तोड़फोड़ शुरू कर दी। प्रदर्शन धीरे-धीरे नोएडा के लगभग 10 औद्योगिक क्षेत्रों में फैला हुआ था, जैसे कि सेक्टर 57, 40, 60, 85, 62, 1 और 15।। ष्ठह्रष्ठ फ्लाइओवर के पास भी सड़क जाम हो गई। कर्मचारियों ने 350 से ज्यादा फैक्टरियों में तोड़फोड़ की। 50 से अधिक गाड़ियों में आग लगा दी और 150 वाहनों को नुकसान पहुंचाया। पुलिस पर भी पत्थरबाजी हुई। कुछ इलाकों में RAF और PAC को बुलाना पड़ा। पुलिस ने स्थिति को काबू करने के लिए 200 लोगों को हिरासत में लिया और 60 के खिलाफ केस दर्ज किए। डीजीपी राजीव कृष्ण और ष्ठत्र अमिताभ यश ने कंट्रोल रूम से पूरे समय मॉनिटरिंग की। उन्होंने साफ कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। कर्मचारियों की मुख्य मांग थी कि उनकी सैलरी बढ़ाई जाए। हरियाणा सरकार ने हाल ही में न्यूनतम मजदूरी में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। नोएडा के मजदूरों को लगता था कि उनके राज्य में वेतन बहुत कम है।

वे 20 हजार रुपये या उससे ज्यादा न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम का सही भुगतान, बेहतर काम की घंटे और सुरक्षित माहौल चाहते थे। सोशल मीडिया पर अफवाह फैली कि सरकार ने न्यूनतम वेतन 20 हजार रुपये कर दिया है, लेकिन कंपनियां इसे नहीं मान रही हैं। इस अफवाह ने गुस्सा और बढ़ा दिया। कई मजदूरों का कहना था कि 11-12 रुपये सैलरी में महंगाई का बोझ उठाना मुश्किल हो रहा है। रूम किराया, गैस और बच्चों की पढ़ाई जैसे खर्च बढ़ गए हैं। सरकार ने कर्मचारियों को तत्काल राहत देते हुए न्यूनतम मजदूरी दरों में 300- रुपये तक की बढ़ोतरी कर दी है। बढ़ी हुई सैलरी 1 अप्रैल से लागू होगी। सरकार ने साफ कहा कि सोशल मीडिया पर फैली गलत अफवाहों से कर्मचारियों को भड़काया गया। अब माहौल शांत है। इंडस्ट्रियल इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात है। ष्टष्टञ्जङ्क और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। सरकार ने कर्मचारियों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और औद्योगिक अशांति फैलाने वालों से सावधान रहें।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती



**नैनी,प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में चाका क्षेत्र के वार्ड नंबर 17 में पार्षद अनुप पासी के सौजन्य से डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई।इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा 'बाबा साहब अमर रहें' के गगनभेदी नारे लगाए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।कार्यक्रम में पार्षद अनुप पासी एवं उनकी धर्मपत्नी गीता भारतीय ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। वहीं भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा गरीब और असहाय लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया,जिससे प्रेरणा लेकर हमें भी समाज सेवा के लिए आगे आना चाहिए।

# अंबेडकर जयंती पर 'सामाजिक समरसता दौड़' का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) प्रयाग महानगर द्वारा 'खेलो भारत' गतिविधि के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में 'सामाजिक समरसता दौड़' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में समानता, एकता और समरसता के भाव को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केशरवानी एवं लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. फरादीवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामाजिक एकता का संदेश दिया। महापौर उमेश चंद्र गणेश केशरवानी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज को समानता और एकता की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में समरसता को बढ़ावा देने में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. फरादीवा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्र निर्माण और सामाजिक एकता के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने युवाओं से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक राहुल तिवारी, महानगर उपाध्यक्ष डॉ. विवेक राय एवं प्रेम प्रकाश, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आंचल सिंह, प्रांत सहमंत्री निवेदिता मिश्रा, शांतनु मिश्रा, सूर्य प्रकाश, ज्ञान प्रकाश, अंबुज शुक्ला, अमन, अभिनव, सौरभ, कुंजन एवं सौरव सिंह सहित विद्यार्थी परिषद के अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# प्रयागराज जंक्शन के सिटी साइड पर पुनर्विकास कार्य प्रारंभ

## पार्किंग व्यवस्था अस्थायी रूप से प्रतिबंधित

**ब्यूरो प्रयागराज-** प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर चल रहे व्यापक पुनर्विकास कार्यों के क्रम में सिटी साइड पर भी निर्माण कार्य दिनांक 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। निर्माण कार्य प्रारंभ होने के साथ ही दिनांक 15 अप्रैल 2026 से अग्रिम आदेश तक सिटी साइड पर स्टेशन परिसर में वाहनों की पार्किंग सुविधा पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। प्रयागराज जंक्शन पर सिविल लाइंस साइड में पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध है। जिन यात्रियों को अपने वाहन पार्क करने की आवश्यकता है, वे उक्त व्यवस्था का उपयोग कर सकते हैं। रेल प्रशासन समस्त यात्रियों एवं आमजन से अनुरोध करता है कि वे इस अवधि के दौरान सहयोग प्रदान करें तथा सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु सिविल लाइंस साइड में पार्किंग सुविधा का उपयोग करें। इसके अतिरिक्त, सिटी साइड पर भी वैकल्पिक व्यवस्थाएं विकसित किए जाने के प्रयास निरंतर जारी हैं। उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित होते ही सिटी साइड पर सीमित पार्किंग सुविधा पुनः प्रारंभ की जाएगी।

# iGOT कर्मयोगी भारत साधना सप्ताह में उत्तर मध्य रेलवे के मंडलों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान

**ब्यूरो प्रयागराज-** iGOT कर्मयोगी भारत के अंतर्गत आयोजित साधना सप्ताह (02 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026) के दौरान आयोजित नेशनल लर्निंग वीक में उत्तर मध्य रेलवे के मंडलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर संगठन की कार्यक्षमता, प्रशिक्षण के प्रति प्रतिबद्धता एवं मानव संसाधन विकास में अपनी अग्रणी भूमिका को पुनः स्थापित किया है। इस उपलब्धि के अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न मंडलों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए कर्मचारियों को निर्धारित 4 घंटे का प्रशिक्षण कोर्स पूर्ण कराने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। झांसी मंडल ने कार्यरत कर्मचारियों के प्रतिशत के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 77.44% कर्मचारियों द्वारा 4 घंटे का कोर्स पूर्ण कराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि मंडल में प्रशिक्षण के प्रति जागरूकता एवं प्रभावी कार्यान्वयन को दर्शाती है। प्रयागराज मंडल ने सर्वाधिक कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए 15,347 कर्मचारियों द्वारा 4 घंटे का कोर्स पूर्ण कराकर प्रथम स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि बड़े स्तर पर मानव संसाधन के सफल प्रशिक्षण एवं समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस प्रकार उत्तर मध्य रेलवे एवं झांसी मंडल ने साधना सप्ताह के दौरान समग्र रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जो संगठन की प्रशिक्षण संस्कृति एवं निरंतर सीखने की प्रवृत्ति को सुदृढ़ करता है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए दिनांक 17 अप्रैल 2026 को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उत्तर मध्य रेलवे एवं झांसी मंडल को सम्मानित किया जाएगा, जिसमें इनकी इस सफलता को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान की जाएगी। महाप्रबंधक श्री नरेश पाल सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्राप्त इस उपलब्धि के लिए उन्होंने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास, समर्पण, अनुशासन एवं उत्कृष्ट समन्वय के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। यह सफलता न केवल संगठन की कार्य संस्कृति को दर्शाती है, बल्कि भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती है।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रीनलैण्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** चपरीकला पांडेयबारा स्थित ग्रीनलैण्ड पब्लिक स्कूल में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। विद्यालय के निदेशक पंचम कुमार पाण्डेय ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही वह हथियार है जिससे समाज में समानता लाई जा सकती है। उन्होंने छात्रों को उनके आदर्शों पर चलने और शिक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा चित्रांकन भी किया गया। अंत में सभी ने मिलकर डॉ. अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने और समाज में समानता एवं भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस मौके पर धनंजय कुमार, प्रीति कुमारी, नीरज पाण्डेय, शिवम सिंह, करन कुमार पाण्डेय, सानिया कुमारी, सोहानी कुमारी, पूजा सिंह, श्वेता पाण्डेय, तन्नू कुमारी, सुप्रिया कुमारी, पायल कुमारी, नीतू सिंह तथा रशिक सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### मधुपुर में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** मधुपुर नगर में भारत के महान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुदामा यादव ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने भारतीय समाज को समानता, न्याय और अधिकारों का मार्ग दिखाया। उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आगे आएं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी डॉ. अम्बेडकर के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुदामा यादव, सुमित यादव, दिवाकर कुमार, आशीष कुमार, प्रीतम कुमार, विकास कुमार, आशीष कुमार धोनी यादव, सुमन कुमार, पीतांबर मरांडी, प्रिंस कुमार सहित नगर के कई कार्यकर्ता एवं छात्र उपस्थित रहे।

### अंबेडकर जयंती पर बनहरदी परियोजना में सेवा और सम्मान का संगम, बच्चों को मिली शैक्षणिक सामग्री



**लातेहार, झारखंडः-** बनहरदी कोयला खनन परियोजना के साइट कार्यालय में 14 अप्रैल 2026 को भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर एम. चंद्र सेगर (अपर महाप्रबंधक, कोयला खनन), विनेश कुमार (वरिष्ठ प्रबंधक), संजय कुमार (उप प्रबंधक, मानव संसाधन), आदित्य वैश्य (अधिकारी, मानव संसाधन) एवं अबीर लाल (कार्यपालक, भूमि अधिग्रहण/पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन) सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और समाज में समानता एवं शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत परियोजना द्वारा आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थियों को स्कूल बैग, नाश्ता एवं पानी की बोतलों का वितरण किया गया। इस पहल से बच्चों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# चौपारण के दैहर से सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान का 55 वां जत्था हुआ रवाना

**●सांसद मनीष जायसवाल ने पुष्प वर्षा कर और पांव पखारकर तीर्थाटन के लिए यात्रियों को किया रवाना**

**बुजुर्गों को सम्मान और सनातन धर्म में तीर्थाटन की परंपरा को जीवंत रखना इस योजना का है उद्देश्यः मनीष जायसवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा बुजुर्गों के सम्मान और आस्था को समर्पित 'सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान' की गौरवशाली यात्रा निरंतर जारी है। इसी कड़ी में बरही विधानसभा के



चौपारण पश्चिमी मंडल अंतर्गत दैहर पंचायत से इस महाअभियान का 55वाँ जत्था पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। यात्रा के शुभारंभ से पहले मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने प्रसिद्ध कमलेश्वरी माता स्थान में माथा टेककर आशीर्वाद लिया और फिर 65 बुजुर्ग श्रद्धालुओं के चरण पखारकर एवं उन पर पुष्प वर्षा कर उन्हें तीर्थाटन के लिए विदा किया। विदाई के समय श्रद्धालुओं के चेहरे पर दिख रही अटूट आस्था और खुशी ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस योजना का मूल उद्देश्य बुजुर्गों को सम्मान देना और सनातन धर्म की तीर्थाटन परंपरा को जीवित रखना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब सनातन संस्कृति पर चौतरफा दबाव है, तब ऐसे तीर्थाटन बुजुर्गों को अपनी सभ्यता से जोड़कर धर्म की रक्षा के लिए जागरूक बनाने का कार्य करते हैं। उन्होंने संकल्प लेते हुए कहा कि जब तक ईश्वर की कृपा रहेगी, बुजुर्गों की सेवा का यह पुण्य कार्य अनवरत चलता रहेगा ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहें।

मौके पर हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, बरही विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के प्रभारी जुगनू सिंह, बरही विधानसभा के सह-सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी,रामस्वरूप पासवान, मणिलाल यादव, अजीत कुमार राणा,संजय पांडेय,जिप सदस्य राकेश रंजन,सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। यात्रियों की विदाई करने के बाद भदान निवासी जन्मेजय कुमार सिंह के आवास पर सांसद मनीष जायसवाल जी ने कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक भी किया, जिसमें कार्यकर्ताओं को आगे का कार्यक्रम पर चर्चा की तथा विकास की रणनीति पर चर्चा हुई।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती

**●छात्र-छात्राओं ने उनके विचारों को अपनाने का लिया संकल्प, शिक्षा को बताया सबसे बड़ा अधिकार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** देवचंद मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े उत्साह एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने उनके जीवन, संघर्ष एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया था। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में उतारकर समाज में समानता और जागरूकता फैलानी चाहिए।

विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हमें कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों पर चलकर ही हम एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी दी कि कक्षा 11वीं में नामांकन प्रक्रिया जारी है। विज्ञान एवं मानविकी संकाय में एडमिशन के साथ-साथ विद्यार्थियों को NEET, IIT-JEE, CUET, CLAT एवं NDA जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जा रही है। सीमित सीटों को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों से जल्द नामांकन कराने की अपील की गई है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने उनके बताए मार्ग पर चलने एवं शिक्षा के महत्व को समझते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

## अवैध खनन व ओवरलोडिंग के खिलाफ सघन अभियान

**कई वाहनों पर कार्रवाई**

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह के नेतृत्व में अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान जनपद के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर संदिग्ध और ओवरलोड वाहनों की गहन चेकिंग की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही माल परिवहन करने तथा सभी वैध प्रपत्र साथ रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्हें यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करते हुए अवैध खनन और ओवरलोडिंग से होने वाली दुर्घटनाओं एवं राजस्व हानि के बारे में भी जानकारी दी गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## समता की वैचारिकी के पर्याय हैं आंबेडकर

**देवरिया।** सामाजिक अन्याय के विरुद्ध भारत देश में यदि किसी ने सबसे सफल और सटीक आंदोलन चलाया तो वे बाबा साहब डा भीम राव अम्बेडकर हैं जिन्होंने अपने प्रहार और उपचार से न केवल हजारों वर्ष पुराने जटिल रोग को पकड़ा अपितु उससे एक बहुत बड़े समाज को निरोग बनाने का भी इंतजाम किया,उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण यादव ने कहा कि आंबेडकर नाम विषमता को खत्म कर समता की वैचारिकी का पर्याय है। यादव ने कहा कि बीसवीं सदी का पूरा काल खंड आंबेडकर साहब के आंदोलनों और उससे प्राप्त परिणामों से भरा पड़ा है। वंचितों के पक्ष में यदि कोई वास्तविक समुद्र मंथन हुआ है और उससे अमृत निकाल इस देश की उपेक्षित जमातों को पिलाने का इंतजाम किसी के नेतृत्व में किया गया है तो वह आंबेडकर साहब हैं जिन्हें जन्म जयंती पर नमन है।

## आदिवासी साफाहोड़ समाज के श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव से महादेव-महादेवी की पूजन की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** पाकुड़िया प्रखण्ड के खाकसा सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में 14 अप्रैल को बैशाख महीने की पुणीत बेला में आदिवासी साफाहोड़ समाज के श्रद्धालुओं ने पूरी भक्ति-भाव से महादेव-महादेवी की उपासना की। पाकुड़िया प्रखण्ड के बीच पहाड़ी, खाकसा, श्रीरामपुर तथा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष बैशाख के महीने में आदिवासी साफाहोड़ समाज के भक्त वृंद अपने आराध्य देव महादेव व आदि माता माह देवी की अर्चना कर मंगल कामना करते हैं। 14 अप्रैल को पाकुड़िया बाजार में श्रद्धालु, विशेष रूप से महिलाएं, भगवान-भगवती को अर्पण हेतु मिष्ठान, फलादि व पूजन सामग्रियां खरीदते दिखे। इसे चढ़क पूजा भी कहा जाता है। इस अवसर पर खाकसा, बीच पहाड़ी, श्रीरामपुर ग्राम में मेला का आयोजन होता है,



जिसे स्थानीय भाषा में पाता मेला भी कहा जाता है। वर्षों पूर्व पाकुड़िया, बीच पहाड़ी, श्रीरामपुर ग्राम के मेला परिसर में श्रद्धालु अंगारों पर चलते थे और एक बड़े खम्भे में अलग से लंबी लकड़ी को चरखी बनाकर श्रद्धालु महादेव-महादेव का जयघोष करते हुए कई चक्कर लगाते थे बारी-बारी से। हालांकि फिलहाल उक्त परंपरा बंद है। इन भक्ति-भाव से भक्त वृंद महादेव-महादेवी की उपासना कर मंगल कामना करते हैं। बुधवार 15 अप्रैल को बीच पहाड़ी गांव में पाता मेला का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर लोगों में उत्साह है।

# हजारीबाग यूथ विंग ने पेश की मानवता की मिसाल, 325 यूनिट रक्त संग्रह कर रचा नया इतिहास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हजारीबाग यूथ विंग ने वर्ष 2026 में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में अब तक का सबसे बड़ा एकदिवसीय महा रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में कुल 325 यूनिट रक्त संग्रह कर संगठन ने मानवता की सेवा में उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में रक्तदाताओं की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कुछ ही घंटों में स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम की सफलता में हजारीबाग पुलिस विभाग, रेड क्रॉस सोसाइटी तथा सदर अस्पताल की टीम का विशेष योगदान रहा। सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार के कारण लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी और ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए।



इस अवसर पर युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। आधा दर्जन से अधिक महिलाओं ने रक्तदान कर समाज में सकारात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने किया। उन्होंने रक्तदाताओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, जो जरूरतमंदों को जीवनदान देता है। कार्यक्रम में सिमरिया विधायक उज्ज्वल कुमार दास ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। वहीं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की पहल पर झारखंड पुलिस के जवानों और एनसीसी कैडेट्स ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर की शुरुआत संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल और विनीता खंडेलवाल द्वारा रक्तदान कर की गई। रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हेलमेट प्रदान किए गए तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन की सफलता में संस्था के संरक्षक, पदाधिकारी एवं सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने बताया कि संगठन का उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता करना और समाज में सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रहेंगे। यह महा रक्तदान शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सैकड़ों जरूरतमंदों के जीवन को बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ है, जो अन्य संगठनों और युवाओं को भी समाजसेवा के लिए प्रेरित करेगा।

## अभाविप ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, कुआनो नदी के प्रदूषण पर भड़के युवा

**●अगर विकास विभाग जिला प्रशासन नहर विभाग द्वारा नदियों में सफाई व्यवस्था और जल प्रवाह के लिए कदम उठाया जाए तो प्रदूषित नदियां स्वच्छ हो जाएगी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में जिला प्रशासन की उपेक्षा से नदियों पर संकट गहराया है जबकि 2019-20 में नदियों की सफाई का करोड़ों रुपया डकार गई विकास विभाग द्वारा लेकिन नदियों में केवल फोटो खींचने वाले अधिकारी दिखाई दिए सफाई व्यवस्था ध्वस्त तस्वीर बनी हुई है कुआनो नदी का प्रदूषण एक बार फिर बड़ा मुद्दा बन रहा है। इस बार अभाविप ने प्रदर्शन कर कुआनों नदी की वृहद स्तर पर सफाई कराने हेतु स्थानीय प्रशासन का ध्यान



खींचा है। इसके लिये अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 'कुआनो संरक्षण अभियान' की घोषणा की है और चरणबद्ध आन्दोलन की रणनीति तैयार किया है।

अभाविप कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने नदी में बढ़ते प्रदूषण और अवरोध के खिलाफ कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में अमहट क्षेत्र में वर्षों पहले धराशाई हुये पुल के अवशेषों को वर्षों बाद भी साफ न कराये जाने पर नाराजगी जाहिर की गई है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि मलबे के कारण नदी का प्रवाह रूक गया है और उसमें गंदगी व बढ़ रही है। इसके चलते मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। अभाविप ने गणेशपुर स्थित पेपर मिल से छोड़े जा रहे औद्योगिक अपशिष्ट को लेकर भी कड़ा विरोध जताया। आरोप है कि इस जहरीले अपशिष्ट से नदी का पानी दूषित हो रहा है। इसका असर जलजीवों, पशुओं और किसानों पर पड़ रहा है। प्रांत संयोजक अमरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि कुआनो नदी बस्ती जनपद की जीवनरेखा है और इसकी अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला मीडिया संयोजक मारुत पाण्डेय ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए, तो अभाविप इस मुद्दे पर बड़ा जनआंदोलन खड़ा करेगा।

अभाविप ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल मलबा हटाकर नदी का प्रवाह बहाल किया जाए। साथ ही, प्रदूषण फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि कुआनो नदी को बचाया जा सके। इस दौरान इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक देवेन्द्र पाल, जिला संयोजक विकास कसौधन, आशुतोष पाण्डेय, अखिलेश सिंह, अभिनव, शिवांश, गणेश, हर्षित,अंकित, शुभम, हिमांशु, नीतीश तथा अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लातेहार में अंबेडकर जयंती पर उमड़ा सम्मान, उपायुक्त ने दी श्रद्धांजलि और दिया सामाजिक एकता का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंडः-** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को लातेहार जिले में श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक एकता का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने विवेकानंद पार्क, चन्दनदीह में बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उपायुक्त ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई और समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके विचार आज भी देश को समानता, न्याय और भाईचारे के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि बाबा साहेब के आदर्शों को अपने



जीवन में अपनाएं और समाज में समरसता एवं भाईचारे को और मजबूत करें। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा, जागरूकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान ही एक सशक्त और विकसित समाज की नींव है। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक सौहार्द का संदेश प्रमुख रूप से झलका।

## घर में घुसकर मारपीट व धमकी को लेकर आरोपियों पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर उदयपुर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के रग्घू सिंह का पुरवा राजापुर निवासी जितेन्द्र कुमार कोरी की पुत्री आंचल ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 13 अप्रैल को शाम साढ़े सात बजे गांव के प्रदीप पुत्र स्व0 घेर्राऊ कोरी व गुड़िया पत्नी प्रदीप ने गालीगलौज शुरू की। मना करने पर आरोपियों द्वारा घर में घुसकर मारपीट की गयी। बीचबचाव के लिए पीड़िता की मां कृष्णावती व बाबा लाल बहादुर आये तब उन्हें भी आरोपियों ने मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियों ने जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रदीप समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## डीएम ने जिला खेल स्टेडियम में नव निर्मित वॉलीबॉल, लॉन टेनिस तथा बैडमिंटन कोर्ट का किया निरीक्षण





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज ।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह द्वारा जिला खेल स्टेडियम में नव निर्मित वॉलीबॉल, लॉन टेनिस तथा बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया गया। जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मैदान में उगी झाड़ियों तथा फैली गंदगी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि नगर पालिका एवं पंचायत के सफाई कर्मियों की टीम गठित कर नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि खिलाड़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके।

उन्होंने लॉन टेनिस एवं वॉलीबॉल कोर्ट का निरीक्षण करते हुए कहा कि मैदान के चारों ओर मिट्टी भराई कर किनारों एवं पटरी को समतल किया जाए, जिससे खिलाड़ियों को किसी प्रकार की शारीरिक चोट न पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि टेनिस बॉल को बाहर जाने से रोकने के लिए कोर्ट के चारों ओर मजबूत जाली लगाई जाए। बैडमिंटन हॉल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि खिलाड़ी बेहतर ढंग से अभ्यास कर सकें।

जिलाधिकारी ने कहा कि खेल सुविधाओं का विकास युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है, अतः सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कमियों को शीघ्र दूर कर खेल परिसर को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श नवीन कुमार गोयल, उपजिलाधिकारी प्रेम शंकर पाण्डेय, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला क्रीड़ा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## क्रिएटिव अकैडमी, चंदवा में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनी डॉ. अंबेडकर जयंती, छात्रों ने लिया संविधान पालन का संकल्प

**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा स्थित क्रिएटिव अकैडमी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा/चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. मनु कुमार गुप्ता ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी धर्मों और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने पर बल देते हुए कहा कि बाबा साहेब ने समाज के विभिन्न वर्गों को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया, जिसे बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों को संविधान की शपथ दिलाई और उन्हें अनुशासन, समानता एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया। शिक्षकों ने कहा कि बच्चों को विद्यालय में न केवल शिक्षा, बल्कि संस्कार और जिम्मेदार नागरिक बनने की सीख भी दी जाती है, ताकि वे आगे चलकर देश के विकास में योगदान दे सकें। इस मौके पर शिक्षक निखिल वर्मा, अमृत कौर, खुशी कुमारी, शिखा कुमारी, वर्षा कुमारी, ऋतु कुमारी, सनिका, मुस्कान, दीपक कुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सभी में बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने की नई प्रेरणा जगाई।

# विकासखंड कप्तानगंज केग्राम पंचायत नयकापार में अधूरे कार्य का पूर्ण फर्जी बिल वाउचर हुआ फीड

**● बीडीओ चन्द्रभान उपाध्याय कम्प्यूटर ऑपरेटर ने फर्जी बिल वाउचर फीड में निभाई अहम है भूमिका-शासनादेश के अनुसार पहले पूर्ण होना चाहिए कार्य फिर बाद में फीड होना चाहिए पूर्ण बिल वाउचर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है इसे रोक पाना सरकार के लिए नामुमकिन सिद्ध हो रहा है फर्जी बिल लगा करके भुगतान किया जा रहा है जिसमें जिम्मेदार अधिकारी भी संलपिता पाई जा रही है कब होगी इन लोगों पर कार्रवाई सचिन प्रधान से कब होगा रिकवरी का पैसा ताजा मामला जिले के विकासखण्ड कप्तानगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नयकापार में बिना कार्य पूर्ण हुए ही फर्जी बिल वाउचर खण्ड विकास अधिकारी कप्तानगंज चन्द्रभान उपाध्याय व कम्प्यूटर ऑपरेटर की सहायता से फीड हो गया है जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है । सरकारी शासनादेश के अनुसार पहले कोई भी विकास कार्य पूर्ण होना चाहिए फिर बाद में पूर्ण भुगतान हेतु बिल वाउचर फीड होना चाहिए और मनरेगा कार्यों में कार्यरत मिस्त्री - मजदूर का भुगतान होना चाहिए फिर बाद में सामाग्री का भुगतान होना चाहिए । खण्ड विकास अधिकारी चन्द्रभान उपाध्याय व कम्प्यूटर ऑपरेटर ने ग्राम प्रधान उर्मिला सिंह से कमीशन की मोटी रकम लेकर फर्जी बिल वाउचर भुगतान हेतु आनलाइन साइड पर फीड करा दिया है । खण्ड विकास अधिकारी चन्द्रभान उपाध्याय का कार्यकाल जून में पूर्ण हो रहा है अर्थात् जून माह में खण्ड विकास अधिकारी सेवा मुक्त / रिटायर हो रहे हैं इसीलिए सेवा मुक्त / रिटायर होने से पहले सरकारी धन को लूटने में पूरी ताकत लगा दिया है । खण्ड विकास अधिकारी को ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों से कोई लेना-देना नहीं है । खण्ड विकास अधिकारी का मुख्य उद्देश्य कमीशन की मोटी रकम मिले चाहे जैसे मिले ।

आपको बता दें कि ग्राम पंचायत नयकापार में पिच रोड से राम निहाल धोबी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य के नाम पर सरकारी धन लूटने का खेल जारी है और इण्टरलाकिंग अभी पूर्ण रूप से अधूरा है लेकिन इण्टरलाकिंग कार्य पूर्ण कराने के बजाए ग्राम प्रधान उर्मिला सिंह ने फर्जी बिल वाउचर बनाकर भुगतान हेतु फीड करा दिया है । पिच रोड से राम निहाल धोबी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य के नाम पर 592000 रुपये का फर्जी बिल वाउचर भुगतान फीड होना प्रदेश सरकार के जिम्मेदार अधिकारियों / कर्मचारियों पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है । ग्राम पंचायत नयकापार में फीड फर्जी बिल वाउचर को डिलीट करवाना तेज तर्रार मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल के लिए चुनौती बना हुआ है ।

# संक्षिप्त खबरें

## अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि, जन-जागरूकता रैली का शुभारंभ



**कानपुर।** दिनांक 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर पर वर्ष 1944 में मुंबई में एसएस फोर्ट स्टिकाइन जहाज में हुए भीषण विस्फोट एवं अग्निकांड में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों की वीरता एवं सर्वोच्च बलिदान को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल के निर्देशन में जनपद के समस्त अग्निशमन केंद्रों पर शोक परेड का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। प्रातः 10:30 बजे पुलिस आयुक्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में रैलियों के माध्यम से नागरिकों को अग्नि सुरक्षा संबंधी उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. विपिन ताडा व पुलिस उपायुक्त लाइन्स शिवा सिंह भी मौजूद रहे।

## ट्रेनी आरक्षी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

**कानपुर।** दिनांक 13 अप्रैल 2026 को एक युवती द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें कानपुर नगर में ट्रेनिंग कर रहे रिक्रूट आरक्षी योगेंद्र सिंह पर शादी का झांसा देकर एवं नौकरी दिलाने के नाम पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस उपायुक्त लाइन शिवा सिंह ने बताया कि प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर सुसंगत धाराओं में स्नद्धक्र पंजीकृत कर ली गई है तथा प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## अंबेडकर जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई



**सिद्धार्थनगर /** बिस्कोहार क्षेत्र के ग्राम पंचायत नावडीह में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा साहेब की झांकी निकाल कर पूरे नगर का भ्रमण कराया गया, इस दौरान बाबा साहेब का नारा लगाते हुए उनके कार्य शैली का उद्बोधन करते हुए गरीबों के मसीहा से जाने जाते है गांव में झांकी का भ्रमण कराते हुए सिंगारजोत के लिए निकला । जिसमें गांव की माता, बहनें,बच्चे और बूढ़े, नौजवान ट्रैक्टर ट्राली, दो पहिया वाहन सभी लोगों ने नगर व क्षेत्र भ्रमण करने के लिए सिकंदरपुर, दखिनहवा सिंगारजोत होते हुए पुनः नावडीह गांव वापस आए ।जिसमें ग्राम वासियों के तरफ से शाम को बड़े हर्ष उल्लास के साथ बाबा साहेब के जन्म दिन पर केक काट कर जन्म दिन मनाया गया। इस मौके पर झीन सोनी, संतराम गौतम, कोषाध्यक्ष, नानमुनु गौतम, संतोष गौतम अध्यक्ष,गोकरण गौतम, कनिक राम गौतम, गोली गौतम,खदेरू गौतम , चिंकू चौधरी, आकाश गुप्ता, भगवत गौतम, परशुराम गौतम, चंद्रभान गौतम, लल्लू गौतम, पूजा गौतम, बहाऊ गौतम, सुग्रीव गौतम, रामफेर गौतम, बुध सागर गौतम, घिराऊ गौतम, नन्द किशोर, राम अच्छैबर चौधरी,अवधेश कुमार, इजहार, मिठ्ठू प्रजापति, दीपक कुमार गौतम रंजीत कुमार, राकेश कुमार, चेतराम गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

## गालीगलौज को लेकर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों द्वारा गालीगलौज को लेकर आरक्षी की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। लालगंज कोतवाली के आरक्षी विवेक यादव ने दी गई तहरीर में कहा है कि धारूपुर में दो पक्षों द्वारा जमीन विवाद को लेकर गालीगलौज की गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक पक्ष के राम नरेश प्रजापति व दिलीप प्रजापति पुत्रगण छेदी व दूसरे पक्ष के उमेशचंद्र प्रजापति व सुरेशचंद्र प्रजापति पुत्रगण रामआसरे के खिलाफ गालीगलौज को लेकर केस दर्ज किया है।

# सावधान एटीएम से पैसे निकालने जा रहे हैं तो सतर्क रहें, आपके साथ भी हो सकता है फ्राड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्रांतर्गत एटीएम मशीन की प्लेट में सैलो टेप लगाकर लोगों के रुपए हड़पने वाले एक व्यक्ति को एक एटीएम यूजर्स ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। प्राप्त समाचार के अनुसार आज शिकायतकर्ता अमित कुमार ने थाना आकर सूचना दी कि आज वह इंडियन बैंक ATM पनकी रोड, कल्यानपुर से पैसे निकालने के लिए ATMका उपयोग किया। प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत खाते से पैसे कटने का मैसेज मोबाइल पर प्राप्त हुआ लेकिन ATM ट्रे से कोई भी पैसा बाहर नहीं निकला, उसने बताया कि इस प्रकार की घटना मेरे साथ



इसी ATM में पूर्व में भी हो चुकी थी तो आज शक होने पर बाहर खड़े होकर इंतार किया तो एक लड़का ATM के अंदर गया और इधर-उधर देखकर ATM की ट्रे से पत्ती को चाकू की मदद से हटाकर रुपये निकाल लिए। इसके उपरांत मैंने उसे ATM के बाहर पकड़कर ATM के अंदर ले गया जिस पर वह भागने लगा तो हम लोगों द्वारा पकड़ लिया गया और थाने लाए हैं। सूचना पर पुलिस ने अभियुक्त सुधीर कुमार उमरी रेरी थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 22 वर्ष को हिरासत पुलिस में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त द्वारा बैंक की ATM की ट्रे में मौका पाकर सेलो टेप लगा कर ATMके बाहर बैठ जाता था, जब भी कोई ग्राहक ATMसे पैसे निकालता था तो टेप की बजह से ट्रे नहीं खुलती थी। जिससे पैसा ट्रे में ही फंस जाता था। ग्राहक परेशान होकर जब चला जाता था तो मौका पाकर अभियुक्त ATM के अन्दर आकर छोटे से चाकू की मदद से टेप को काटकर ट्रे को उठाकर पैसे निकाल लेता था।

# डीएम, एसपी व जनप्रतिनिधियों ने अम्बेडकर चौराहा पर स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जनपद के अम्बेडकर चौराहा पर स्थापित बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने अम्बेडकर चौराहे पर डा0 अम्बेडकर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये। डीएम ने डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती पर लोगों को बधाई दी और बताया कि अम्बेडकर न केवल संविधान के निर्माता थे बल्कि एक महान अर्थशास्त्री, शिक्षाविद, कानूनविद, लेखक और दूरदर्शी राजनीतिज्ञ भी थे। बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर के विचार, उनके आदर्श और उनका व्यक्तित्व हम सबके लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होने कहा कि



सरकारी कर्मचारियों के हितों के लिए सबसे महत्वपूर्ण और प्रारंभिक कार्य बाबा साहब ने ही किए थे। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के समय जब अधिकांश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरकार के विरोध में संघर्ष कर रहे थे, उस समय सरकारी कर्मचारियों के अधिकारों और हितों के बारे में सोचने वाला कोई नहीं था। उस दौर में सरकारी कर्मचारी ब्रिटिश सरकार का ही हिस्सा माने जाते थे, लेकिन बाबा साहब ने उनके अधिकारों की रक्षा और सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। जिलाधिकारी ने बताया कि बाबा साहब के प्रयासों और सिफारिशों के आधार पर कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की शुरुआत हुई, जिनमें हाइड्रोइलेक्ट्रिक डैम जैसी परियोजनाएं भी शामिल हैं। यह उनके दूरदर्शी सोच और विकासात्मक दृष्टिकोण का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन देश सेवा को समर्पित रहा और उन्हें सही मायनों में जानने के लिए उनके विचारों को पढ़ना आवश्यक है। मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा और लगन के बल पर व्यक्ति न केवल स्वयं आगे बढ़ सकता है, बल्कि समाज को भी आगे बढ़ाने में योगदान दे सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहेब की निष्ठा और प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि देश का संविधान आज भी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था, एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाए हुए है तथा नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और मौलिक अधिकार प्रदान करता है। इस अवसर पर डा0 अम्बेडकर सेवा समिति की अध्यक्ष सुशीला कश्यप व अन्य समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एम्बुलेंस चालक के साथ मारपीट व धमकी

**पांच नामजद समेत अज्ञात पर केस दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक एम्बुलेंस चालक के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच नामजद सहित एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नई बस्ती निवासी धर्मेन्द्र, जो पेशे से एम्बुलेंस चालक हैं, ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि मोहल्ला पनारी निवासी शाकिर सहित अन्य आरोपी आए दिन उसके साथ बिना किसी बात के गाली-गलौज करते थे। आरोप है कि 11 अप्रैल को जिला अस्पताल परिसर में बैठे दौरान शाकिर, अभिषेक व एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि 12 अप्रैल को दो महिलाओं के माध्यम से उस पर राजीनामा करने का दबाव बनाया गया। मना करने पर उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और बदनाम करने की धमकी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर उत्पीडन् करने की भी बात कही गई है।

# दिव्यांगजनों के लिए 16 अप्रैल से विशेष चिन्हांकन अभियान शुरू-जिलाधिकारी

**●प्रत्येक विकास खंड में लगेगा चिन्हांकन शिविर, दिव्यांगजनों को मिलेगा लाभ-जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि जनपद के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के उपकरणों से लाभान्वित करने हेतु 16अप्रैल से विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत विकास खंड परिसरों में निर्धारित तिथियों पर प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक चिन्हांकन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में पात्र दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, बैसाखी, कान की मशीन, व्हीलचेयर, एमआर किट, ब्रेल किट, एडीएल किट, स्मार्टफोन, टैबलेट सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।विभिन्न विकास खंडों में शिविरों का आयोजन अलग-अलग तिथियों पर किया जाएगा, जिसमें आसपुर देवसरा में 16 अप्रैल, पट्टी में 17 अप्रैल, बाबा बेलखरनाथधाम में 20 अप्रैल, मंगरौरा में 21 अप्रैल, गौरा में 22 अप्रैल, शिवगढ़ में 23 अप्रैल, मानधाता में 24 अप्रैल, सदर में 25 अप्रैल, सण्ड़वा चन्द्रिका में 27 अप्रैल, लक्ष्मणपुर में 28 अप्रैल, लालगंज में 29 अप्रैल, सांगीपुर में 30 अप्रैल, रामपुर संग्रामगढ़ में 04 मई, कालाकांकर में 05 मई, बाबागंज में 06 मई, कुण्डा में 07 मई तथा बिहार में 08 मई को शिविर आयोजित किए जाएंगे।ऐसे दिव्यांगजन जिनके प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड नहीं बने हैं, उनके प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाने की कार्यवाही भी शिविरों में की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि शिविर में पंजीकरण हेतु दिव्यांगजन को आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड की छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना आवश्यक होगा।

# कानपुर की एसएएफ ने रचा रिकॉर्ड, जम्मू-कश्मीर पुलिस को पिस्टल व मैग गन की आपूर्ति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर स्थित लघु शस्त्र निर्माणी (एसएएफ) ने उत्पादन और आपूर्ति के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वित्त वर्ष 2025-26 में निर्माणी ने 327 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड उत्पादन किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 25 प्रतिशत अधिक है। इसी क्रम में एसएएफ द्वारा निर्मित 9म19 एमएम पिस्टल की पहली खेप जम्मू-कश्मीर पुलिस को भेज दी गई है। इसके अलावा 7.62 एमएम कैलिबर की मैग (बेल्ट फेड) मशीन गन की आपूर्ति जबलपुर स्थित सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो (सीओडी) को की गई है। अधिकारियों के अनुसार, निर्माणी के पास वर्ष



2027-28 तक के लिए लगभग 900 करोड़ रुपये की ऑर्डर बुक है, जिसमें 2025-26 में ही 325 करोड़ रुपये से अधिक के नए ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। लगातार तीसरे वर्ष उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे निर्माणी की कार्यक्षमता और मांग दोनों में इजाफा हुआ है।

**पिस्टल की प्रमुख विशेषताएं**

यह 9म19 एमएम पिस्टल अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। इसकी मारक क्षमता लगभग 100 मीटर है और यह सिंगल शॉट व ऑटो मोड दोनों में काम करती है। इसका वजन 2.38 किलोग्राम से कम है। मैगजीन में 30 राउंड की क्षमता है और फायरिंग दर करीब 800 राउंड प्रति मिनट है। यह हथियार माइनस 20 से 45 डिग्री तापमान में भी प्रभावी ढंग से कार्य कर सकता है। एसएएफ के महाप्रबंधक सुरेंद्रपति के अनुसार, इस पिस्टल की मांग असम राइफल्स, छत्तीसगढ़ पुलिस, चंडीगढ़ पुलिस समेत कई अन्य सुरक्षा बलों द्वारा भी की गई है। इस उपलब्धि से कानपुर की औद्योगिक पहचान को मजबूती मिली है और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में शहर की भूमिका और भी सशक्त होती नजर आ रही है।

# अस्पृश्यता राष्ट्रीय एकता के लिए गंभीर खतरा-प्रो0 ओझा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती समारोहपूर्वक मनाई गयी। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्धक एवं प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा द्वारा डॉ0 अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रो0 ओझा ने कहा कि अस्पृश्यता राष्ट्रीय एकता के लिए गंभीर खतरा है। उन्होने सामाजिक समरसता एवं दलितों के उद्धार को लेकर डॉ0 अम्बेडकर के योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 अमित सिंह व संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। प्रारम्भ मे प्रो0 अनिल सिंह ने डॉ0 अम्बेडकर के विचार एवं दर्शन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ0 आशुतोष शुक्ला, डॉ0 ओपी द्विवेदी, डॉ0 प्रकाश सिंह, डॉ0 धर्मेन्द्र बहादुर सिंह, डॉ0 रविकांत कौशल, राजेश सिंह, संतोष प्रजापति, डॉ0 सीमा सिंह,




डॉ0 अनीता द्विवेदी, डॉ0 सुरभि सिंह, निवेदिता, मनोज तिवारी आदि रहे।

## पति पर मारपीट व धमकी का आरोप

**पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा बिरधा निवासी दीपिका गौतम, जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत हैं, ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनकी शादी करीब 12 वर्ष पूर्व रविंद्र अहिरवार निवासी झांसी के साथ हुई थी। आरोप है कि 11 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे पति घर आया और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने लात-घूंसों से मारपीट कर दी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। पीड़िता के अनुसार शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव किया, लेकिन आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। महिला ने बताया कि वह पति की प्रताड़ना से काफी परेशान है और उसे किसी बड़ी घटना का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने आरोपी रविंद्र अहिरवार के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलना सच्ची श्रद्धांजलि : डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर नमन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के महान विचारक, विधिवेत्ता और समाज सुधारक थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान ने देश को लोकतांत्रिक व्यवस्था, समानता और न्याय की मजबूत आधारशिला प्रदान की है। जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम माना। अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर उन्होंने समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका जीवन समानता, न्याय और शिक्षा के महत्व का संदेश देता है।



उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने दायित्वों का निर्वहन करते समय पारदर्शिता, संवेदनशीलता और सेवा भाव को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आमजन, विशेषकर गरीब और जरूरतमंद लोगों के साथ सम्मान और सहानुभूति का व्यवहार करना ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति, अपर जिलाधिकारी नगर, समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट तथा कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनपद में हर्षोल्लास व धूम-धाम से मनायी गयी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**●दृढ़ इच्छाशक्ति से कुछ भी असंभव नहीं, डा0 भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को अपनायें-जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जनपद में मंगलवार को भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती को हर्षोल्लास व धूम-धाम से बनाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी, उप जिलाधिकारी सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों ने भी डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने



का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में ऐसे महापुरुष हुए हैं जिनके नाम पर संपूर्ण विचारधारा और जीवन दर्शन विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचारों को 'गांधीवाद' तथा डॉ. अम्बेडकर के सिद्धांतों को 'अम्बेडकरवाद' के रूप में जाना जाता है, जो न केवल देश बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हुए हैं। जिलाधिकारी ने डॉ. अम्बेडकर के समानता के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जन्म से समान है और उसे समान अधिकार प्राप्त है। उन्होंने आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के विचारों को अपने जीवन में अपनाएं। खासकर शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने बच्चों को उनके सिद्धांतों से अवगत कराएं। उन्होने कहा कि यदि हम बाबा साहेब के सिद्धांतों और मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर लें तो न केवल व्यक्तिगत जीवन में सुधार होगा बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन संभव है। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मनुष्य की दृढ़ इच्छाशक्ति उसे किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम बनाती है और यदि व्यक्ति ठान ले तो उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी, उपजिलाधिकारी सीमा भारती, तनवीर अहमद सहित अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगण व अन्य सम्बन्धित लोग उपस्थित रहे। इसी प्रकार डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर समस्त विकास खण्डों, तहसीलों, नगर पंचायतों के कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, शिक्षण संस्थानों तथा जनपद के विभिन्न स्थलों जहां पर डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित है वहां पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये एवं अम्बेडकर जयन्ती धूम-धाम से मनाया गया।

## अंबेडकर जयंती पर सपा द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के नेतृत्व में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती पर सपा महानगर के पदाधिकारियों 78 सेक्टरो के प्रभारियों के साथ प्रातः 09:30 बजे से निराला नगर, परमपुरवा, गगां नगर, पीएसी मोड, बाकरगंज, नया पुरवा, सपा कार्यालय, गुजैनी, विजय नगर, काकादेव रात्री 08:30 तक कार्यक्रम निरन्तर चले। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया सर्वप्रथम सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्या अर्पण कर नमन किया और संबोधित करते हुए कहा कि 274 सदस्यों ने 2 साल 11 महीने 18 दिन में 167 बैठके कर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने दुनिया के सबसे बड़े संविधान की संरचना की जो हस्त लिपि में पहले लिखा गया आज संविधान की वजह से समाज के आखिरी पावदान पर खड़े व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं हो पा रहा है और संविधान की बदौलत अनुसूचित पिछड़ों के हितों की रक्षा रक्षा उनके अधिकारों की सुरक्षा का जो



निति निर्देशक किये.उसे समाज में आज एक मिसाल कायम की गई है जिसे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव ने पूरे प्रदेश में पीडीए अभियान चलाकर संविधान की रक्षा तथा लोकतंत्र की मजबूती के लिए अभियान चलाकर युवा पीढ़ी तथा आम जनता का दिल जीता है जो 2027 में चमत्कार होगा

सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि आज सपा पीडीए मिशन ने प्रत्येक विधानसभा में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का जन्मदिन पर सबको भाव भीनी बधाई के साथ समानता सद्भाव को मजबूत करने का संदेश दिया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला,महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर आदि मौजूद रहे।

## प्लॉट कब्जे को लेकर विवाद

**मारपीट व 10 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप**

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र में प्लॉट कब्जे को लेकर हुए विवाद में मारपीट, तोड़फ़ोड़ और 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा महरौनी निवासी आलोक कुमार जैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 फरवरी की सुबह वह अपने परिजनों के साथ मड़ावरा रोड स्थित अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य कराने पहुंचे थे। इसी दौरान गांव कुआघोषी निवासी बहादुर सिंह, यशवंत सिंह सहित अन्य आरोपी लाठी-डंडे व हथियार लेकर मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवा दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और 10 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट की, प्लॉट के गेट तोड़ दिए तथा वहां रखा सामान भी उठा ले गए। इतना ही नहीं, दीवार पर अपना नाम और मोबाइल नंबर लिखकर कब्जा करने का प्रयास किया। पीड़ित ने बताया कि सूचना देने के बावजूद पहले कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और किसी बड़ी घटना की आशंका बनी हुई है।

## डॉ अंबेडकर ने संविधान में लोकतंत्र का जनता को सौंपा सर्वशक्ति सम्पन्न अधिकार- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सलेम भदारी वार्ड में स्थित अम्बेडकर पार्क में मंगलवार को राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने बोधिसत्व संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिन समारोह को सौगातों के जरिए यादगार बनाया। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा ने पार्क में शासन द्वारा स्वीकृत दो करोड़ छियासी लाख की लागत से डॉ0 अम्बेडकर स्मृति उत्सव भवन की समारोहपूर्वक आधारशिला रखी। वहीं सांसद प्रमोद व विधायक मोना ने डॉ0 अम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यीकरण के लिए नगर पंचायत कार्यदायी संस्था की ओर से सैंतीस लाख छत्तीस हजार की धनराशि की भी मंजूरी की सौगात भेंट की। सांसद प्रमोद तिवारी द्वारा सांसद निधि एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा विधायक निधि से पार्क के साज-सज्जा हेतु पांच-पांच लाख रूपये की भी घोषणा की।विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अपनी ओर से पार्क में जनसुविधा के लिए वॉटर कूलर की भी सौगात दी। नगर पंचायत के सलेम भदारी वार्ड में भी विभिन्न योजनाओं के लिए सात करोड़ पन्चान्वें लाख की सौगात अम्बेडकर जयन्ती पर पाकर



पार्क में मौजूद हजारों लोगों के चेहरे खिल उठे दिखे। अम्बेडकर जनकल्याण सेवा समिति द्वारा आयोजित जयन्ती समारोह का शुभारंभ विधायक मोना तथा राज्यसभा सासंद प्रमोद तिवारी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर संयुक्त रूप से माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि संविधान की संरचना में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने लोकतंत्र में जनता को मताधिकार की बराबरी का सर्वशक्ति सम्पन्न अधिकार सौंपा। उन्होने कहा कि देश जयन्ती पर दृढ़ प्रतिज्ञ है कि वह बाबा साहब के निर्मित संविधान के मूल ढ़ांचे में किसी को भी परिवर्तन का दुस्साहस नहीं करने देगा। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग समय समय पर संविधान की आत्मा पर चोट पहुंचाने का हर प्रयास किया करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान की शक्ति में हमारा सामाजिक सद्भाव मजबूत बना हुआ है। विधायक मोना ने कहा कि डॉ0 अम्बेडकर की विचारधारा को आगे बढ़ाये रखने के लिए कुरीतियों तथा भेदभाव को समाप्त करने में एकजुटता समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संचालन सह संयोजक दीपू सरोज व अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया।स्वागत भाषण सभासद जावेद खान व आभार प्रदर्शन रामकृपाल पासी ने किया। कार्यक्रम में प्रमोद सरोज, अर्चना सरोज, धर्मपाल गौतम, रघुनाथ सरोज, हरिश्चंद्र सरोज, रामलखन जायसवाल ने भी डॉ0 अम्बेडकर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी एवं सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर पूर्व अपर जिला जज श्यामलाल, विजय सरोज, संजय सरोज, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, जीतलाल गौतम, सोनू पासी, संदीप पाल, परशुराम सरोज, संतराम सरोज, रामकिशुन सरोज, केडी मिश्र, गीता सिंह, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, लालजी यादव, दूगपाल यादव, विकास मिश्र, महेन्द्र सिंह, दारा सिंह, पन्नेलाल पाल, आशीष कौशल, अजय शुक्ल गुडडू, मुरलीधर तिवारी, पप्पू तिवारी आदि रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## डॉ. अंबेडकर के विचारों को अपनाकर ही समाज में वास्तविक समरसता स्थापित की जा सकती है : विधायक विनय वर्मा

**सिद्धार्थनगर /** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 14 अप्रैल को 135वीं अंबेडकर जयंती के अवसर पर गणेशपुर चौराहे पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि पूजन विधायक विनय वर्मा ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक विनय वर्मा ने कहा कि वह एक सामान्य परिवार से आते हैं और जनता के सहयोग से इस पद तक पहुंचे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाते रहेंगे। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के प्रतीक हैं। उनका जीवन वंचित और कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए समर्पित रहा। विधायक ने कहा कि उनके विचारों को अपनाकर ही समाज में वास्तविक समरसता स्थापित की जा सकती है। इस अवसर पर विधायक ने घोषणा की कि गणेशपुर चौराहे को 'डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक' के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां प्रतिमा के साथ सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएगी। विधायक के प्रयास केवल यहीं तक सीमित नहीं हैं। इससे पहले उन्होंने चिल्हिया क्षेत्र में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा निर्माण के लिए भी भूमि पूजन कराया था, जो युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बन रहा है।

## टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट में 10 लाखवीं कमर्शियल गाड़ी को हरी झंडी दिखाएंगे सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की औद्योगिक प्रगति में बुधवार को एक ऐतिहासिक पड़ाव जुड़ने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ स्थित टाटा मोटर्स के प्लांट में निर्मित 10 लाखवीं कमर्शियल गाड़ी को हरी झंडी दिखाएंगे। इस ऐतिहासिक क्षण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अतिरिक्त टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन और डिप्टी सीएम बृजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे। यह उपलब्धि न केवल कंपनी के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य के लिए गर्व का विषय होगी। यह माइलस्टोन वाहन एक जीरो-एमिशन इलेक्ट्रिक बस है, जो राज्य और कंपनी की ग्रीन मोबिलिटी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश की नेट-जीरो 2070 की परिकल्पना और कंपनी के 2045 के लक्ष्य के अनुरूप है। यह प्रदेश की स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का है, जिसमें औद्योगिक निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार सृजन अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में यह उपलब्धि प्रदेश के औद्योगिक आत्मविश्वास को और मजबूत करेगी तथा निवेशकों के लिए सकारात्मक संदेश देगी। करीब तीन दशकों से अधिक समय से संचालित यह प्लांट प्रदेश में औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और कौशल विकास का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। 1992 में स्थापित लखनऊ प्लांट आज प्रदेश में 8 हजार से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है और कौशल विकास के लिए 'कौशल्या', 'लक्ष्य' और 'सक्षम' जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित करता है। साथ ही, यह 100% नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित और जल-सकारात्मक सुविधा के रूप में पर्यावरण संरक्षण का भी उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## भाजपा सरकार में सब हैं दुखी और आक्रोशित', अखिलेश ने नोएडा में मेड के प्रदर्शन पर भी सरकार को घेरा



**लखनऊ।** सोमवार को श्रमिकों के आंदोलन के बाद मंगलवार को मेड (घरों में काम करने वाली महिलाओं) के प्रदर्शन को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, 'व्यापारी, श्रमिक, मेड, मध्यवर्ग और आदिवासी... भाजपा सरकार में सब दुखी और आक्रोशित हैं।' एक अन्य पोस्ट में सपा प्रमुख ने लिखा, फैक्ट्रियों के श्रमिकों के बाद घरों में काम करने वाली मेड भी अब सड़कों पर उतर आई हैं। ये मेड हों या मध्य वर्ग के वो अधिकांश परिवार, जिनके घरों में ये काम करती हैं, दोनों ही भाजपा सरकार की गलत नीतियों की वजह से बढ़ रही महंगाई के कारण प्रताड़ित हैं। दोनों को एक-दूसरे की जरूरत है, इसीलिए सालों-साल से ये नौबत पहले कभी नहीं आई। उन्होंने समझौते की अपील करते हुए आगे लिखा कि आशा है दोनों पक्ष एक-दूसरे की मजबूरी और जरूरतों को महसूस कर आपस में समायोजन-समझौता कर सौहार्दपूर्ण रिश्ते फिर से बना लेंगे, क्योंकि भाजपा सरकार तो महंगाई बढ़ाने के सिवा और कुछ करेगी नहीं।

# 543 से बढ़ाकर 850 होगी लोकसभा की सीटें, 2029 से लागू होगा महिला आरक्षण; सरकार ने संसद को भेजा प्रस्ताव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू करने के लिए लोकसभा में सीटों की वर्तमान 543 की संख्या को बढ़ाकर 850 करने संबंधी 131वें संविधान संशोधन विधेयक के साथ ही 2011 की जनसंख्या के आधार पर लोकसभा सीटों के परिसीमन संबंधी प्रस्तावित विधेयक से पर्दा हटा दिया है। इसके अनुसार लोकसभा की प्रस्तावित 850 सीटों में से 815 सीटें राज्यों से होंगी जिनका सीधे चुनाव होगा। केंद्र शासित प्रदेशों के लिए लोकसभा में 35 सीटें होंगी मगर विधेयक में इनके सीधे निर्वाचन का जिक्र नहीं करते हुए इस बारे में निर्णय संसद पर छोड़ा गया है।

**131वें संविधान संशोधन में क्या है?**

विधेयक में साफ कहा गया है कि संसद जो भी नियम बनाएगी केंद्र शासित प्रदेशों की लोकसभा सीटों के सदस्यों का चयन उसी आधार पर होगा। 16-18 अप्रैल तक बुलाए गए संसद के तीन दिन के विशेष सत्र से पूर्व इन दोनों विधेयकों की प्रतियां सांसदों को भेज दी गई हैं। हालांकि पांच राज्यों के चुनाव के बीच महिला आरक्षण के सरकार के दांव पर पहले ही सवाल उठा चुके विपक्ष के विधेयक पर प्रारंभिक प्रतिक्रियाओं से साफ है कि 2011 की जनसंख्या को परिसीमन का आधार बनाने के मुद्दे पर पक्ष तथा विपक्ष के बीच टकराव तय है।

**2029 से लागू होगा महिला आरक्षण**

संसद तथा राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण की व्यवस्था वर्ष 2029 के चुनाव से लागू करने के लिए सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 तथा परिसीमन कानून में संशोधन का यह प्रस्ताव किया है। सितंबर 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम में महिला आरक्षण की व्यवस्था 2034 से लागू करने का प्रविधान है, लेकिन सरकार अब इसे लोकसभा के अगले आम चुनाव से लागू करना चाहती है। लोकसभा के सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करते हुए महिला आरक्षण को लागू करने के लिए सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 81 तथा परिसीमन 2011 की जनसंख्या के आधार पर कराने के लिए अनुच्छे 82 में संशोधन का प्रस्ताव किया है। वर्तमान कानून के अनुसार 2021 की जनगणना के बाद लोकसभा की सीटों के परिसीमन का प्रविधान है।चूंकि 2021 की जनगणना में विलंब हुआ है और यह 2027 में होगी। इसीलिए सरकार ने पिछली जनगणना के आंकड़े को आधार बनाने का निर्णय लिया है।

**विपक्ष का समर्थन**

कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल महिला आरक्षण का समर्थन कर रहे हैं मगर 2011 की जनसंख्या को परिसीमन का आधार बनाने के प्रस्ताव से सहमत नहीं है।विपक्षी दलों का साफ कहना है कि विधेयक के प्रस्तावों से साफ है कि केवल जनसंख्या को आधार बनाने से उन राज्यों को भारी राजनीतिक नुकसन होगा जिन्होंने शैक्षणिक तथा विकास मानकों पर अच्छे प्रदर्शन के साथ जनसंख्या नियंत्रण के लिए बेहतर कदम उठाए हैं। इसमें विशेषकर दक्षिण के राज्यों की राजनीतिक ताकत उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों की तुलना में घटेगी। द्रमुक नेता तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विधेयक का पारूप सामने आने के दिन ही दो टूक विरोध का एलान करते हुए कहा कि केवल जनसंख्या को लोकसभा सीटें तय करने को प्रस्ताव को वे कतई स्वीकार नहीं करेंगे और राज्य के लोग इसके खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे। वहीं सरकार ने तर्क दिया है कि अगली जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन के काम में काफी समय लगेगा। ऐसे में लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की प्रभावी और समर्पित भागीदारी में देरी होगी। इसलिए, प्रस्तावित बिल का उद्देश्य लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं के लिए एक तिहाई यानि 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करना है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण भी शामिल है।

## श्रीभूमि जिले के दूल्लभछड़ा में भीषण आग, जॉय चौधरी का घर जलकर खाक; फायर स्टेशन की मांग तेज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि-** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के दूल्लभछड़ा इलाके में हॉस्पिटल रोड पर सोमवार शाम लगभग 6:00 बजे एक भीषण आग लगने की घटना सामने आई, जिसमें स्थानीय निवासी जॉय चौधरी का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना के समय जॉय चौधरी अपनी मां के इलाज के लिए शिलचर वैली अस्पताल गए हुए थे, जिसके कारण घर बंद था। लगभग शाम 6 बजे आसपास के लोगों ने घर से धुआं और आग की लपटें देखीं, जिसके बाद तुरंत इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलने के कारण घर को बचाया नहीं जा सका। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट या गैस सिलेंडर से संबंधित लीकेज माना जा रहा है, हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने एक बार फिर दूल्लभछड़ा में अग्निशमन केंद्र (फायर स्टेशन) स्थापित करने की पुरानी मांग को दोहराया। उनका कहना है कि यदि क्षेत्र में फायर स्टेशन मौजूद होता, तो नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता था। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि अनिपुर क्षेत्र में पुल न होने के कारण रामकृष्णनगर से विद्यानगर होकर पहुंचने में देरी हुई, जिससे राहत कार्य प्रभावित हुआ। प्रभावित परिवार के लिए तत्काल राहत और मुआवजे की मांग की जा रही है। साथ ही क्षेत्र में स्थायी अग्निशमन सुविधा स्थापित करने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और लोग भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

## बर्डपुर में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर /** नगर पंचायत कपिलवस्तु क्षेत्र में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसमाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह 10 बजे रविदास मन्दिर से प्रभात फेरी चैनपुर चौराहा होते हुए बर्डपुर बाजार होते हुए रविदास मंदिर पर समाप्त हुई। उपस्थित लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया। इस दौरान बौद्ध रीति-रिवाजों के तहत दीप प्रज्वलन और बौद्ध ध्वज फहराकर उन्हें सम्मान दिया गया। परिसर को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट से उत्सवमय बनाया गया था। इसके बाद आयोजित सभा में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके सामाजिक सुधारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने और समानता स्थापित करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने सभी से उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गई। कलाकारों ने गीत प्रस्तुत कर माहौल को प्रेरणादायक बनाया। उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान पूर्व प्रधानाचार्य प्रकाश चंद पटेल, सावल प्रसाद शिवकरन, सपा नेता घनश्याम जायसवाल,सोनू गोस्वामी, सपा नेत्री सुनीता गोस्वामी, सभासद प्रतिनिधि अमरजीत राव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाई डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, मंगलवार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा नैनी क्षेत्र में सरगम पुलिस चौकी के पास डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।जयंती समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं को स्वल्पाहार एवं रसपान भी वितरित किया गया।इस आयोजन का नेतृत्व कांग्रेस नेत्री अंजुम नाज एवं नबाब खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नयन कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, विनोद जैकब, राजकुमार कुशवाहा, मुन्ना जाफरी, वीरेंद्र यादव, राजकुमार भारतीय, रघुनाथ पासी, एस. के. मौर्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

**अंबेडकर जयंती पर महाविद्यालय में हुआ प्रेरक आयोजन**

हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयुक्त शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश प्रो. शशि कपूर के निर्देशन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश द्वारा डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और सिद्धांतों का अध्ययन कर उनका अनुकरण करना चाहिए।उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि ऐसे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर डॉ. अवधेश कुमार आर्य ने एनसीईआरटी की पुस्तकों के आधार पर तैयार एक संकलित ऑडियो क्लिप के माध्यम से डॉ.अंबेडकर के जीवन और कार्यों पर प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक और कपोलकल्पित जानकारियों से बचते हुए विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों के आधार पर ही महापुरुषों के जीवन को समझना चाहिए, तभी वे सच्चे अर्थों में जागरूक नागरिक बन सकेंगे।कार्यक्रम का संचालन प्रो. महेंद्र प्रसाद ने किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि डॉ. अंबेडकर ने महिला सशक्तिकरण के लिए भी महत्वपूर्ण और संघर्षपूर्ण कार्य किए, जिनसे समाज के हर वर्ग को लाभ मिला है।इस अवसर पर प्रो. सविता कुमारी श्रीवास्तव, प्रो. भास्कर शुक्ल, डॉ. हेमलता, डॉ. जयराम त्रिपाठी, डॉ. मीनाक्षी राठौर, डॉ. भावना सिंह, डॉ. प्रिया तिवारी, डॉ. रफत अनीश सहित महाविद्यालय के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में प्रो. सविता कुमारी श्रीवास्तव ने डॉ. अंबेडकर के उच्च विचारों का उल्लेख करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।






**हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती**

सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र, नैनी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र द्वारा डॉ.अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा शिवांशी मिश्रा, लक्ष्मी तिवारी, नियति पटेल तथा छात्र शिवांश ने अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष एवं उनके महान योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षा, समानता और अधिकारों के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे।कार्यक्रम में शिक्षक सतीश कुमार शुक्ल एवं प्रेम प्रकाश सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।अंत में प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद एवं बधाई देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं।

## सिद्धार्थनगर में हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से टुकड़े-टुकड़े हुआ युवक का शरीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर /** गोरखपुर-गोंडा रेल खंड स्थित बढ़नी रेलवे स्टेशन के पश्चिमी आउटर सिग्नल के पास सोमवार की रात्रि एक 22 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। ट्रेन के तेज रफ्तार होने के कारण शव कई हिस्सों में बंट गया था। पुलिस ने शव के टुकड़ों को एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार की रात्रि करीब साढ़े दस बजे गोरखपुर-गोंडा रेल खंड से हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन बढ़नी से गोंडा की तरफ बढ़ी थी। इसी बीच पश्चिमी आउटर सिग्नल के कल्लनडिहवा के पास ढेबरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत के बढ़नी नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 निवासी नरसिंह यादव का 22 वर्षीय पुत्र राहुल यादव ट्रेन की चपेट में आ गया और उसका शरीर कई टुकड़ों में कटकर अलग हो गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि शरीर के टुकड़े होकर अलग अलग बिखर गए। हाथ, पाँव, धड़ और शरीर के कई हिस्से सब अलग अलग हो गए। परिजनों ने बताया कि राहुल कस्बे के वार्ड नंबर 7 कल्लनडिहवा से वार्ड नंबर 3 लोहियानगर के टेलीफोन डिहवा स्थित अपने घर रेलवे लाइन पार करके आ रहा था कि तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया। उन्होंने आशंका व्यक्त किया कि संभवत राहुल कान में ईयरफोन लगाए हुए होगा। जिससे वह ट्रेन की आवाज नहीं




सुन पाया होगा और उसकी चपेट में आ गया। बेटे की मौत से माता-पीता सहित पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे आरपीएफ, बढ़नी के प्रभारी दिलीप यादव व चौकी प्रभारी बढ़नी वीरेंद्र यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव के टुकड़ों को एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

## पाटलिपुत्र को मिला नया 'सम्राट', 75 साल बाद राज्य में BJP का CM



बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर आज बड़ा दिन है। नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार प्रदेश में पहली बार बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार के लिए रास्ता बनाने बना दिया। इसी के साथ बीजेपी ने नए मुख्यमंत्री का चेहरा तय कर लिया है। सम्राट चौधरी भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए।

## पाकिस्तान में फिर होगी अमेरिका-ईरान की बातचीत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत के नाकाम होने के कुछ ही दिनों बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा कि 'बातचीत अगले दो दिनों में फिर से शुरू हो सकती है।' न्यूयॉर्क पोस्ट से बात करते हुए ट्रंप ने आज मंगलवार को इस बात की पुष्टि की कि बातचीत की जगह वही रहेगी, पाकिस्तान।

**इस्लामाबाद में फिर होगी S-Iran की बातचीत**

ट्रंप ने अमेरिका-ईरान के बीच अगली बैठक फिर एक बार पाकिस्तान में होने को लेकर कहा, 'इस बात की ज्यादा संभावना है कि हम वहीं वापस जाएंगे। हम किसी ऐसे देश में क्यों जाएं



जिसका इस मामले से कोई लेना-देना ही न हो।' ट्रंप ने आगे कहा, 'पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल, आसिम मुनीर शानदार हैं और बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं और इसी वजह से स और ईरान बातचीत के लिए फिर से इस्लामाबाद जाएंगे।' ट्रंप ने इससे पहले न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया था कि स, ईरान के साथ भविष्य में होने वाली किसी भी बातचीत के लिए पाकिस्तान वापस नहीं जाएगा, लेकिन बाद में उन्होंने उन्हें दोबारा फोन करके इस बारे में नई जानकारी दी।


## होर्मुज नाकेबंदी के बीच भारत जमकर खरीद रहा रूसी तेल, 5.3 अरब यूरो के पार पहुंचा नंबर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** मार्च में भारत का रूसी तेल आयात तीन गुना से ज्यादा बढ़कर 5.3 अरब यूरो हो गया। तेल कीमतों में उछाल और फरवरी के मुकाबले दोगुना तेल खरीदने के चलते आयात बिल बढ़ा। यूरोपीय थिंक टैंक 'सेंटर फार रिसर्च आन एनर्जी एंड क्लीन एयर' के मुताबिक फरवरी में खरीद में गिरावट के बाद मार्च में भारत फिर से बड़े पैमाने पर रूस से कच्चे तेल की खरीद करने लगा।

**भारत का रूसी तेल आयात 5.3 अरब यूरो**

रिपोर्ट में कहा गया, 'मार्च में भारत रूस के जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार था और इस दौरान उसने कुल 5.8 अरब यूरो के रूसी हाइड्रोकार्बन खरीदे। भारत की कुल खरीद में कच्चे तेल के उत्पादों का हिस्सा 91 प्रतिशत था और इनकी कीमत 5.3 अरब यूरो थी। बाकी मासिक आयात में कोयला (33.7 करोड़ यूरो) और तेल उत्पाद (17.85 करोड़ यूरो) शामिल थे।' फरवरी में, भारत तीसरा सबसे बड़ा आयातक था, जिसने 1.8 अरब यूरो के रूसी हाइड्रोकार्बन खरीदे थे। इसमें कच्चे तेल की हिस्सेदारी 81 प्रतिशत (1.4 अरब यूरो) थी। इसके बाद कोयला (22.3 करोड़ यूरो) और तेल उत्पाद (12.1 करोड़ यूरो)



थे। सीआरईए ने कहा, 'मार्च में भारत के कुल कच्चे तेल के आयात में चार प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, लेकिन इस दौरान रूस से आयात दोगुना हो गया।'

**रूसी तेल खरीद में 148% वृद्धि**

खरीद में यह उछाल तब आया जब अमेरिका ने रूसी तेल पर लगे प्रतिबंधों में एक महीने की छूट दी। मार्च में सबसे बड़ा बदलाव सरकारी रिफाइनरियों द्वारा रूस से किए गए आयात में देखने को मिला, जिसमें महीने-दर-महीने आधार पर 148 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई। सरकारी रिफाइनरियों का आयात मार्च 2025 की तुलना में 72 प्रतिशत ज्यादा था। मार्च में, चीन ने रूस के कुल कच्चे तेल के निर्यात का 51 प्रतिशत खरीदा, उसके बाद भारत (38 प्रतिशत), तुर्की (6 प्रतिशत) और यूरोपीय संघ (1.8 प्रतिशत) का स्थान रहा। फरवरी में चीन और तुर्की के बाद भारत रूसी तेल का तीसरा सबसे बड़ा खरीदार था। फरवरी में भी रूस भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर बना रहा और कुल आयात में रूसी तेल की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत थी।

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर आप ने यूपी के सभी जिलों में विचार गोष्ठी, माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का किया आयोजन

- **बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से देश के आखिरी व्यक्ति को भी अधिकार दिलाने का काम किया: अवधेश कुमार मौर्य**
- **संविधान की मूल भावना–समानता, न्याय और भाईचारा–आज सबसे ज्यादा खतरे में है: अवधेश कुमार मौर्य**
- **सामाजिक न्याय की अधूरी लड़ाई को पूरा करना ही बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है ': सर्वेश रावत**
- **दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज के हक पर डाका डालने वालों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा: अवधेश कुमार मौर्य**
- **भाजपा सरकार संविधान को कमजोर कर लोकतंत्र की जड़ों पर हमला कर रही है ': सर्वेश रावत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी द्वारा आज उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में व्यापक स्तर पर विचार गोष्ठी, माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में सीतापुर में आर एन चिल्ड्रेन एकेडमी में जिलाध्यक्ष अवधेश के नेतृत्व और पहला ब्लॉक में जिला महासचिव के नेतृत्व में आयोजित संविधान रैली कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया और बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने सदियों से शोषित, वंचित और पीड़ित समाज को संविधान के माध्यम से अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का संघर्ष केवल एक व्यक्ति का संघर्ष नहीं था, बल्कि पूरे समाज को बराबरी दिलाने का आंदोलन था, जिसे आज आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। जिला महासचिव सर्वेश कुमार रावत ने कहा कि आज देश में संविधान की मूल भावना–समानता, न्याय और भाईचारा–सबसे ज्यादा खतरे में है। लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों को योजनाबद्ध तरीके से खत्म करने की कोशिश हो रही है। यह स्थिति बेहद गंभीर है और इसके खिलाफ आवाज उठाना जरूरी है।

जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य ने कहा कि बाबा साहेब ने स्पष्ट रूप से चेताया था कि अगर सामाजिक और आर्थिक बराबरी नहीं आई, तो राजनीतिक लोकतंत्र भी कमजोर पड़ जाएगा। आज वही खतरा देश के सामने खड़ा है, जहां एक तरफ संविधान की बात की जाती है और दूसरी तरफ उसके मूल सिद्धांतों को ही कमजोर किया जा रहा है। यह दोहरी नीति देश के लोकतंत्र के लिए घातक साबित हो सकती है। जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई आज भी अधूरी है और जब तक दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज को उनका पूरा हक और सम्मान नहीं मिल जाता, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके सपनों का भारत बनाने के लिए पूरी मजबूती के साथ काम कर रही है।





उन्होंने भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार संविधान को कमजोर कर लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार कर रही है। जनता के अधिकारों को कुचला जा रहा है और संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिसे देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। जिलामहासचिव सर्वेश कुमार रावत ने सभी कार्यकर्ताओं और आमजन से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें और एक ऐसे भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं, जहां हर व्यक्ति को समान अधिकार, सम्मान और न्याय मिल सके। इस मौके पर सर्वेश कुमार रावत, उदित रावत, मयंक, तुषार, सुमित, राम विलास, मुलायम, आकाश, विकास, जितेंद्र गौतम, अमित, प्रकाश, राम प्रताप, राम विराज, जगदीश, राजा सिंह, मोलहेराम, गुड्डू, सुशील, सूरज, संतोष रावत, ललित सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।